* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 64

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की पत्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधुनिक भारत का राष्ट्रपिता बताया



विधानसभा शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन

नियोजन और 1932 खतियान पर हंगामा

- विपक्ष ने सदन के अंदर और बाहर जताया विरोध
- सदन से 8533 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पास

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन भी हंगामे के साथ शुरू हुआ। विपक्ष ने नियोजन नीति और 1932 खतियान को लेकर विरोध दर्ज कराया। भाजपा विधायकों ने विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले सदन के बाहर प्रदर्शन किया। इसके बाद सदन के अंदर भी विरोध जताते हुए शोर-शराबा और हंगामा किया।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने नयी नियोजन नीति बनाने, सरकार पर युवाओं को ठगने का आरोप लगाया। प्रश्नकाल को बाधित किया। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने विपक्ष को शांत कराया और फिर प्रश्नकाल को आगे बढ़ाया। विधायक सुदेश महतो ने झारखंड अंदोलनकारियों का मुद्दा उठाया। वहीं अमित मंडल ने सरकार की खतियानी जोहार यात्रा पर सवाल किये। विधायक भानुप्रताप शाही ने नियोजन नीति को लेकर सरकार पर हमला बोला। विधायक अनंत ओझा ने नियुक्तियों से संबंधित सवाल पूछे। भोजनावकाश के बाद सदन में अनुपूरक बजट के कटौती प्रस्ताव पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट भाजपा विधायकों ने सदन से वॉक आउट किया। इसके बाद 8533 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पारित कर दिया गया।

राज्य के नौजवान जो चाहेंगे, उसी रास्ते सरकार आगे बढ़ेगी: मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नियोजन नीति मामले पर सदन में मख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि 3 और 4 ग्रेड में शत प्रतिशत नौकरी मूलवासी, आदिवासी को मिले। अब पीछे मुड़ कर देखने से कुछ नहीं होगा। राज्य के सवा तीन करोड़ लोगों के प्रति हम लोग कमिटेड हैं। कई चीजें हो रही हैं, जो पहले नहीं हुईं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने झारखंड की जड़ में दीमक लगा दिया है। शिक्षक बहाली में पिछली सरकार में बाहरी लोग आ गये, जिन्हें न संस्कृति का ज्ञान था, ना भाषा का ज्ञान था, जाने वो क्या कर रहे होंगे। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का ध्यान था। वो बच्चे नौकरी के लिए रेल, आर्मी, बैंक की बहाली में शामिल होते हैं, मेरिट की बदौलत नौकरी पाते हैं। केंद्र ने क्या किया सभी ने देखा, मजबूरन बेरोजगारी का दबाव राज्य पर पड़ा। जो लोग नियोजन नीति के शिकायतकर्ता थे, वे बाहर के लोग थे। छात्र

धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जैसे ही खबर आयी कि नियोजन नीति रद्द हो गयी, उसी दिन से विचार विमर्श चल रहा है। कई बातें आ रही हैं। आज भी विधायकों का प्रतिनिधिमंडल मिला है। उन्हें आश्वस्त किया गया है। उनके भविष्य की हमें चिंता है। हर हाल में विधिसम्मत, संवैधानिक रूप से क्या बेहतर रास्ते हो सकते हैं, इस रास्ते पर सरकार आगे बढ़ेगी। इस राज्य के नौजवान जो चाहेंगे, उसी रास्ते सरकार आगे बढ़ेगी। बहुत जल्द निर्णय पर आयेंगे। फॉर्म भरने से लेकर उम्र सीमा पर बात होगी।

छात्रों ने नियोजन नीति को लेकर विस का किया घेराव

- सरकार को दिया अल्टीमेटम, 24 दिसंबर तक लें ठोस निर्णय, नहीं तो होगा आंदोलन
- विधायकों की टीम पहुंची आंदोलन कर रहे छात्रों को समझाने
- दिलाया भरोसा, कहा- सीएम तक पहुंचायी जायेगी उनकी बात

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हाइकोर्ट ने हेमंत सरकार की नियोजन नीति को रद्द कर दिया है। नियोजन नीति रद्द होने से विभिन्न विभागों में नियुक्ति के लिए निकाली गयी 13 हजार से ज्यादा वेकैंसी रद्द हो गयी। इसे लेकर छात्र गुस्से में हैं। अभी विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है। छात्र बुधवार को अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए विधानसभा का घेराव करने पहुंचे। हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं हाथों में तख्तियां और पोस्टर-बैनर लेकर रैली की शक्ल में विधानसभा की ओर चले, लेकिन इन्हें जगरनाथ मंदिर जाने वाले रास्ते के पास रोक दिया गया। यहां छात्रों ने सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। इस बीच विधायकों की एक टीम छात्रों को समझाने और वार्ता के लिए पहुंची। उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचायी जायेगी। रैली में शामिल युवाओं ने कहा कि सरकार जानबूझ कर ऐसी नियोजन नीति बनाती है, जो आगे जाकर कोर्ट से खारिज हो जाती है। सरकार की मंशा रोजगार देने की नहीं लगती। छात्र-छात्राओं की मांग थी कि हेमंत सरकार जल्द से जल्द ठोस नियोजन नीति लाकर रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करे, अन्यथा बड़ा आंदोलन होगा। आंदोलनरत छात्रों ने कहा कि 24 दिसंबर तक अगर सरकार नियोजन नीति को लेकर कोई ठोस फैसला नहीं लेती हैं तो राज्य भर में छात्र बड़ा आंदोलन करेंगे।

पांच विधायक पहुंचे छात्रों से मिलने:

छात्रों के हंगामे के बीच सीएम हेमंत सोरेन की तरफ से विधायकों की टीम को छात्रों के पास भेजा गया। टीम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक लंबोदर महतो, दीपिका पांडेय, सुदिव्य कुमार सोनू और विनोद सिंह शामिल थे। उन्होंने छात्रों से बात की और कहा कि सभी विधायक उनकी मांग से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि हर हाल में नियोजन मिलना चाहिए। इसके लिए उन्हें सड़क पर बैठने की जरूरत नहीं है, बल्कि पढ़ाई करने की जरूरत है। छात्रों ने विधायकों के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई का क्या फायदा, जब परीक्षा ही सरकार नहीं ले सकती है। करीब एक घंटे की बातचीत में विधायकों ने उनकी बात सरकार तक पहुंचाने की बात कही और कहा कि किसी भी हाल में यह मामला जल्द सुलझा लिया जायेगा।

चीन में कोरोना, देश में अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। चीन में कोरोना के बढ़ते मामले फिर डराने लगे हैं। इसे देखते हुए केंद्र सरकार अलर्ट पर है। देश में कोरोना की स्थिति पर बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया ने वरिष्ठ अधिकारियों और विशेषज्ञों के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ, पर भारत हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। हमने सभी संबंधित लोगों को अलर्ट रहने और निगरानी बढ़ाने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक एयरपोर्ट पर रैंडम जांच शुरू कर दिया गया है। उधर, केंद्र सरकार ने राहुल गांधी से यात्रा रोकने की अपील की है। इसके लिए कोरोना महामारी बढ़ने का हवाला दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राहुल को पत्र लिखा है। सरकार की अपील पर कांग्रेस ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा से मोदी सरकार बौखलायी हुई है। आम लोगों का ध्यान भटकाने के लिए भाजपा तरह-तरह के सवाल उठा रही है। उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि क्या चुनाव के समय पीएम मोदी मास्क लगा कर गुजरात गये थे?

ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी को लेकर राजभवन और सरकार में गतिरोध बरकरार

राज्यपाल से मिलने नहीं गये मंत्री, सचिव और टीडब्ल्यूसी

- विधानसभा सत्र का बहाना बना कर मुलाकात को टाला

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी (टीएसी) को लेकर बुधवार को मंत्री, सचिव और टीडब्ल्यूसी की बैठक बुलायी थी। इस बैठक में मंत्री समेत कोई अधिकारी शामिल नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक मंत्री और अधिकारी विधानसभा के चल रहे सत्र का हवाला देते हुए बैठक में हाजिर नहीं हुए।

गौरतलब है कि पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू और मौजूदा राज्यपाल रमेश बैस दोनों ही टीएसी को लेकर सरकार से अपनी नाराजगी जता चुके हैं। राज्यपाल रमेश बैस टीएसी के गठन पर ही सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने टीएसी को गैर संवैधानिक भी करार दिया है। सरकार को लिखी चिट्ठी में राज्यपाल रमेश बैस ने पांचवीं अनुसूची का उल्लंघन भी बताया है। सरकार की तरफ से किसी तरह का कोई जवाब नहीं देने पर राज्यपाल रमेश बैस ने इस मामले पर वार्ता करने के लिए आदिवासी कल्याण विभाग के मंत्री, सचिव और टीडब्ल्यूसी सदस्य को चिट्ठी लिख कर बुधवार को बैठक बुलायी थी। राजभवन की चिट्ठी जाने के बाद बैठक के लिए बुलायी गयी मंत्री जोबा मांझी, सचिव के श्रीनिवासन और टीडब्ल्यूसी की तरफ से कोई भी बैठक में शामिल नहीं हुआ। विभाग की तरफ से कहा गया कि जारी सत्र की वजह से वे बैठक में शामिल नहीं हो सकते हैं। इसके बाद राजभवन और राज्य सरकार के बीच मामला और गरमा गया है। सूत्रों का कहना है कि विभाग के इस जवाब के बाद राज्यपाल रमेश बैस काफी नाराज हैं। आने वाले दिनों में इस मामले को लेकर राज्यपाल की तरफ से कोई बड़ा कदम उठाया जा सकता है।

सीएम ने सरकार के तीन वर्ष पूरा होने पर होनेवाले कार्यक्रम की समीक्षा की

आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित सहित सभी वर्ग को उनका हक-अधिकार देने का है संकल्प: हेमंत सोरेन

- किसानों, छात्रों, बच्चियों को डीबीटी के माध्यम से दी जायेगी राशि
- मॉडल स्कूल के भवन का होगा उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार अपने तीन वर्ष पूरा करने के मौके पर 29 दिसंबर को कार्यक्रम आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिन आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से लाभ पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि झारखंड के भूमिहीन तथा सूखाग्रस्त प्रभावित 10 लाख किसान परिवारों को सूखा राहत राशि का लाभ, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत स्कूलों में अध्ययनरत 25 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि का लाभ तथा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से आच्छादित पांच लाख 60 हजार बच्चियों को सहायता राशि का लाभ डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में पहुंचाया जायेगा। उक्त अवसर पर 1200 करोड़ रुपये राशि का वितरण किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसकी पूरी तैयारी की जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के सभी वर्ग समुदाय के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का काम कर रही है। राज्य गठन के बाद से ही हमारी सरकार ने झारखंडवासियों की सभी समस्याओं के निदान का संकल्प लिया है। हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं के लाभुकों का रजिस्ट्रेशन, वेरीफिकेशन तथा वित्तीय एवं तकनीकी पहलुओं पर सभी आवश्यक तैयारी 26 दिसंबर 2022 तक निश्चित रूप से पूर्ण कर लें, जिससे कार्यक्रम के दिन परेशानी नहीं हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग द्वारा उक्त अवसर पर शुभारंभ किये जाने वाले 'प्रगति पोर्टल' से संबंधित सभी आवश्यक तैयारी ससमय पूर्ण कर ली जाये।

उन्होंने पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि 'स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल' का शुभारंभ किया जाना है। उसकी तकनीकी बारीकियों की पूरी जांच सुनिश्चित कर लें ताकि पोर्टल शुभारंभ होने के बाद साइट में किसी तरह की असुविधा खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत कई मॉडल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन राज्य सरकार द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस निमित्त आवश्यक तैयारी ससमय पूर्ण कर ली जाये।



झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,800 रु./10 ग्राम
चांदी 73,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 22 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in

किसी के सामने अस्तित्व बचाने की चुनौती है, तो किसी को अपना जनाधार बढ़ाने की बेचैनी

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा की नौ राज्यों में होगी परीक्षा

2024 के लोकसभा चुनाव के पहले 2023 में नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा और नागालैंड शामिल हैं। एक तरफ जहां भाजपा को मध्यप्रदेश और कर्नाटक में सत्ता बचाने की चुनौती है, वहीं दूसरी तरफ राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होना है। कर्नाटक में जहां बीजेपी, कांग्रेस और जेडीएस के बीच मुकाबला होना तय है, तो वहीं तेलंगाना में टीआरएस, कांग्रेस और बीजेपी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होना है। त्रिपुरा में भी बीजेपी, कांग्रेस और लेफ्ट फ्रंट के बीच त्रिकोणीय लड़ाई होनी है। भाजपा दक्षिण में अपना विस्तार करने के लिए तेलंगाना में अपना पैर जमाना चाह रही है। पूर्वोत्तर में अपनी मजबूती बरकरार रखने के लिए भी भाजपा के लिए त्रिपुरा, मेघालय और मिजोरम में पार्टी की जीत महत्वपूर्ण है। इन राज्यों की सीटें 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की चुनावी रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, लिहाजा पार्टी इन राज्यों में जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकेगी। भाजपा ने 2022 में अपने लिए बड़े बदलाव के संकेत भी दिये हैं। इसी साल हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को पसमांदा मुसलमानों को अपने साथ जोड़ने के लिए विशिष्ट कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया है। भाजपा यदि पसमांदा मुसलमानों को अपने साथ जोड़ने में सफल रहती है, तो यह पार्टी के लिए महत्वपूर्ण कदम भी साबित हो सकता है। जिस तरह 2014, 2019 के लोकसभा चुनावों और यूपी-गुजरात के विधानसभा चुनावों में भाजपा को मुस्लिम बहुल सीटों पर जीत मिली है, इससे ये संकेत मिले हैं कि अल्पसंख्यक समुदाय का एक तबका अब भाजपा के प्रति बदलाव की नजर से देख रहा है। यदि भाजपा का पसमांदा कार्ड चला तो देश की परंपरागत राजनीति में बड़ा बदलाव आना तय है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले होनेवाले विधानसभा चुनावों में भाजपा के सामने क्या है चुनौती और उन राज्यों को भेदने की रणनीति पर प्रकाश डाल रहे हैं *आजाद सिपाही* के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

कहीं सीधी टक्कर है, तो कहीं है एक तरफा मामला

पसमांदा मुसलमानों पर चारा फेंक रही है भाजपा, कांग्रेस के सामने डू आर डाइ की स्थिति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की करिश्माई जोड़ी ने 2014 से ही भाजपा के लिए लगातार नये कीर्तिमान गढ़े हैं। 2022 में भी पार्टी ने कई ऐसी बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन्हें छू पाना आने वाले समय में दूसरे राजनीतिक दलों के लिए बड़ी चुनौती साबित होगी। 2022 के साल की शुरूआत में ही हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में, भाजपा ने उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में ऐतिहासिक सफलता के साथ सरकार बना ली। भाजपा ने गोवा और मणिपुर में भी जीत का स्वाद चखा, तो साल के अंत में उसने गुजरात में जीत का ऐसा नया रिकॉर्ड बनाया है, जिसे दोहरा पाना स्वयं भाजपा के लिए भी आसान नहीं होगा। कांग्रेस के लिए तो गुजरात की हार बुरे ख्वाब के अलावा और कुछ नहीं।

उत्तरप्रदेश की जीत

उत्तरप्रदेश में कांग्रेस ने 1980 में वीपी सिंह के नेतृत्व में 425 में 309 सीटों पर सफलता हासिल की थी। 1985 के चुनाव में पार्टी नारायण दत्त तिवारी के नेतृत्व में 269 सीटें जीत कर लगातार दोबारा सरकार बनाने में कामयाब रही थी। उसके बाद लंबे समय तक यह सफलता कांग्रेस सहित कोई दूसरा दल हासिल नहीं कर पाया। 37 साल बाद 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा लगातार दो बार सफलता हासिल करने में कामयाब रही। 2017 के चुनाव में उसे 403 सीटों वाले सदन में 312 सीटों पर सफलता प्राप्त हुई, तो 2022 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उसे 255 सीटों पर जीत मिली। इस जीत के मायने बड़े हैं। कहते हैं न, जिसने यूपी जीत लिया, उसके लिए केंद्र की सत्ता का रास्ता खुलना आसान हो जाता है। भाजपा अगर यूपी के लोकसभा चुनाव में अपना जलवा बरकरार रख पाती है, तो 2024 में सत्ता हासिल करना उसके लिए आसान हो जायेगा।

उत्तराखंड में भी परचम

पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में इसके गठन के बाद से अब तक कोई पार्टी लगातार दूसरी बार सत्ता में आने में कामयाब नहीं रही थी। राज्य की इस परंपरा के भरोसे कांग्रेस ने हरीश रावत के नेतृत्व में भाजपा के सामने तगड़ी चुनौती पेश की। राज्य सरकार के शासन से अप्रसन्न भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य में लगातार तीन मुख्यमंत्री बदले। लेकिन तमाम चुनौतियों से जूझने के बाद भी भाजपा इस मिथक को तोड़ने में कामयाब रही और उसने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में दुबारा सरकार बनाने में सफलता हासिल की। हालांकि उस चुनाव में खुद पुष्कर सिंह धामी अपनी सीट हार बैठे, लेकिन भाजपा ने मिथ को तोड़ दिया। उत्तराखंड में ब्रांड मोदी का चेहरा खूब बोला। ऐसे बोला कि इतिहास बन गया।

गुजरात में रिकॉर्ड जीत

गुजरात में 1985 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने माधव सिंह सोलंकी के नेतृत्व में 182 सीटों वाले सदन में 149 सीटों पर जीत हासिल कर विजय का एक नया रिकॉर्ड बनाया था। तब से अब तक कोई राजनीतिक दल इस आंकड़े के आसपास भी नहीं आ पाया। स्वयं कांग्रेस भी इस सफलता को कभी दोहरा नहीं सकी। लेकिन मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व और पीएम नरेंद्र मोदी की छवि के सहारे भाजपा ने इस रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। पार्टी ने रिकॉर्ड 156 सीटों पर जीत हासिल की। 1985 में जीत का रिकॉर्ड बनाने वाली कांग्रेस के नाम 2022 में राज्य में सबसे कम (केवल 17) सीटों पर सिमट जाने का शर्मनाक रिकॉर्ड भी जुड़ गया।

हार गयी हिमाचल

भाजपा को इस साल हिमाचल प्रदेश और दिल्ली नगर निगम के चुनावों में हार का सामना करना पड़ा। चूंकि, हिमाचल प्रदेश को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के गृह प्रदेश के तौर पर देखा जाता है और यहीं से उसके लोकप्रिय केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आते हैं, लिहाजा यहां की हार पार्टी के लिए बड़ी हार के तौर पर देखी गयी। मोदी-शाह वाली भाजपा में पहली बार हिमाचल प्रदेश में पार्टी अनुशासन टूटता हुआ भी दिखायी पड़ा, जहां टिकट न पाने से नाराज पार्टी कार्यकर्ताओं ने ही उसका खेल बिगाड़ दिया। इसी तरह दिल्ली नगर निगम में पिछले 15 साल से काबिज भाजपा का आम आदमी पार्टी के हाथों हार जाना भी बड़ा झटका माना जा रहा है। लेकिन हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की तुलना में एक फीसदी से भी कम वोटों के अंतर से हारना और दिल्ली नगर निगम में 15 साल के एंटी इनकमबेंसी फैक्टर के बाद भी 250 सीटों वाले सदन में 104 सीटें हासिल कर लेना मतदाताओं के बीच भाजपा की लोकप्रियता बरकरार रहने के तौर पर देखा गया।

राजस्थान और छत्तीसगढ़ में होगा मुकाबला

2023 में जिन नौ राज्यों में चुनाव होनेवाले हैं, उनमें राजस्थान और छत्तीसगढ़ भी शामिल हैं, जहां वर्तमान में कांग्रेस की सरकार है। राजस्थान में अशोक गहलोत मुख्यमंत्री हैं, तो वहीं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस आलाकमान के करीबी भूपेश बघेल सीएम हैं। कांग्रेस के लिए 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इन दोनों राज्यों में सरकार बचाये रखने की बड़ी चुनौती है, तो वहीं बीजेपी भी इन दोनों राज्यों में कांग्रेस को हरा कर 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले देश की जनता को यह राजनीतिक संदेश देना चाहती है कि कांग्रेस की प्रासंगिकता समाप्त हो चुकी है।

कर्नाटक और मध्यप्रदेश में कड़ा मुकाबला तय

इन नौ राज्यों में कर्नाटक और मध्यप्रदेश भी शामिल हैं, जहां वर्तमान में बीजेपी की सरकार है, लेकिन इन दोनों राज्यों में 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी को करारा झटका लगा था। बीजेपी 2018 की तरह इस बार कर्नाटक और मध्यप्रदेश, दोनों राज्यों में बहुमत प्राप्त करने से कतई चूकना नहीं चाहेगी, इसलिए पार्टी ने इन दोनों राज्यों में काफी पहले से ही चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। मध्यप्रदेश में 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने बीजेपी को सत्ता से बाहर कर दिया था और कमलनाथ राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। लेकिन कांग्रेस इस जनादेश को संभाल नहीं पायी और ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों के एक खेमे के अलग हो जाने के बाद बीजेपी की तरफ से शिवराज सिंह चौहान फिर से राज्य के मुख्यमंत्री बन गये। ज्योतिरादित्य सिंधिया मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री है और बीजेपी राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ चुनाव जीतने का दावा कर रही है। वहीं कर्नाटक में 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं मिला था। त्रिशंकु विधानसभा बनने के बाद राज्यपाल ने सदन में सबसे बड़े दल, बीजेपी के नेता के तौर पर बीएस येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवायी, लेकिन बहुमत का जुगाड़ नहीं कर पाने के कारण उन्होंने इस्तीफा दे दिया। इसके बाद कांग्रेस और जेडीएस ने मिल कर राज्य में सरकार का गठन किया। राजनीतिक परिस्थितियों में बदलाव के बाद बीजेपी ने राज्य में 2019 में सरकार का गठन कर येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री बनाया, लेकिन 2023 में होनेवाले विधानसभा चुनाव की रणनीति के मद्देनजर 2021 में ही राज्य में नेतृत्व परिवर्तन कर बीएस येदियुरप्पा की जगह बासवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बना दिया गया। लेकिन येदियुरप्पा की सांगठनिक क्षमता और पूरे कर्नाटक में उनके राजनीतिक प्रभाव को देखते हुए बीजेपी आलाकमान ने उन्हें पार्टी की फैसला लेने वाली सर्वोच्च और सबसे ताकतवर संस्था संसदीय बोर्ड का सदस्य बना कर कर्नाटक की जनता को यह साफ संदेश भी देने का प्रयास किया कि प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की नजर में येदियुरप्पा कितने महत्वपूर्ण नेता हैं।

तेलंगाना भेदना चाहती है भाजपा

तेलंगाना में वर्तमान में टीआरएस की सरकार है। वहां के चंदशेखर राव मुख्यमंत्री हैं। वह 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हराने के लिए अन्य विपक्षी दलों के साथ मिल कर बड़ा मोर्चा तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन बीजेपी 2023 में उनके ही गढ़ तेलंगाना में उन्हें चुनाव हराने का दावा कर रही है।

पूर्वोत्तर है बहुत महत्वपूर्ण

गुजरात में सफल चुनाव अभियान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अब पूर्वोत्तर पर अपनी निगाहें टिका दी हैं। पूर्वोत्तर राज्यों की बात करें तो 2023 में त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम में विधानसभा का चुनाव होना है। त्रिपुरा में वर्तमान में बीजेपी की सरकार है और चुनावी रणनीति के तहत त्रिपुरा में भी बीजेपी ने मुख्यमंत्री के चेहरे में बदलाव किया है। मेघालय और नागालैंड में बीजेपी समर्थित सरकार सत्ता में है, तो वहीं मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है।

त्रिपुरा में बीजेपी के लिए होगी चुनौती

त्रिपुरा में 2018 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 35 सीटों पर जीत दर्ज की थी। लेकिन 60 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी और उसके प्रतिद्वंद्वी लेफ्ट के बीच वोट मार्जिन का अंतर 2% से कम था। भाजपा ने बिप्लब देब की जगह माणिक साहा को मुख्यमंत्री बनाया, इस रणनीति का इस्तेमाल उसने कई अन्य राज्यों में सत्ता विरोधी लहर को मात देने के लिए किया है।

मेघालय में क्या होगा बीजेपी का प्लान?

2018 में, कांग्रेस मेघालय में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, लेकिन 60 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत हासिल करने में विफल रही। केवल दो सीटें जीतने वाली भाजपा ने राज्य में सरकार बनाने के लिए नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) से हाथ मिलाया, लेकिन इस बार, एनपीपी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने घोषणा की कि उनकी पार्टी 2023 का चुनाव अकेले लड़ेगी। उधर पिछले चुनावों में खाता खोलने में नाकाम रही तृणमूल कांग्रेस भी मेघालय में पैठ बनाने की कोशिश कर रही है।

नगालैंड में भाजपा गठबंधन के साथ उतरेगी

भाजपा ने 2018 नगालैंड चुनावों से पहले नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के साथ गठबंधन किया और सरकार बनायी। सूत्रों की मानें तो बीजेपी 2023 के चुनावों में 20 निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों को खड़ा करने और 40 अन्य में एनडीपीपी उम्मीदवारों का समर्थन करने की योजना बना रही है। पिछले महीने, नगालैंड भाजपा के तीन जिला अध्यक्षों ने जनता दल (यूनाइटेड) का दामन थाम लिया। भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन का एक और सिरदर्द, सात जनजातियों द्वारा नगालैंड के 16 जिलों को काटकर एक अलग राज्य की मांग को लेकर है।

मिजोरम में भाजपा सभी सीटों पर लड़ेगी

इस साल अक्टूबर में मिजोरम के भाजपा प्रमुख वनलालमुआका ने घोषणा की कि उनकी पार्टी 2023 के चुनाव में मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ेगी। बता दें कि सितंबर में मिजोरम की सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के 16 नेता भाजपा में शामिल हो गये थे। वर्तमान में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार सत्ता में है। जोरमथांग के नेतृत्व वाली पार्टी ने 2018 के विधानसभा चुनावों में 40 में से 26 सीटें जीतीं और कांग्रेस को पांच सीटों पर ही पर समेट दिया। भाजपा ने 2018 में पहली बार मिजोरम में अपना खाता खोला और एक सीट पर कब्जा जमा लिया।

जम्मू कश्मीर से भाजपा देना चाहेगी संदेश

नौ राज्यों के साथ जम्मू कश्मीर में भी अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने की संभावना है, जहां बीजेपी लगातार अपने जनाधार और संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही है ताकि जम्मू कश्मीर में पहली बार अपने दम पर सरकार का गठन कर पूरे देश की जनता को एक राजनीतिक संदेश दिया जा सके।

यह तो रही दावे और उसके मुतल्लिक बन रही रणनीति की बात। असल में धरातल पर क्या हो रहा है, वहां राजनीतिक ऊंट किस करवट बैठेगा, यह तो विधानसभा चुनाव के समय ही स्पष्ट हो पायेगा, लेकिन इतना तय है कि इन चुनावों में सब जगह भाजपा के लिए भी राह उतनी आसान नहीं है। उसे जम्मू-कश्मीर और अन्य नौ राज्यों में कठिन परीक्षा से गुजरना होगा। सच कहा जाये तो 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ये चुनाव भाजपा के लिए अग्निपरीक्षा से कम नहीं।

झारखंड कांग्रेस के सात नेताओं पर की गयी कार्रवाई

प्रदेश अध्यक्ष से निष्कासित करने की अनुशंसा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड क्रांगेस के सात नेताओं के खिलाफ शोकॉज जारी किया गया है, अनुशासन हीनता को लेकर प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने इन पर कार्रवाई की है। इनमें आलोक दुबे, राजेश गुप्ता, साधुशरण गोप, राकेश तिवारी, अनिल ओझा, सुनील सिंह और लाल किशोर नाथ शहदेव शामिल हैं। इन सभी से 14 दिनों के अंदर जवाब मांगा गया है। बता दें कि सोमवार को राजकीय अतिथिशाला में विक्षुब्ध खेमे की हुई बैठक और प्रदेश अध्यक्ष के

खिलाफ दिये गये बयान को केंद्रीय संगठन ने गंभीरता से लिया है। प्रदेश प्रभारी ने पार्टी विरोधी बैठकों के बारे में जानकारी मांगी थी, जो उन्हें भेज दी गयी है। ऐसी संभावना जतायी जा रही थी कि उन पार्टी पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए संगठन विचार कर रहा है, जो राजकीय अतिथिशाला में हुई बैठक में शामिल थे तथा जिन्होंने मीडिया को पार्टी विरोधी बयान दिया।

हाइकोर्ट ने होल्डिंग टैक्स पर सरकार से मांगा जवाब

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट ने होल्डिंग टैक्स बढ़ाये जाने पर सरकार से जवाब मांगा है। इस संबंध में गौरव बगराइ ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने होल्डिंग टैक्स बढ़ाये जाने के आदेश को चुनौती दी है। हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने सर्कल रेट से होल्डिंग टैक्स वसूले जाने के बिंदु पर सरकार से जवाब मांगा है।

राजेश ठाकुर बतायें, वह आरपीएन के संपर्क में हैं या नहीं: आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू एवं सुनील सिंह ने अनुशासन समिति के औचित्य पर ही सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के न्यायालय ने बिना बहस, बिना बैठक और बगैर सुनवाई के निर्णय भी लिया और उसे सार्वजनिक भी किया, जो कांग्रेस संविधान के खिलाफ है। नेताओं ने कहा कि आज जो स्पष्टीकरण मीडिया के माध्यम से पूछा गया है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा प्रतीत होता है मीडिया के माध्यम से व्यक्तिगत छवि धूमिल करने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने कहा है क डरो मत, सच कहना अगर बगावत है तो समझो हम भी बागी हैं। मीडिया से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे ने प्रदेश

अध्यक्ष से जवाब मांगा है कि वे बतायें कि आरपीएन सिंह से संपर्क में हैं या नहीं। आलोक दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिल कर हम प्रदेश अध्यक्ष एवं आरपीएन सिंह के संबंधों की जांच कराने की मांग करेंगे। प्रदेश कमेटी और जिला अध्यक्षों के मनोनयन में आरपीएन सिंह का दबदबा रहा। बोर्ड और निगम में जो सूची आरपीएन सिंह ने राजेश ठाकुर को समाहित करने के लिए आदेश भेजा है, उसे 25 दिसंबर को सार्वजनिक किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस नेता ने कहा कि अध्यक्ष हटाओ-कांग्रेस बचाओ का शंखनाद 24 दिसंबर को बोकारो से प्रारंभ किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने अनुशासन समिति के औचित्य पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि बैठक के पहले ही समिति ने निर्णयों को सार्वजनिक किया। पांच पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछे जाने की सूचना अखबारों और चैनलों के माध्यम से सार्वजनिक करना ना सिर्फ अनुशासनहीनता है, बल्कि कांग्रेस संविधान के विपरीत है और पार्टी हाईकमान के मंसूबे पर पानी फेरने का काम भी है। अनुशासन समिति के सदस्य कई कई पदों पर बैठे हुए हैं, जिसे लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ता बार-बार सवाल उठा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार बैठक हो रही है और मीडिया के माध्यम से कवरेज करने के लिए विधिवत आमंत्रित किया जाता है और आरोप प्रपत्र भी पहले से तैयार रहता है। प्रदेश अध्यक्ष के संगठन कमजोर करने और पार्टी हाइजैक करने के नापाक मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने दिया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि झारखंड में जब से राजेश ठाकुर अध्यक्ष बने हैं, पूरे प्रदेश में उन्होंने अराजक स्थिति बना कर रख दी है। हर तरफ संगठन में आग लगी हुई है। एक दूसरे से बात करने पर भी पाबंदी है। वर्तमान हालात ऐसे हैं, जहां कांग्रेस का नहीं व्यक्ति का आदमी बनाया जा रहा है। हर तरफ मारपीट, गाली-गलौज, जूता-चप्पल, फैटा फैटी, पैसा लूटा लूटी, पुतला दहन, कालिख पोतो जैसे कार्यक्रम और आंदोलन चल रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ बढ़ता आक्रोश संगठन को न सिर्फ नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि जिन आशाओं और अपेक्षाओं से राज्य की जनता ने गठबंधन की सरकार चलाने की जवाबदेही दी है, उस पर भी एक बड़ा कुठाराघात है। कांग्रेस के कार्यकर्ता इस अपरिपक्व और कृपा पात्र परिक्रमा से बने हुए अध्यक्ष को एक दिन भी स्वीकार नहीं करेगा। कांग्रेस नेता सुनील सिंह ने कहा कि शोकॉज से हम डरने वाले लोग नहीं हैं। पार्टी हमारे लिए सर्वोपरि है और एक व्यक्ति अगर पार्टी को बर्बाद कर रहा हो तो हम खामोशी से सब कुछ बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	25.2 °C	9.6 °C
सूर्यास्त (आज)	:	17.08 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.25 बजे

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 22 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in

शीतकालीन सत्र : सुदेश महतो ने आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा देने की मांग की

तीसरे दिन भी सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर तकरार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बुधवार को भी हेमंत सरकार पक्ष के विधायकों और भाजपा विधायकों के बीच जमकर तकरार हुई। हो-हंगामा के बीच सदन की कार्यवाही और चर्चा चलती रही। एक दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगे।

सत्र के दौरान राज्य के आंदोलनकारियों के लिए मांग सदन में छायी रही। बुधवार को शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन आजसू विधायक सुदेश महतो ने सदन में अलग राज्य के लिए आंदोलन करनेवाले आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा देने की मांग की। इसपर सरकार की और दिये गये जवाब पर नाराजगी जताते हुए सुदेश महतो ने कहा कि अन्य राज्यों की बात करना कहीं से नीतिगत नहीं है। झारखंड राज्य के आंदोलनकारियों को अन्य जिला दौरे के क्रम में सर्किट हाउस में एक कमरा तक नहीं मिल पाता है। वहीं श्री महतो ने नियोजन नीति पर सरकार के रुख पर कहा कि झामुमो पार्टी का इतिहास रहा है कि वह किसी भी मुद्दे पर उसका समाधान नहीं चाहती है। वह सिर्फ मुद्दों को जिंदा रख कर इसपर भावनात्मक राजनीति करना जानती है।

तीन साल में जेएसएससी से सिर्फ 357 कर्मियों की नियुक्ति हुई

रांची। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन झारखंड सरकार ने माना कि तीन साल में जेएसएससी से प्रदेश में सिर्फ 357 नियुक्तियां हुई हैं। भाजपा विधायक अनंत ओझा के अल्प सूचित प्रश्न पर सरकार की ओर से यह जवाब दिया गया है। अनंत ओझा ने पूछा था कि क्या यह बात सही है कि राज्य में विभिन्न विभागों में स्वीकृत पद की तुलना में सिर्फ 35 फीसदी ही पदाधिकारी और कर्मचारी पदस्थापित हैं, जिससे सभी विभागों के कार्यों में प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इसके जवाब में सरकार की ओर से बताया गया कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा गठित नियुक्ति नियमावली के आधार पर झारखंड वैज्ञानिक प्रतियोगिता परीक्षा 2021 के तहत 58 रिक्त पदों की नियुक्ति के लिए विभाग को अनुशंसा भेजी गयी है। अब तक 56 कर्मी की नियुक्ति हो चुकी है, वहीं हाइकोर्ट के द्वारा पारित न्यायादेश के तहत रिम्स में एक श्रेणी की परिचारिका के लिए प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित कर 333 पदों पर नियुक्ति के लिए अनुशंसा भेजी गयी है। अब तक 301 कर्मियों की नियुक्ति हो चुकी है।

भाजपा के तीन सिपाही, आइटी, इडी और सीबीआइ : प्रदीप यादव

रांची। अनुपूरक बजट के समर्थन में बोलते हुए प्रदीप यादव ने एक नारा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के तीन सिपाही, आइटी, इडी और सीबीआइ। ये लोग देश भर में विपक्ष की सरकारों को अपने सिपाहियों से परेशान करा रहे हैं। इसके बावजूद तमाम परेशानियों को दरकिनार करते हुए राज्य सरकार अपना काम पूरा करेगी। प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य के युवा का भविष्य भाजपा ने ही बर्बाद किया है। 20 सालों से इन्हीं का शासन रहा है। युवाओं को ये लोग दिग्भ्रमित कर रहे हैं। अगर ये लोग झारखंड का हित चाहते हैं तो केंद्र में इनकी सरकार है।

इडी के शपथ पत्र पर गरमायी सियासत

बाबूलाल ने की राष्ट्रपति शासन की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। इडी के शपथ पत्र के बाद राज्य की सियासी सरगर्मी एक बार फिर सिर चढ़ गयी है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मारंडी ने राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग की है। उन्होंने विधानसभा के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार ने केस को मैनेज करने की कोशिश की, इससे साफ दिख रहा है कि राज्य की स्थिति क्या है। उन्होंने कहा है कि पहले ठेका को मैनेज करने की कोशिश होती थी और अब उनके प्रेस सलाहकार द्वारा केस को मैनेज करने की कोशिश की जा रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है, जैसे राज्य में गुंडों का शासन है। गौरतलब है कि इडी द्वारा अवैध पत्थर खनन घोटाले की जांच बरहरवा टोल प्लाजा घोटाला मामले को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में शपथ पत्र दायर किया गया है। हेमंत सोरेन द्वारा बिहार यूपी के लोगों पर की गयी टिप्पणी पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री ने बिहार यूपी के लोगों पर साजिश के तहत झारखंडी हित से बनी नीतियों को न्यायालय में ले जाने की बात कही है, वह हास्यास्पद है। न्यायालय में जाने के लिए लोग स्वतंत्र हैं और अपने हक अधिकार के लिए न्यायालय में गुहार लगा सकते हैं। लेकिन इस तरह एक राज्य के मुख्यमंत्री का सदन में बोलना कहीं से भी शोभा नहीं देता है। अपनी कमी को छिपाने के लिए इस तरह की बातें की जा रही हैं।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि।

वृष संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता.

मिथुन रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।

कर्क नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी।

सिंह सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा

कन्या धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठायें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा

तुला कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा।

वृश्चिक नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि।

धनु निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा।

मकर थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी

कुंभ अत्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है।

मीन घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

झारखंड में जल्द उजागर होगा शराब घोटाला: सुबोध जयसवाल

रांची। झारखंड अब दिल्ली की राह पर चल चुका है। अब शराब के कारोबार में झारखंड में भी घोटाला ही नजर आ रहा है। बहुत जल्द ही सभी के सामने शराब घोटाला उजागर होने वाला है। ये बातें झारखंड शराब विक्रेता संघ के महामंत्री सुबोध जयसवाल ने कहीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की प्लेसमेंट एजेंसी और होलसेल एजेंसी यहां काम कर रही थी., लेकिन क्या वजह है कि अब बैक डोर से ए टू जेड कंपनी को और जीडीएस कंपनी को बिना बैंक गारंटी के काम दिया गया है, जो एक महीने से पलामू और रामगढ़ का काम संभाल रही है। यह कहीं ना कहीं कोई ना कोई साजिश के तहत हो रहा है, जिसका बड़ा खामियाजा झारखंड को भोगना पड़ेगा और इसके राजस्व की बंदरबांट पॉकेट में ही हो जायेगी।

तीन माह में एक पोर्टल भी नहीं बनवा पायी सरकार

स्पीकर बोले-यह गंभीर सवाल, अधिकारियों को काम में रुचि नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन सदन में विधायक प्रदीप यादव ने निजी कंपनियों में राज्य के युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण दिये जाने के लिए बनी नियमावली का पालन नहीं होने का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि तीन महीने में सिर्फ 404 कंपनियों का ही निबंधन हुआ है, जबकि प्रदेश में 4000 से ज्यादा निजी कंपनियां हैं। 12 सितंबर को अधिसूचना जारी हुई थी, आज तीन महीने से ज्यादा हो गया है, लेकिन न तो कंपनियों का निबंधन हुआ है और नहीं कर्मचारियों का।

इस पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बताया कि पोर्टल तैयार होने के बाद ही निबंधन होगा। जैप आइटी को पोर्टल बनाने का काम दिया गया है। मंत्री के जवाब पर प्रदीप यादव ने कहा कि जब पोर्टल ही नहीं बना है तो 400 कंपनियों का निबंधन कैसे हो गया। वहीं विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो भी इस मामले को लेकर गंभीर दिखे। उन्होंने मंत्री से कहा कि यह गंभीर सवाल है। विभागीय अधिकारियों की रुचि उसमें कम दिख रही है। इसके बाद मंत्री ने सदन को आश्वासन दिया कि 20 जनवरी तक योजना को धरातल पर उतारने का काम करेंगे।

झारखंड में बीजेपी नहीं, बाहरी जनता पार्टी है: सुदिव्य सोनू

रांची। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन की दूसरी पाली में झामुमो के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि झारखंड में बीजेपी नहीं बाहरी जनता पार्टी है। ये लोग आदिवासी मूलवासी को नौकरी नहीं मिलने पर जश्न मना रहे हैं। कोर्ट के फैसले का सम्मान नहीं कर रहे हैं। यूपी सहित कई राज्यों ने इसी तरह की नियोजन नीति बनायी है। उन्होंने कहा कि कोर्ट बिहार यूपी के लोग गये थे। हेमंत सोरेन की सरकार यहां के आदिवासी मूलवासी की हितैषी है। आपलोग को बाहरी वोट की चिंता है। सात लाख हमारे बच्चों को नौकरी नहीं मिली, इसका दुख नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने मजबूरी में 1932 का समर्थन किया, ये लोग झूठे हैं। पिछली सरकार की भी कई नीति को कोर्ट ने खारिज किया है। बिहार, यूपी, उड़ीसा, उत्तरखंड सहित 12-13 राज्यों ने भी ऐसी ही नीति बनायी है, मगर यहां बनने से बीजेपी को बहुत तकलीफ होती है।

अगले चुनाव में युवा बतायेंगे, कितना प्यार करते हैं: भानुप्रताप शाही

रांची। झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन लंच ब्रेक के बाद फिर से सदन की कार्यवाही शुरू हुई। कार्यवाही के दौरान भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कटौती प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा कि अगले चुनाव में युवा बतायेंगे कि वे इस सरकार को कितना प्यार करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय कर लिया है कि वे युवाओं को नौकरी नहीं देंगे। एक साल में पांच लाख नौकरी देने का वादा करके महज 357 नौकरी ही दी गयी। हेमंत सरकार पुरानी नियोजन नीति को बदल कर नयी नीति लायी, जो भेदभाव और तुष्टिकरण वाली नीति थी, इसलिए हाइकोर्ट से खारिज हो गयी। इडी के डर से हेमंत सोरेन ने 1932 लाया। रघुवर दास ने एक लाख लोगों को नौकरी दी। वहीं हेमंत सरकार ने 9 वीं अनुसूची का खेल करके आदिवासी मूलवासी को धोखा दिया है। राज्य किसी की खैरात नहीं है यह सवा तीन करोड़ लोगों का है।

राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लेम में लगी सेनेटरी वेडिंग मशीन

अब स्कूली छात्राओं को बटन दबाते उपलब्ध हो जायेगा सेनेटरी पैड

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बुधवार को 100 गर्ल्स क्लब द्वारा रांची के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लेम, बड़गाईं में सेनेटरी वेडिंग मशीन लगायी गयी। इस मशीन की खूबी यह है कि यह पोर्टेबल है, इसे कहीं भी आसानी से इंस्टाल किया जा सकता है।

इस वेडिंग मशीन में पांच रुपये का सिक्का डालने से सेनेटरी पैड आसानी से बाहर आ जाता है। यह मशीन राजमणि के नेतृत्व में देश भर के ग्रामीण स्कूलों में डोनेट की जा रही है। लेम के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में इस मशीन को समाजसेवी और भाजपा नेता अनिल कुमार द्वारा डोनेट किया गया। अनिल कुमार 100 गर्ल्स क्लब से जुड़े हैं। यह संस्था

गरीब बच्चों और महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड जागरूगता अभियान चलाती है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह मौजूद थे। अनिल कुमार ने स्कूल के बच्चों को सेनेटरी पैड के महत्व के बारे बताया। कैसे यह पैड किसी बच्चे की जिंदगी में खुशहाली ला सकता है। मासिक धर्म के दौरान बच्चियां बिना संकोच कहीं भी, कभी भी, आ जा सकती हैं। कैसे इस पैड के इस्तेमाल से बच्चियां बीमार नहीं पड़ेंगी। कैसे इससे जुड़े इन्फेक्शन से वह अपना बचाव कर पायेंगी। अनिल कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में हम स्कूलों में ठंडे और गर्म पानी की भी मशीन लगवायेंगे।

वहीं मुख्य अतिथि हरिनारायण सिंह ने कहा कि स्कूलों में सेनेटरी पैड की मशीन लगाना एक क्रांतिकारी कदम है। इससे बच्चों में कॉन्फिडेंस भी डेवेलप होगा। मासिक धर्म के बारे में जहां कई परिवार अपनी बच्चियों से इस पर बात नहीं करना चाहते, उन बच्चियों के लिए यह मशीन किसी वरदान से कम नहीं। यह बहुत ही नेक कार्य है। ऐसी मशीन स्कूल ही नहीं गांव-गांव में भी लगनी चाहिए, मॉल, बिल्डिंग सोसायटी, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में भी लगनी चाहिए। मासिक धर्म शर्म की अनुभूति नहीं, गर्व कि अनुभूति होनी चाहिए। वहीं समाजसेवी और महानगर भाजपा की उपाध्यक्ष पायल सोनी ने इस मशीन की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह मशीन स्कूली बच्चों, टीचर्स और ग्रामीण महिलाओं के लिए बहुत उपयोगी है। अब बच्चों को पैड लेने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। अब आसानी से बच्चियां, उनके परिवार की महिलाएं और यहां तक की गांव की महिलाएं भी इस मशीन का लाभ ले सकती हैं। बता दें कि समाजसेवी ायल सोनी की पहल पर ही 100 गर्ल्स क्लब की ओर से लेम स्कूल में मशीन इंस्टाल की गयी है। मशीन की देखरेख की जिम्मेदारी स्कूल की प्राचार्य श्रीमती मीरा को सौंपी गयी है। इस अवसर पर स्कूल की बच्चियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा सम्मान से डॉ बीरेंद्र और डॉ रीझू सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मोरहाबादी स्थित ओपन स्पेस थिएटर में झारखंड आदिवासी विकास समिति के तत्वावधान में पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा सम्मान 2022 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के सहायक प्राध्यापक सह इंकलाबी नौजवान लेखक संघ के संस्थापक सचिव डॉ वीरेंद्र कुमार महतो एवं सहायक प्राध्यापक डॉ रीझू नायक को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। पद्मश्री मुकुंद नायक ने स्मृति चिह्न देकर डॉ महतो व डॉ नायक को सम्मानित किया। संघ ने सम्मानित होने पर इंकलाबी नौजवान लेखक संघ पदाधिकारियों व सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि डॉ महतो व डॉ नायक का यह सम्मान उनके कार्यों का आकलन है। दोनों ही युवा हैं शिक्षाविद, साहित्यकार व समाजसेवी हैं। उन्होंने कहा कि ये समाज के लिए एक रोल मॉडल हैं। बधाई देने वालों में संघ के सुनील मिंज, डॉ लालदीप गोप, पुष्कर महतो, विजय आनन्द नायक, डॉ उपेंद्र कुमार शामिल हैं।

भाजपा का प्रतिनिधिमंडल बोरियो पहुंचा, रेबिका पहाड़िया के परिजनों एवं ग्रामीणों से मुलाकात की

हेमंत राज में माटी-रोटी-बेटी पर गंभीर खतरा : भाजपा

संथाल परगना सहित पूरे राज्य में आदिवासी बेटियां हो रही है शिकार

घटना को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मुलाकात करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार से रेबिका के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा, फास्ट ट्रैक गठन कर दोषियों को फांसी की सजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं उसकी बच्ची को पढ़ाई का पूरा खर्च देने की मांग की है। बता दें कि संथाल परगना के

बोरियो विधान सभा अंतर्गत बोरियों बेलटोला में दिलदार अंसारी ने एक पहड़िया आदिम जनजाति युवती रेबिका पहाड़िया की हत्या कर उसके शव के पचास टुकड़े कर दिये थे। भाजपा द्वारा गठित 21 सदस्यीय टीम ने घटना स्थल का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने रेबिका पहाड़िया के परिजनों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी लिया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि यह घटना समाज को झकझोरने वाली है। इस घटना ने मानवता को शर्मसार किया है। उन्होंने राज्य सरकार ने मांग की कि रेबिका के परिजनों को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाये। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर हत्यारों को फांसी की सजा एवं रेबिका की संतान को पढ़ाई की पूरी व्यवस्था की जाये।

प्रतिनिधिमंडल ने बोरियो थाना जाकर बोरियो एसडीएम एवं थाना प्रभारी से भी मुलाकात कर दोषियों पर कड़ी कारवाई करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताला मरांडी, मिस्त्री सोरेन, रामकुमार पाहन, अशोक बड़ाइक, मनोज पहाड़िया, सिमोन माल्टो, सुफल मरांडी, दुर्गा मरांडी, सूर्या हांसदा, सुरेश मुर्मू, रविंद्र टुडू, दानियल किस्कू, रेणुका मुर्मू, रमेश हांसदा, रामकुमार मांझी, गमालियल हेंब्रम, बाबुधन मुर्मू सहित कई शामिल थे।

DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY
Ranchi, Jharkhand.

SHORT TERM NOTICE INVITING RE-TENDER

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi-834008, Jharkhand invites tenders under two bid system (Part-I: Technical Bid and Part II: Financial Bid), from experienced and reputed contractor/ firms/ agencies/ companies only for **"Repairing of Girls toilet of Pol. Science Department and Boys Toilets of Zoology Department Toilet, MCA Department Toilet & Maths Department Toilet at Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi, Jharkhand"**.

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the **Section–Officer (General)** or from the University Website:- www.dspmuranchi.ac.in.

Sd/- Registrar
DSPMU, Ranchi

Memo : DSPMU/G/793/22, Dated : 21.12.2022

बाइक की टक्कर में दो युवक घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना अंतर्गत बजरंगबली मंदिर के समीप दो बाइक की टक्कर में दो युवक घायल हो गये। घायलों की पहचान लंकेश्वर पंडित (उम्र 32 वर्ष, पिता हिरामन पंडित ग्राम बसघरवा, कोडरमा) और राहुल कुमार (उम्र 22 वर्ष, पिता दिलीप सिंह, दूधीमाटी, कोडरमा) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से कोडरमा बाजार से दूधीमाटी की तरफ जाने के दौरान बजरंगबली मंदिर के समीप दोनों की बाइक टक्कर हो गयी और दोनों युवक घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को कोडरमा अस्पताल पहुंचाया जहां इनका इलाज चल रहा है।

कोडरमा ने पाकुड़ को 158 रन से हराया

कोडरमा (आजाद सिपाही)। इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन बुधवार को कोडरमा और पाकुड़ के बीच कोडरमा जिला अंतर्गत चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में मैच खेला गया। टॉस जीतकर पाकुड़ ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। बल्लेबाजी करते हुए कोडरमा ने निर्धारित 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 230 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कोडरमा की ओर से कुश कुमार ने 59 रन, अमन सिंह ने 42 रन साकिब ने 29 रन और अंकित ने (अविजीत) 20 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए पाकुड़ की ओर से सनी यादव ने 3 विकेट, हेमंत कुमार साह ने दो और प्रियांशु कुमार ने 1 विकेट चटकाए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी पाकुड़ की टीम 16.5 ओवर में 72 रन पर सिमट गई! पाकुड़ की ओर से सनी कुमार ने सर्वाधिक 14 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा की ओर से सागर कुमार ने 4 विकेट, अंकित यादव ने दो विकेट और विपिन, चिंटू और आयुष ने एक एक विकेट चटकाए। बेहतर खेल के लिए मैन ऑफ द मैच कोडरमा के कुश कुमार को मिला। आब्जर्वर शब्बीर हुसैन ने बताया कि कोडरमा लगातार अपने तीनों मैच जीतकर ग्रुप चैंपियन बनी। कोडरमा अपना अगला राउंड के मैच खेलने के लिए 24 को बोकारो रवाना होगी जहां उसे अगले राउंड के मैच खेलने होंगे। मौके पर मैच ऑब्जर्वर शब्बीर हुसैन, अंपायर उमेश पाठक एवं अमित हाजरा स्कोरर गजेंद्र कुमार, केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, सचिव दिनेश सिंह, आलोक पांडे, उमेश सिंह, सुमन कुमार, ओम प्रकाश, सुरेंद्र प्रसाद, रवि यादव, अशोक यादव, दीपक यादव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

दहेज हत्या के दो आरोपियों को 12 वर्ष की सजा

कोडरमा (आजाद सिपाही)। दहेज के नाम पर हत्या के दो आरोपी को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश 2 की अदालत ने 12 साल की सजा सुनाई है। न्यायाधीश अजय कुमार सिंह की अदालत ने त्वरित निष्पादन के आधार पर सतगांवा थाना कांड संख्या 61/21 एसटी संख्या 176/ 21 में अरुण कुमार पिता लालमाजी प्रसाद यादव एवं सरिता देवी पत्नी लालमाजी प्रसाद यादव को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई। उक्त घटना में सतगांवा में विवाहिता की हत्या कर दी गयी थी। घटना के बाद से ही दोनों आरोपी जेल में बंद थे।

घर से बरामद हुआ युवक का शव, प्रेम प्रसंग में हत्या का आरोप

कोडरमा (आजाद सिपाही)। बुधवार को कोडरमा थाना अंतर्गत चांदेडीह, बेकोबार के रहने वाले मोहम्मद अख्तर का शव उसके ही घर से बरामद किया गया। मृतक का छोटा भाई मोहम्मद मुस्ताक के अनुसार वह जब पढ़कर घर आया तो देखा कि मोहम्मद अख्तर बिस्तर पर पड़ा हुआ है गर्दन पर रस्सी का निशान है और उसकी मौत हो गई है। हल्ला करने के बाद ग्रामीण जुटे। घर में 4 लोग रहते हैं माता-पिता और एक छोटा भाई। मोहम्मद अख्तर केरल में नौकरी करता था और 19 दिसंबर को कोडरमा आया था और आज ही वापस केरल जाने वाला था। बीच में ही दोपहर 12 बजे घर में ही उसका शव मिला। कोडरमा थाना को खबर होने पर पुलिस ने चांदेडीह पहुंचकर शव को सदर अस्पताल लाया जहां अंत्यपरीक्षण के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। परिजनों के अनुसार मोहम्मद अख्तर का गांव के ही एक लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसमें दोनों परिवार में कई बार विवाद भी हुआ। साजिश के तहत इसे केरल से बुलाया गया और उसकी हत्या कर दी गई। मृतक अख्तर के पिता असीम मियां ने कोडरमा थाना में आवेदन दिया है जिसमें मंजुल मियां (उम्र 65 साल), अब्बास अंसारी (उम्र 35 साल), कयूम अंसारी (उम्र 35 साल) को नामजद किया है। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

भाकपा अंचल कमेटी की बैठक

जयनगर (आजाद सिपाही)। भाकपा अंचल कमेटी जयनगर की बैठक बुधवार को सांस्कृतिक भवन जयनगर में भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में की गई बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट अंचल मंत्री अर्जुन यादव ने प्रस्तुत किया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि झारखंड सरकार को अस्थिर करने में सक्रिय रहने के कारण झारखंड का विकास नहीं हो पा रहा है। सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जिले के सभी अंचलों के अंचलाधिकारी के द्वारा जमीन ऑनलाइन दाखिल खारिज खाता एवं प्लॉट नंबर चढाने के नाम पर मोटी रकम ली जाती है। इसके संबंध में कोडरमा उपायुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी मौनी बाबा बने हुए हैं। सभी अंचलों में यदि सुधार नहीं किया गया तो बहुत जल्द सभी प्रखंडों में बैठक कर जन जागरण जत्था चलाकर बड़ा आंदोलन करने पर विचार लिया जाएगा। एटक नेत्री सोनिया देवी ने कहा कि देश में महिलाएं एवं छात्राएं सुरक्षित नहीं है, आए दिन दुष्कर्म एवं हत्याएं जैसी घटनाएं में वृद्धि हो रही है। बैठक में 26 दिसंबर को कोडरमा प्रखंड के ग्राम वृंदा में पार्टी का स्थापना दिवस मनाने पर विचार विमर्श किया गया।

उपायुक्त ने विभिन्न गांवों का भ्रमण किया

कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को डोमचांच प्रखंड अंतर्गत बछेडीह, जमडीहा एवं गैठीबाद का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु जागरूक किया। उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बहुत सारे योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, उन योजनाओं का लाभ लें और अपनी आजीविका के स्रोत बढ़ाऐं। साथ ही ग्रामीणों से कहा कि श्रमदान करके गांव की साफ-सफाई करें। गांव का पानी गांव में रहे, जल संरक्षण करने के साथ- साथ सोखता का निर्माण करें। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करें। इसके अतिरिक्त सोखता गड्ढा निर्माण करने के साथ-साथ कूड़े-कचरे के निस्पादन के लिए डस्टबीन रखें।

छह दुकानों और बंद घर से हजारों की चोरी

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के आदर्श ग्राम पंचायत चोपनाडीह में 20 दिसंबर की रात चोरों ने 6 दुकान समेत एक बंद घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया तथा एक दुकान में सेंधमारी कर चोरी करने का प्रयास किया। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोरों ने सामान का कवर व अन्य बेकार सामान को गांव के बगल स्थित कुएं में फेंक दिया। चोरी की गई दुकान में राजकुमार यादव के मेडिकल से 10 हजार रुपये नकदी समेत कई कंपनी की दवाई, नागमणि यादव एवं प्रकाश पंडित के होटल से मिठाई समेत 2 हजार रुपये नकदी की चोरी, अशोक राणा के इलेक्ट्रॉनिक दुकान से लगभग 10 हजार रुपये का मोबाइल पार्ट्स एवं मोबाइल चार्जर समेत अन्य उपकरण की चोरी, शंकर वस्त्रालय से लगभग 30 हजार रुपये का साड़ी समेत अन्य वस्त्र की चोरी, भास्कर दुकान में चोरी करने का प्रयास किए जहां चोर असफल रहे सभी दुकान चोपनाडीह चौक पर स्थित है। चौक से महज 100 मीटर की दूरी पर बंद विनोद राय के घर से सोने का एक जोड़ा कानबाली व 12 हजार रुपये की नगदी समेत कासा का बर्तन चोर ले उड़े। चोरी की घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, डोमचांच पुलिस निरीक्षक श्री राम पासवान, मरकच्चो थाना प्रभारी सुमित साव, नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा, जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश सिंहा, एएसआई उमेश सिंह समेत पुलिस जवान घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किए। इस दौरान स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुभाष चंद्र यादव, श्रीकांत यादव विकास यादव समेत ग्रामीण मौजूद थे।

मृतक छात्रा के परिजनों संग हजारीबाग डीसी से मिलीं विधायक

मृतक छात्रा के परिजनों के साथ होगा न्याय, मिलेगी हरसंभव मदद : अंबा

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रविवार सुबह हुई घटना के पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। बादम पहुंचक शोकाकुल परिजनों से मुलाकात करने एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लेने के पश्चात देर रात्रि विधायक अंबा प्रसाद ने मृतक छात्रा के परिजनों के संग हजारीबाग उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय से उनके आवास पर मुलाकात की। अंबा प्रसाद ने परिजनों की मौजूदगी में बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम होरम स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 10वीं की छात्रा का हॉस्टल के कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता हुआ लाश एवं मृतक के पिता द्वारा थाने में दिए गए आवेदन जिसमें उनकी पुत्री का दुष्कर्म कर हत्या करके दुपट्टे से बांधकर फांसी में लटका दिए जाने से संबंधित था उस सारे घटना से अवगत कराया। विधायक ने मृतक छात्रा के परिजनों को न्याय दिलाने एवं पूरे मामले की गहन जांच कर जो भी इस मामले में दोषी हैं उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने विधायक एवं मृतक छात्रा के परिजनों को आश्वस्त किया कि मामले की गहन जांच की जा रही है एवं जांच पड़ताल के बाद जो भी इनमें आरोपी होंगे उन पर कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विधायक अंबा प्रसाद ने मृतक छात्रा के परिजनों की गरीबी हालत से अवगत कराते हुए मृतक छात्रा के पिता को रोजगार एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर मुख्य रूप से मृतक छात्रा के पिता छोटू राम, माता बबली देवी, बहन ईशा कुमारी, प्रमोद राम, समीर कुमार रवि, जितेंद्र कुमार, अजय राम समेत कई लोग मौजूद थे।

कस्तूरबा की घटना को लेकर राज्यपाल मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया

बड़कागांव के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हॉस्टल के तीसरे तले में एक दलित छात्रा का फंदे पर लटकते शव को लेकर समाज सेवी सह युवा नेता शाहिद उर्फ सोनू ने राजभवन में राज्यपाल के नाम ,मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री के नाम एवं शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच कराने एवं पुरुष अकाउंटेड राजकुमार साव के स्थान में महिला अकाउंटेड पद स्थापित कराने की मांग की है।पत्र में लिखा गया है कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में घटी घटना पिछले 18 दिसम्बर को जिसमे एक छात्रा का शव होस्टल के तीसरे तल्ले के रूम नंबर 20 में फांसी से लटका हुआ मिला था ।जिस रूम में छात्रा का शव फंदे पर लटका हुआ मिला था, उसी रूम में 10 छात्राएं सो रहे थी,छात्रा के पिता ने बड़कागांव थाना में आवेदन देकर हत्या का आरोप लगाते हुए दोषियों को कार्रवाई करने की मांग किया है। छात्रा के माता-पिता ने कहना है कि जिसमें 10 लड़कियां रहेगी उसमें से कोई एक लड़की फांसी लगाएगी तो अन्य लड़कियों की जानकारी क्यों नहीं हो सकती है ? विद्यालय में स्टाफ होनी चाहिए। पुरुष अकॉन्टेन्ट को हटाया जाए।

झारखंड सरकार की दोषपूर्ण नियोजन नीति के खिलाफ छात्रों की आक्रोश रैली

गौतम पाल

कोडरमा (आजाद सिपही)। झारखंड सरकार की दोषपूर्ण नियोजन नीति के विरोध में तय निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को छात्रों द्वारा झुमरीतिलैया शहर में आक्रोश रैली निकाली गयी। रैली में दर्जनों शिक्षण संस्थान के हजारो छात्र-छात्राएं शामिल हुए। रैली वीर कुंवर सिंह चौक से निकलकर झंडा चौक होते हुए महाराणा प्रताप चौक पहुंचकर समाप्त हुई। नियोजन नीति रद्द किए जाने से छात्रों ने जमकर सरकार पर हल्ला बोला। छात्रों ने 15 दिनों में संवैधानिक मान्य नियोजन नीति लाने की मांग कर रहे थे। रैली में छात्रों द्वारा कोडरमा तो झांकी है रांची अभी बाकी है, सोरेन- महतो सुधर जाओ नहीं तो गुजर जाओ, जब-जब छात्र एकता बोला है राज सिंहासन डोला है, झारखंड सरकार के तीन बंदर तीनों छछूंदर जैसे विभिन्न नारों से संबंधित तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली को लेकर शहर के मुख्य मार्ग रांची पटना रोड पर घंटों जाम की स्थिति बनी रही। जाम की वजह से सरकारी कर्मियों को कार्यालय जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। 2 पहिया व चार पहिया वाहन जाम में फंसे रहे। जाम से निपटने के लिए तिलैया थाना के अवर निरीक्षक लव कुमार, सहायक अवर निरीक्षक विकेश कुमार, सहित पुलिस बल के जवान लगे रहे।

क्या थी मांगें

नियोजन नीति रद्द होने के बाद सुप्रीम कोर्ट जाने से समय का बबार्दी इस पर सरकार ठोस पहल करें, एक सप्ताह के अंदर नियोजन नीति के लिए कमेटी गठित किया जाए, जेएसएससी व जेपीएससी के भर्ती में 5 वर्ष की उम्र सीमा की छूट दी जाए, हेमंत सरकार की नियुक्ति नियमावली 2022 को 1 माह के अंदर फिर से लागू की जाए व जेएसएससी, सीजीएल सहित अन्य अतिरिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर नियुक्ति पत्र वितरण किया जाए जैसी मांगे शामिल है।

सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

चरही (आजाद सिपाही)। चुरचु रोड़ हतयारी में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहा है महीना में एक दो दुर्घटनाएं हो ही जा रहा है मंगलवार की रात लगभग 9 बजे के बिच हतगंवा मोड़ पास लारा गांव के निवासी जॉनसन मरांडी उम्र 19 वर्ष पिता पीटर मरांडी सडक दुर्घटना में बुरी तरह से जख्मी हो गया दुर्घटना होने के बाद युवक बेहोशी हालत में पडा रहा रास्ते से आने जाने वाले व्यक्ति ने उसे देखा जख्मी हालत में पड़ा है तुरंत 108 एंबुलेंस को सुचना कर उसे सदर अस्पताल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया गम्भीर चोटिल के कारण रास्ते में जने क्रम उसको मौत हो गया जॉनसन मरांडी का दुर्घटना का खबर मिलते ही टिम का तमाम खिलाड़ियों में सन्नाटा छा गया लोगों ने सभी परेशान हो गया मंगलवार को वाह कहीं फुटबॉल खेलने गया था खेल कर वापस आने के क्रम में यह दुर्घटना हुआ। जॉनसन मरांडी एक फुटबॉल खिलाड़ी के रूप में अपना पहचान बनाया था और प्रखंड से लेकर जिला स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट में भी अपना नाम रौशन किया था इधर उसके घरवालों ने मौत का खबर पाते ही गांव और घरवालों ने मातम छाया हुआ है।

मुखिया तकरीमुल्ला के नेतृत्व में हुआ कंबल वितरण

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव मध्य पंचायत भवन में मुखिया मो तकरीमुल्ला के नेतृत्व में एनटीपीसी के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। मुखिया तकरीमुल्ला ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए हमारे पंचायत के सभी गरीब, असहाय, बुजुर्ग,मजदूर तबके के ग्रामीणों को चिन्हित कर उन्हें को कंबल दिया गया। जो सक्षम है उन्हें नहीं दिया गया ताकि जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल बांटने में आसानी होगी। आगे मुखिया तकरीमुल्ला ने बताया की हमारे मध्य पंचायत में कुल 500 कंबल का वितरण किया गया। हमारे पंचायत में सभी जरूरतमंदों का ख्याल रखा जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि इस कड़कड़ाती ठंड में सभी सक्षम व्यक्तियों को अपने अपने स्तर से गरीब मजदूर तबके के लोगों के बीच में गर्म कपड़े का वितरण करना चाहिए ताकि किसी भी गरीब मजदूर असहाय लोगों का है ठंड के वजह से मौत ना हो सके। दान करने से किसी का घटता नहीं है बल्की भगवान उन्हें और देते हैं। मौके पर मुख्य रूप से उप मुखिया अमर राणा, पंसस रितेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो इब्राहिम, वार्ड सदस्य मुस्कान परवीन, शरवारी खातून, लीला देवी, समीना खातून, सीमा देवी, सपना देवी,राजू राम, गणेश राम, निर्मला कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि मजहर आलम, वहीं ग्रामीणों में सज्जाद आलम,सुभाष ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, मेमुन निशा, चरित्र ठाकुर,सरफुद्दीन मियां, साबिर मियां, गुरुदयाल ठाकुर, अकीमुन निशा सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

पुलिस ने अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टरों को पकड़ा

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर बरकट्ठा थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन को लेकर बुधवार सुबह को अभियान चलाया गया। बरकट्ठा अंचलाधिकारी श्रीकांत मांझी एवं थाना प्रभारी विक्रम कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बरकट्ठा जतघरा मार्ग से अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर को पकड़ा गया। पकड़े गए ट्रैक्टर चालकों के द्वारा किसी तरह कोई कागजात पेश नहीं किया गया। पकड़े गए ट्रैक्टर में दो ब्लू रंग का पावर ट्रैक्टर एवं दो लाल रंग का माहिन्द्रा ट्रैक्टर को बालू लदा जप्त कर बरकट्ठा थाना लाया गया। इसके पश्चात अंचलाधिकारी श्रीकांत मांझी ने सभी ट्रैक्टरों को फाइन किया गया।

मुखिया ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय सक्रेज में छात्रों के बीच किया पोशाक वितरण

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पंचायत झुरझुरी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सक्रेज में मुखिया सुमन कुमार व झामुमो जिला संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने पहला वर्ग एवं दूसरा वर्ग के 43 छात्रों के बीच दो-दो सेट पोशाक, जूता-मौजा व स्वेटर के साथ वितरण किया। विद्यालय परिसर में नए पोशाक पाकर सभी बच्चे काफी खुश थे। मौके पर प्रधानाध्यापक कैलाश पासवान, सहायक शिक्षक स्वामी रामतीर्थ सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय यादव. सहायक अध्यापक राजेश प्रसाद, पंकज सिन्हा और कुंती देवी, संयोजिका गायत्री देवी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि जीतू मांझी, बबुनी मियाँ, छोटेलाल प्रसाद, प्रबंधन समिति सदस्य प्रमोद दास, अर्जुन दास, मोहम्मद रफीक, अनिल दास, मंजू देवी, विजय दास, अभिभावक कुलेश्वर दास, उषा देवी, प्रकाश दास, मनोज दास, जानकी दास समेत कई लोग उपस्थित थे।

मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के उन्मुखी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड,रांची सह झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,रांची के संयुक्त तत्वावधान में मैट्रिक एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा के उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन राजकीय +2 जिला स्कूल, हजारीबाग के सभागार में आयोजित किया गया। क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक सुमन लता टोपनो बलिहार के द्वारा ऑल स्पाईस का बलतर एवं स्वामी विवेकानन्द की पुस्तक नया भारत गढ़ो देकर किया गया। विषय प्रवेश क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के द्वारा किया गया। जैक परामर्शदाता के द्वारा परीक्षा के पूर्व परीक्षा के समय एवं परीक्षा के उपरांत विषयों पर गहन चर्चा किया गया। मौके पर सचिव महीप कुमार सिंह परीक्षा के बारीकियों पर चर्चा करते हुए परीक्षा का ऑनलाईन मॉनिटरिंग करने की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतिभा का सम्मान करना हम सभी का प्रमुख कर्तव्य है। जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो के द्वारा वार्षिक माध्यमिक एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा के सफल संचालन हेतु महत्वपूर्ण निदेश दिये। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन उपेन्द्र नारायण, जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल के चतरा, रामगढ, कोडरमा एवं हजारीबाग जिले के सभी कोटि के माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 550 की संख्या में प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनिल कुमार महतो, अध्यक्ष, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् राची, महीप कुमार सिंह सचिव झारखण्ड अधिविद्य परिषद रांची एवं परामर्शदाता राजकुमार प्रसाद सिंह के साथ सुमनलता टोपनो बलिहार क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, उछोप्र हजारीबाग, कुमारी नीलम जिला शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़, उपेन्द्र नारायण, जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग उपस्थित रहे। मंच संचालन संजय तिवारी के द्वारा किया गया।

इंदिरा गांधी मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। इंदिरा गांधी मेमोरियल कॉलेज के छात्र छात्राओं का भौगोलिक यात्रा कराया गया इसका नेतृत्व प्रबंधक अध्यक्ष इम्तियाज, पूर्व सचिव तालेश्वर राम, शिक्षक गौतम कुमार पांडेय, संजय सागर बबलू प्रजापति ने किया विद्यार्थियों का भगवान बिरसा जैविक उद्यान में विभिन्न जंगली -जानवरों के बारे में अध्ययन कराया गया। विद्यार्थियों ने तेंदुआ, चीता ,शेर ,दरियाई घोड़ा, एमू, लंगूर आदि विभिन्न प्रकार के जानवरों को देखा और अध्ययन किया .प्रबंधक मोहम्मद इम्तियाज ने बताया कि बच्चों का शैक्षणिक एवं भौगोलिक भ्रमण इसलिए कराया जाता है. क्योंकि बच्चे देखकर ज्यादा समझते हैं।तालेश्वर राम कहा कि कॉलेज द्वारा शैक्षणिक भ्रमण हमेशा कराया जाता है।शिक्षक गौतम कुमार पांडेय ने कहा कि से कॉलेज में पुस्तक द्वारा बच्चे अध्ययन करते हैं। भ्रमण कराने से संबंधित विषयों को देखकर समझते।जिन विषय बारे में किताब में पढ़ते हैं, उन विषयों को देखकर हकीकत रूपी समझते हैं।भ्रमण में मुख्य रूप से प्रबंधक अध्यक्ष मोहम्मद इम्तियाज, पूर्व सचिव तालेश्वर राम, शिक्षक संजय सागर ,गौतम कुमार पांडेय, बबलू प्रजापति ,मदन कुमार, नाजिया, मुस्कान,फरहीना ,नाजमा ,आफरीन,कुंदन कुमारविश्वकर्मा,शुभम विश्वकर्मा,प्रशांत कुमार, सनी वर्मा, मो अरबाज, नेहाल, प्रमोद सोनी, विशाल कुमार, करण कुमार, मो गोहर उर्फ शिबू समेत अन्य विद्यार्थी मौजूद थे।

हजारीबाग पुलिस लाइन में एक महिला की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग पुलिस लाइन में 28 वर्षीय महिला की हत्या कर दी गई है। महिला टाटीझरिया की रहने वाली थी। गला रेतकर हत्या करना बताया गया है। महिला पुलिस लाइन में ही पदस्थापित पुलिस परशुराम के साथ रहती थी। इस मामले में पुलिस छानबीन में परशुराम से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि रिंकी कुमारी पुलिस लाइन से महज 300 मीटर दूर लक्ष्मी पेट्रोल पंप पर काम करती थी। वहीं मेदिनीनगर निवासी पुलिस जवान परशुराम कुमार हजारीबाग में पदस्थापित है। परशुराम कुमार की पत्नी का निधन भी कुछ माह पहले संदिग्ध अवस्था में हुआ था। इसके बाद से वह पेट्रोल पंप कर्मी रिंकी कुमारी के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगा। घटना के बाद परशुराम कुमार ने बताया कि वह गिनती के लिए लाइन में गया था। लाइन से लौटने के बाद जब कमरे में पहुंचा तो खून से लथपथ अवस्था में रिंकी का शव पड़ा हुआ था। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह मामला पूरी तरह संदिग्ध बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिलवार कला गांव के कुआं से मिला एक युवक का शव

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलवार कला में बुधवार को सिलवार कला निवासी दामोदर रविदास पिता लखन रविदास 18 दिसंबर रविवार को घर से काम करने निकला था लेकिन घर वापस नहीं आया आज उनका शव रेहवा अहार के पास कुआं में मिली। उनकी पत्नी एतवरिया देवी के द्वारा बताया गया मेरे पति राजमिस्त्री का काम करते थे, कुछ दिनों से उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी घर से काम करने जाने को बोल कर घर से निकले लेकिन वापस नही आये कोई आता पता नही मिला जब लोगों के द्वारा सभी कुओं तालाबों को देखा गया तो रेहवा आहार के पास कुआं में उसका तम्बाकू का डिब्बा तैरता मिला तब लोगों ने उसे ढूंढ कर कुआं से निकला। इसकी सूचना मुफस्सिल थाने में दी गयी मोके पर मुफस्सिल पुलिस पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सिलवार के पूर्व मुखिया महेंद्र राम ने जिला प्रशासन से उचित मुवावजा दिलवाने की मांग किया है।

बजरंग दल के प्रखंड संयोजक ने किया रक्तदान

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड बजरंग दल प्रखंड संयोजक रवि कुमार ने रक्तदान कर 10 वर्षीय बच्चा का जान बचाया। रवि कुमार ने बताया कि चौपारण प्रखंड के बहरा निवासी स्व राजेंद्र भुईयां के 10 वर्षीय पुत्र को शरीर में रक्त की कमी था तो उनके परिवार ने हजारीबाग के बजरंग दल के कार्यकताओं से सहायता मांगा। जिला के पदाधिकारी ने हमसे संपर्क किया। मैंने हजारीबाग जा कर रक्तदान किया। रवि ने कहा कि लोगों का सहयोग करना हि हमलोगो का मुख्य काम है। रक्तदान करने से शरीर और स्वस्थ्य होता है।

पुलिस ने गश्ती के दौरान अवैध पिस्टल के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। मुफ्फसिल पुलिस ने मंगलवार रात अवैध पिस्टल के साथ एक व्यक्ति को धर दबोचा है। थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया की मंगलवार रात्रि को गुप्त सूचना मिली थी कि एक अपराधी जिसके पास अवैध पिस्टल है जो एनकेवाई बस से रांची से हजारीबाग की ओर आ रहा है। कोनार बाईपास के पास बस से उतरने वाला है, जिसे गस्ती के क्रम में एएसआई सिद्धेश्वर पंडित सशस्त्र बल के सहयोग से उक्त व्यक्ति को खदेड़ कर पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम अभिषेक कुमार सिन्हा उर्फ सूरज सिन्हा उम्र 28 वर्ष, पिता लक्ष्मण प्रसाद सिन्हा, ग्राम शिवगंज, थाना कोतवाली, जिला रांची बताया। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर कमर से 7. 65 एमएम का लोडेड पिस्टल मैगजीन लगा हुआ पाया। जिसमें मैगजीन निकालने पर चार चक्र जिंदा गोली मिला। पकड़े गए व्यक्ति से अवैध पिस्टल के संबंध में पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। तत्पश्चात उपरोक्त सभी सामानों की विधिवत जब्त की कर पकड़े गए व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

बरामद सामान

एक 7.65एम एम का लोडेड पिस्टल मैगजीन लगा हुआ, चार चक्र जिंदा गोली, एक जियो कंपनी का मोबाइल और एसीई कंपनी का किपेड मोबाइल बरामद किया गया।

इलाज के लिए पैसे के अभाव में एक युवक की मौत

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया में गरीबी आज भी लोगों की जान ले रही है। गरीबी से जूझते एक परिवार के जवान बेटे की सिर्फ इस वजह से मौत हो गयी, क्योंकि परिवार के पास गरीब का इलाज कराने के लिए पैसे नहीं थे। टाटीझरिया प्रखंड के डुमर गाँव निवासी कारू रजक का 25 वर्षीय पूत्र निर्मल रजक कई दिनों से किडनी की गंभीर बिमारी से ग्रसित था। पैसे की कमी के कारण वह छोटे डॉक्टरों के पास ईलाज करवाता था। मंगलवार को वह अपनी पत्नी के साथ गोमिया ईलाज के लिए गया हुआ था। वापस लोटने के क्रम में होलंग चौक में अचानक गिर गया जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक निर्मल रजक का शादी दो वर्ष पूर्व ही हुआ था। उसका एक वर्षीय बेटा भी है। परिवार वालो के पास श्राद्धकर्म कराने को पैसे नहीं है। परिवार वालो ने मदद की गुहार लगायी है।

विधानसभा घेराव करने जा रहे छात्रों को पुलिस ने रोका, बवाल

मांडू में छात्रों ने रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच-33 को तीन घंटे किया जाम, सैकड़ों वाहन फंसे

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़/मांडू। उच्च न्यायालय में नियोजन नीति रद्द होने के बाद राज्य सरकार के खिलाफ छात्रों में काफी आक्रोश है। छात्र लगातार आंदोलन कर रहे हैं। तय रणनीति के तहत बुधवार को हजारीबाग की ओर से रांची विधानसभा घेराव करने बड़ी संख्या में जा रहे थे। इसी क्रम में मांडू पुलिस ने थाना गेट के समक्ष सभी को रोक दिया।

सड़क 3 घंटे तक जाम, वाहनो की लंबी कतार लगी

इधर मांडू पुलिस ने जैसे ही बस पर सवार छात्रों को मांडू थाना गेट के समीप एन एच 33 पर रोका। वैसे छात्रों बवाल काटना शुरू कर दिया। राज्य सरकार के विरोध में नारेबाजी कर एन एच 33 पर आवागमन ठप करा दिया। जिसके कारण सड़क के दोनों ओर वाहनो की लंबी कतार लग गयी। सड़क करीब 3 घंटे तक जाम रहा।

क्या है मामला

जानकारी के अनुसार उच्च न्यायालय के द्वारा नियोजन नीति रद्द कर करने के बाद राज्य सरकार के विरोध में हजारीबाग से रांची विधानसभा घेराव करने जा रहे विजय रथ नामक दो यात्री बस में सवार दर्जनों छात्रों को मांडू पुलिस ने थाना गेट के समीप एन एच 33 पर रोक दिया। जिसके बाद छात्र उग्र हो गये और छात्र आक्रोशित होकर सड़क में हो हंगामा कर आवागमन को ठप करते हुए धरने पर बैठ गये।

सड़क जाम की सूचना पर मांडू पहुंचे डीएसपी

मांडू पुलिस ने सड़क जाम की सूचना वरीय पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना मिलते ही एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, सीओ जय कुमार राम घटना स्थल पहुंच कर छात्रों से मामले की जानकारी ली। छात्रों को समझा कर करीब 3 घंटे के बाद दोनो यात्री बस को अधिकारियों ने छोड़ दिया। इसके पश्चात सभी छात्र बस में सवार होकर चले गए। इस संबंध में एसडीपीओ श्री रजक ने बताया कि सूचना मिली कि स्थानीय नियोजन नीति रद्द होने के बाद छात्र विधानसभा घेराव करने जा रहे थे। जिन्हे रोका गया था। लेकिन उन्हें अब छोड़ दिया गया। मौके पर पुलिस निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता थाना, प्रभारी अनंत कुमार सिंह, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी कृपाल कच्छप,अनिल हेमब्रोम, संतोष गुप्ता अपने सशस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

कुलपति ने रजरप्पा मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्विद्यालय के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव सपरिवार रजरप्पा मंदिर पूजा कर मत्था टेक रक्षा सूत्र बनवाए और लिया आशीर्वाद। रजरप्पा मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात वापस लौटने के क्रम में चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर पहुँचे, जहां कुलपति के द्वारा कॉलेज की वस्तु स्थिति की जानकारी ली और कॉलेज परिसर में पहुंचने के बाद महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया। यह पहला मौका है जब डॉ मुकुल नारायण देव चितरपुर महाविद्यालय पर आगमन हुआ आने से शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों में काफी खुशी का माहौल बना रहा इस मौके पर महाविद्यालय परिसर को देखकर कुलपति ने प्रशंसा किए तथा नयी शिक्षा नीति को लेकर चचाएँ भी कीं। समय की व्यस्तता के कारण वे 11 बजे अपने गंतव्य की ओर हजारीबाग रवाना हुए। इस अवसर पर प्रो० मनोज झा,प्रो निरंजन महतो,प्रो अंजनी करमाली,, प्रो० ज्योति कुमारी, प्रो० जुही उपाध्याय, प्रो० निखहत प्रवीण, प्रो० कुरुतअलैन, प्रो० अंजू कुमारी, प्रो० फहमीदा नाज, प्रो० तराशकर अग्रवाल, प्रो० उत्तम कुमार, प्रो० शबाना अंजुम, डॉ हीना कौसर, जफरुल खान, रवि कुमार, सोनू कुमार, आसिया अफरिण, कुसुम कुमारी, राजेश तिवारी, राहुल कुमार, पिंटू कुमार, पूनम कुमारी, करमी देवी तथा प्रकाश कुमार सहित कई कॉलेज कर्मी उपस्थित थें।

रोटरी रामगढ़ सिटी ने पोना में किया असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रोटरी रामगढ़ सिटी ने कड़कड़ाती ठंड और सीतलहरी को देखते हुए गरीब और असहाय बुजुर्गों को बड़की पोना रामगढ़ के पंचायत भवन में बुधवार को 250 कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष हरीश चौधरी ने कहा कीरोटरी रामगढ़ सिटी गरीब और असहाय लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है साथ ही क्लब के पूर्व अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि हमारा क्लब प्रत्येक वर्ष निशुल्क कंबल वितरण करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रवि अग्रवाल और भरत गोयल थे। कार्यक्रम में सचिव अनिल गोयल, आदर्श चौधरी, रोहित पंसारी, प्रकाश अग्रवाल मौजूद थे।

जुबिली कॉलेज के वाणिज्य संकाय में उद्यमी विषय पर व्याख्यान का आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में पिछले दो सप्ताह से विभिन्न विषयों पर चल रहे व्याख्यान के क्रम में बुधवार को वाणिज्य संकाय में उद्यमी विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ महेन्द्र पांडेय ने की। आईक्यूसी के को-ऑडिनेटर डॉ. एकेएस झा ने मुख्य वक्ता जेएम कॉलेज भुरकुंडा के प्रो. अनुज कुमार सिंह का स्वागत करते हुए व्याख्यान के लिए मंच पर बुलाया। मौके पर अनुज कुमार सिंह ने कहा कि उद्यमी का संबंध जीवन से जुड़ा है। विकास करने के लिए व्यवसाय जरूरी है। इसी के माध्यम से परिवार, समाज व देश विकास कर सकती है। विषय प्रवेश कराते हुए वाणिज्य के प्रो. गोपाल विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को कई अहम बातें बताई। इस दौरान विद्यार्थियों ने वक्ताओं की बातों को ध्यान पूर्वक सुन व समझकर प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। दो सप्ताह से चल रहे इस व्याख्यान में विभिन्न कॉलेजो के प्राध्यापक व प्राध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों को कई अहम बातें बताते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मौके पर प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्रो. एन पांडेय, डॉ. बी रविदास, डॉ. सुरेश प्रसाद दांगी, प्रो. एनके तिवारी, डॉ. आलोक कुमार, प्रो. राजेश कुमार, डॉ. विभा राय, डॉ. एसएस पांडेय, प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. मनोज कुमार दास, डॉ. बालमुकुंद, डॉ. एसपी पांडेय, डॉ. मिथिलेश कुमार, मनोज प्रसाद, प्रो. मनोज कुमार सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थें।

सीसीएल तोपा में मना 65वां खान सुरक्षा सप्ताह

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। सीसीएल कुजू प्रक्षेत्र अंतर्गत तोपा परियोजना के पीट ऑफिस में 65वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस सुरक्षा खान सप्ताह के तय तिथि पर तोपा परियोजना के खुली खदान का निरीक्षण एनके एरिया क्षेत्र से आई टीम ने की। तत्पश्चात सामुदायिक भवन तोपा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान खान सुरक्षा को लेकर जीवंत झांकी समेत कई आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वही, विभिन्न विभागों के दर्जनों कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर कुजू जीएम सीएस तिवारी, एसओपी एम एफ हक,

पीओ मनीष कुमार, खान प्रबंधक एमके सिंह, खान सुरक्षा आरके यादव, प्रबंधक कार्मिक एके श्रीवास्तव, क्षेत्रिय सुरक्षा अधिकारी एसके सिंह, टीम में रविन्द्र बोनथा, जे इब्राहिम, सीबी प्रसाद, एलएन राणा, कमल गोस्वामी, मोहन कुमार, सतेंद्र सिंह, वरथू मुंडा, जयनाथ महतो, प्रदीप कुमार राम, रंजीत सिंह, महालाल मांझी, रामनाथ महतो, सुहेल अंसारी, कामेश्वर महतो समेत कई लोग शामिल रहे।

चतरा बीएड कॉलेज में क्रिसमस गैदरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा । चतरा बीएड कॉलेज के संभाग में बुधवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य आरपी रॉय ने चरणी के समीप मोमबत्ती जलाकर किया। इस कार्यक्रम में बीएड संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह, प्रो. प्रेम बसंत बाखला, डॉ.संजय कुमार, प्रो.ग्लोरिया ग्रेस होरो, प्रो शोभा कुजुर, प्रो कंचन सोय मुरूम, प्रो अमित कुमार सिंह, प्रोवमुमताज अंसारी, प्रो. चंदन कुमार सिंह, डॉ.मनीष दयाल, डॉ.मुकेश झा, डॉ.एल्विन बाखला, प्रो.अतुल अनुराग तिर्की, मारवाड़ी कॉलेज बॉयज, रांची के पॉलिटिकल साइंस की विभागाध्यक्षा प्रो. बहालेन होरो बाखला एवं कॉलेज के अन्य

शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। मंच का संचालन प्रिंस जॉय खलखो एवं अमिता कुजुर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रभु यीशु की प्रार्थना एवं उनके संगीत के माध्यम से सभी को क्रिसमस संदेश दिया गया।प्रथम वक्ता के रूप में बीएड विभाग के प्रो प्रेम बसंत बाखला ने क्रिसमस संदेश देते हुए सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं एवं नए साल की बधाईयां दी तथा सभी को इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया।प्रो. ग्लोरिया ग्रेस होरो ने अपने वक्तव्य में ईसाइयों का प्रमुख त्योहार बताया। साथ ही उन्होंने बताया कि यीशु के जन्म के खुशी में यह त्योहार मनाया जाता है ताकि लोग अपने भोग विलास में पड़े हुए जीवन को त्याग कर एक नए साल की शुरूआत अच्छे से करें। साथ ही उन्होंने यीशु मसीह के जन्म की सारी बातों को विस्तार पूर्वक बताया। प्रो. बहालेन होरो बाखला ने अपने वक्तव्य में सभी धर्मों से ऊपर उठकर मानवता को महान बताया एवं क्रिसमस गैदरिंग की अनंत शुभकामनाएं तथा बधाइयां दी। मंच पर मंचासीन सभी विद्वानों ने अपने अपने वक्तव्य के माध्यम से प्रभु यीशु के जन्म के बारे में प्रकाश डाला एवं उनके महानतम गुणों तथा मनुष्य के उद्धार को लेकर अपने जीवन को त्याग करने के बारे में भी बताया।

लंबित मांगों को लेकर एलार्सा ने क्रू लॉबी में दिया धरना

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू रेलवे के क्रु लॉबी में ऑल ईंडिया लोकों रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एलार्सा) के बैनर तले धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के नेता मृत्युंजय कुमार ने बताया कि रनिंग स्टाफ की बहुत सी मांगे लंबित हैं। इसी को लेकर धरना दिया गया। इसमें उन्होने कहा कि रेलवे के नीजीकरण बंद करने एवं पुरानी पेंशन नति लागु करने, एसपीएडी में रिमुव फॉर सर्विस बंद किया जाने, ईंजन में एफएसपी एवं टुल बॉक्स लगाने, सहायक चालक को जोखिम भत देने सहित अन्य कई मांगे लंबित हैं। मौके पर मृत्युंजय कुमार, संतोष कुमार, मनोविनोद, राहूल कुमार, गोबिंद राज, श्रीकांत कुमार, शिव शंकर, जीपी सिंह, सहित अन्य रेल कर्मचारी शामिल थे।

चार दिनों से अधेड़ है गुमशुदा, थाने में दिया गया आवेदन

टंडवा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के करममोड़ निवासी धुरन राणा पिता स्व० करम राणा पिछले चार दिनो से लापता है। जिसको लेकर बुधवार को पत्नी ने टंडवा थाना मे लिखित आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगायी है?। घटना को लेकर पत्नी ने बताया कि बीते रविवार को धुरन राणा अपने घर से शाम के चार बजे मिश्रौल स्थित सप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने के लिए निकला था, जहां से सब्जी खरीदकर शाम के साढ़े पांच बजे अपने घर वापस लौट गया। घर लौटने के तुरन्त बाद धुरन बाजार से खरीदे गये सब्जी को रखकर पुनः करममोड़ मेन रोड की ओर निकला जिसके बाद से वह लापता है। परिजनो और गांव वालो के अनुसार धुरन को अंतिम बार करममोड़ मेन रोड के समीप लाल स्वेटर और ब्लू रंग के ट्राउजर के साथ शाम के सात बजे देखा गया है। जहां के बाद वह गुमशुदा है। पत्नी ने यह भी बताया कि पति के गुमशुदगी को लेकर अपने सभी करीबी रिश्तेदारों के घर पता लगाया लेकिन वहां भी कोई पता नही चला।

चेंबर सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ चेंबर सेवा ट्रस्ट के सत्र 2023-26 के लिए हुए चुनाव में मुख्य चुनाव पदाधिकारी प्रदीप कुमार सिंह एवं सहायक चुनाव अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि रामगढ़ चेंबर सेवा ट्रस्ट के लिए अध्यक्ष पद के लिए दुर्गा प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष पद के लिए निश्चित निश्चल, सचिव पद के लिए दिनेश कुमार पोद्दार, सह सचिव पद के लिए राजेंद्र प्रसाद साह एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए मो फिरोज ने नामांकन दाखिल किया था। वही, नाम वापसी के दिन तक किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापस नहीं लिया गया। इसको देखते हुए मुख्य चुनाव पदाधिकारी प्रदीप कुमार सिंह एवं सहायक चुनाव अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल ने चेंबर सेवा ट्रस्ट के सत्र 2023-26 के पदाधिकारियों की घोषणा कर दी। जिसमें अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष निश्चित निश्चल उपाध्यक्ष, सचिव दिनेश कुमार पोद्दार, सह

सचिव राजेंद्र प्रसाद साह, कोषाध्यक्ष मो फिरोज को निर्विरोध रूप से निर्वाचित घोषित किया। वही, चुनाव पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देते हुए शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि निर्वाचित पदाधिकारियों के नेतृत्व में नई टीम चेंबर सेवा ट्रस्ट बेहतर कार्य समाज के लिए करेगी।

समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर करूंगा समाजहित में काम : दुर्गा

नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सिंह ने कहा कि मेरा यह प्रयास होगा कि चेंबर सेवा ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर अपने सत्र में चेंबर सेवा ट्रस्ट के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए समाज के हर वर्ग के लिए बेहतर कार्य करने का प्रयास करूंगा। साथ ही समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर समाजहित में काम करूंगा।

चेंबर सेवा ट्रस्ट अपनी हर सुविधा देने के लिए तत्पर रहेगा : दिनेश

नवनिर्वाचित सचिव दिनेश कुमार पोद्दार ने कहा कि मेरा यह प्रयास होगा चेंबर सेवा ट्रस्ट के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए चेंबर सेवा ट्रस्ट अपनी हर सुविधा देने के लिए तत्पर रहेगा। इस अवसर पर चेंबर सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष अधिवक्ता आनंद अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

डीसी ने प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति जिला अनुमोदन एवं अनुश्रवण की बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा । समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक की गयी। बैठक में जिला के सभी सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत एससी, एसटी, ओबीसी, वर्ग के छात्र छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही अनुमोदन समिति के बैठक में छात्र छात्राओं को लाभ देने हेतु 61376 आवेदन को अनुमोदित किया गया। ज्ञात हो की मुख्यमंत्री ने सरकार के तीन वर्ष 29 दिसंबर को पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री के सम्भावित चतरा आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारी एवं मुख्यमंत्री

सुखाड़ राहत योजना, छात्रवृत्ति, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य संचालित योजनाओं के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराने को लेकर उपायुक्त अबु इमरान ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, कल्याण पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

खोपड़िया बाबा धर्मशाला में मकर संक्रांति पर होगा श्री अखंड हरिकीर्तन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर श्री खोपड़िया बाबा श्री हनुमान मंदिर भुरकुंडा बाजार में 24 घंटे का महाअष्टयाम अखंड हरिकीर्तन और भंडारे का का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय खोपड़िया बाबा धर्मशाला में मंगलवार की शाम बैठक में हुई। बैठक में कहा गया कि यह बहुत खुशी की बात है कि कई वर्षो बाद यहां भुरकुंडा बाजार में मकर संक्रांति पर श्री अखंड हरिकीर्तन का आयोजन होगा। मौके पर अखंड हरिकीर्तन संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुखदेव राम, सचिव किशोर रवानी, कोषाध्यक्ष जीवन गुप्ता, संरक्षक पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, गुलाब चंद्र मिश्रा, परमजीत सिंह धामी, कृष्णा बंसल, संजय अग्रवाल, श्याम किशोर पांडेय, रामगोपाल अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र सिंह, राजूराम, अभिषेक मिश्रा, सुरेश उपाध्याय, ओम गुप्ता, संतोष गुप्ता, आशीष कुमार ,गणेश साव ,बजरंगी, राजेश अग्रवाल ,रवि कुमार, पप्पू गोस्वामी ,संजीव पाठक आदित्य करमाली आदि चुने गए। बैठक की अध्यक्षता सुखदेव राम ने की।

निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं : डीसी

चतरा । उपायुक्त अबु इमरान ने जिले में निमार्णाधीन भवनों तथा अन्य कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करवाने के लिए प्रयासरत हैं। डीसी ने योजनावार कार्य प्रगति की समीक्षा भी करते हैं। इसी क्रम में बुधवार को शहर के स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर में बन रहे इंडोर और आऊटडोर स्टेडियम कार्य प्रगति का जायजा लेने स्थल पर पहुंचे। मौके पर मौजूद अभियंता और संवेदक को उन्होंने कार्य मे तेजी लाते हुए ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया। साथ ही कहा कि निर्माण कार्य मे लगने वाले मेटेरियल की गुणवत्ता के साथ समझौता कतई बर्दाश्त नही की जाएगी। उपायुक्त ने विनय भारती पार्क और जल छाजन स्थित बनने वाले ताइक्वांडो स्टेडियम का भी निरीक्षण किया।

अलकापुरी में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगा

रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को प्रातः 9 बजे से अलकापुरी में श्री शिव मंदिर कमिटी के सौजन्य से केयर नेत्रम के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमे केयर नेत्रम के टीम के द्वारा 145 लोगो का निशुल्क नेत्र जांच किया गया, जिसमें लोगो का मोतियाबिंद वगैरह का जाँच भी किया गया।। और लोगो को सलाह भी दिया गया जिनको ऑपरेशन की जरूरत होगी उन्हें आगे निशुल्क ऑपरेशन की भी सुविधा प्रदान की जायेगी।। इस शिविर में मंदिर कमिटि के अध्यक्ष श्री दिलीप चौधरी , इंद्रदेव साह, सुनील कुमार, जय प्रकाश वर्मा, चंदन चौधरी, आनंद कुमार , और राजेश सिंह जी एवं सदस्य गण की मुख्य भागीदारी रही। मंदिर कमिटी केयर नेत्रम टीम का धन्यवाद करती है जिनके सहयोग से ये कार्य सम्भव हो पाया।

पुराने ब्लॉक के मंदिर को न्यू ब्लॉक परिसर में एनटीपीसी करे प्रतिष्ठापित : विहिप

आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। विहिप के प्रांत एवं जिला संगठन मंत्री पदाधिकारियों द्वारा टंडवा अंचल अधिकारी विजय कुमार को बुधवार को ज्ञापन सौंपे। विहिप के प्रखंड अध्यक्ष तारकेश्वर गुप्ता पत्र में बताया है की एनटीपीसी के द्वारा पुराने ब्लौक परिसर अधिकृत भूमि में एनटीपीसी ने आज तक पूरे परिसर में डैम का निर्माण बड़े पैमाने पर कर दिया गया है,परंतु यह बहुत बड़ी दुर्भाग्य है जिस ब्लॉक परिसर के माध्यम से आज पूरे प्लांट को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले स्तंभ, कार्यपालिका, न्यायपालिका, द्वारा भरपूर सहयोग मिलने के उपरांत एनटीपीसी के पदाधिकारियों द्वारा उपलब्धि लेने में कहीं कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। आये दिन हम लोगों को खुशियां पूरे भारतवर्ष में महक रही है। एनटीपीसी के पदाधिकारियों की उदासीन रवैया के कारण आज तक पुराने ब्लौक परिसर में निर्मित मंदिर में मूर्तियों को एनटीपीसी के माध्यम से अधिकृत करने के पश्चात पुराने ब्लॉक परिसर में बने मंदिर एवं मूर्ति जो अभी खंडित हो चुकी है उन्हें ना ही विधि वक्त उन्हें विसर्जन किया गया है।

वन विभाग में प्रतिनियुक्त गृहरक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल मिला मंत्री बादल पत्रलेख से

भुगतान होंगे जल्द, सरकार गंभीर : बादल पत्रलेख

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा । वन विभाग में प्रतिनियुक्त गृहरक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को दुर्गा प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में गृहरक्षा वाहिनी जिला इकाई चतरा के तत्वावधान में झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार श्रीवास्तव से मिलकर बकाया लंबित भुगतान से संबंधित ज्ञापन सौपा। पत्र में गृहरक्षकों. ने वर्ष 2021मार्च से मार्च 2022 तक कुल 13 महीने का सभी बकाया राशि की त्वरित भुगतान करने के लिए सरकार से आग्रह किया है।

हालांकि इस मामले से वन विभाग के सम्बंधित विभिन्न वरीय पदाधिकारियों व राज्य के कई मंत्रियों को भी पत्राचार एव मिलकर गृहरक्षकों ने पिछले छः महीने पूर्व से ही अवगत करा रहे हैं अपितु कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की गई। फलतः भुगतान नहीं हुए जिससे सभी कार्यरत गृहरक्षकों का मालीहालात हो चुकी है सभी को समस्याओं से दो दो हाथ करना पड रहा है। इसके संबध में कई बार टीवी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार माध्यमों से भी खबरें प्रमुखता से प्रकाशित की गई है। पुनःलाचार गृहरक्षकों ने अंततः मंगलवार को रांची शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य के मंत्री तथा वन विभाग के प्रमुख से मिलकर जल्द लंबित भुगतान की मांग की है। इधर राज्य के मंत्री बादल पत्रलेख ने सकारात्मक पहल कर सभी लंबित भुगतान बजट सत्र में पारित कराकर जल्द ही दिए जाने के आश्वासन दिया है वहीं प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बजट सत्र में स्वीकृति के बाद जनवरी तक हरहाल में भुगतान कर देने की बात कही गई है। ज्ञापन सौपने वाले प्रतिनिधिमंडल में गृहरक्षक दुर्गा प्रसाद शर्मा, मिथिलेश तिवारी, अशोक कुमार यादव, रमण सिंह, प्रदीप कुमार सिन्हा, नन्दकिशोर प्रसाद, रकीबुल ईमाम आदित्य ठाकुर मौजूद थे।

30 विद्यार्थियों के बीच पोशाक व जूता का हुआ वितरण

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। राजकीय कन्या विद्यालय कुरसे में बुधवार को विद्यार्थियों के बीच पोशाक व जूता का वितरण किया गया। इस दौरान कुरसे पंचायत के मुखिया संदीप उरांव द्वारा 30 बच्चों के बीच स्कूल ड्रेस, स्वेटर व जूता-मोजा का वितरण करते हुए कहा कि बच्चों को पठन-पाठन में किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने बच्चों को शिक्षा में हर संभव मदद करने की भी बात कही। मौके पर प्रधानाध्यापिका माधुरी, उप मुखिया अजय तुरी, अनीता देवी, रेखा देवी, संतोष यादव, प्रिंस बेदिया, मनोहर मुंडा, सती देवी सहित दर्जनों अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

चतरा केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने लहराया परचम

चतरा (आजाद सिपाही)। केंद्रीय विद्यालय के द्वारा हजारीबाग के मेरु केवी में आयोजित संकुल स्तरीय मिनी स्पोर्ट मीट प्रतियोगिता में चतरा केवी के बच्चों ने परचम लहराया है। खेल में चतरा के बच्चों का दबदबा का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि इस प्रतियोगिता में चतरा केंद्रीय विद्यालय से महज 23 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें से 20 बच्चों ने मैडल जीता है। खेल शिक्षक धीरज खलको ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने कबड्डी,लंबी कूद, 100 मीटर, 200 मीटर, 50 मीटर, बॉल थ्रो, रस्सी कूद, रिले रेस आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से लेकर 5 तक के ही बच्चों ने भाग लिया। टीम का नेतृत्व विद्यालय के खेल शिक्षक धीरज खलको व म्यूजिक टीचर भरत टंगरी कर रहे थे । इधर विजेता टीम के स्कूल पहुंचने पर विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश जोशी सहित सभी शिक्षकों ने उनका स्वागत किया और बच्चों का हौसला आफजाई किया।

बायोडायवर्सिटी पर अच्छी डील

संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन या कॉप 15 में 196 देशों का इस बात पर राजी होना सचमुच बड़ी बात है कि साल 2030 तक पृथ्वी के 30 फीसदी हिस्से को प्रकृति के लिए संरक्षित कर दिया जाएगा। दुनिया भर में दी जा रही उन सब्सिडी में सालाना 500 अरब डॉलर की कमी लायी जाएगी, जो पर्यावरण के लिहाज से नुकसानदेह हैं और कम से कम 30 फीसदी ऐसे इलाकों को फिर से दुरुस्त किया जाएगा, जिनका इकोसिस्टम खराब हो चुका है। इस समझौते से उत्साहित कुछ विशेषज्ञ इसे जैव विविधता का 'पैरिस मोमेंट' बता रहे हैं। निश्चित रूप से क्लाइमेट चेंज से कम बड़ा मुद्दा नहीं है जैव विविधता का। दोनों पर्यावरण को हो रहे नुकसान से सीधे तौर पर जुड़े हैं। हालांकि यह समझौता होना जितना अहम है, उतना ही मुश्किल है इस पर अमल सुनिश्चित करना। उदाहरण के लिए, पृथ्वी के 30 फीसदी हिस्से को संरक्षित करने को ही लिया जाए तो आज की तारीख में महज 17 फीसदी हिस्सा ही प्रकृति के लिए संरक्षित है। अगले सात वर्षों में इसे बढ़ाकर 30 फीसदी तक ले जाने के लिए विभिन्न सरकारों को नीतियों और विकास परियोजनाओं के स्वरूप और उसकी गति के स्तर पर कई तरह के ऐसे बदलाव करने पड़ेंगे, जो उनके लिए आसान तो बिलकुल नहीं हैं। इन बदलावों की अपनी आर्थिक कीमत भी है। इस लिहाज से एक बड़ी अड़चन यह है कि सम्मेलन में भारत सहित विकासशील और गरीब देशों की ओर से की जा रही नये फंड की मांग उस रूप में पूरी नहीं हो सकी जैसी कि उम्मीद की जा रही थी। समझौते के मुताबिक, फिलहाल संयुक्त राष्ट्र के मौजूदा बायोडायवर्सिटी फाइनैंसिंग फंड के ही तहत कुछ रकम जुटाई जाएगी। अलग फंड के मुद्दे पर अगले सम्मेलन में विचार किया जाएगा। मौजूदा विश्व की पर्यावरण चिंताओं का यह एक दिलचस्प पहलू है कि अमीर और विकसित देश कार्बन उत्सर्जन पर चिंता जताने और पर्यावरण सुधारने की जरूरत बताने में तो आगे रहते हैं लेकिन जब इसके लिए ठोस आर्थिक योगदान करने की बात आती है तो टालमटोल की मुद्रा में आ जाते हैं। बहरहाल, इस समझौते की एक अच्छी बात यह है जिसे भारत के हस्तक्षेप का परिणाम बताया जा रहा है कि सभी लक्ष्यों का स्वरूप वैश्विक ही रखा गया है। विभिन्न देश अपनी परिस्थितियों, प्राथमिकताओं और क्षमताओं के अनुरूप उसे अपनाने और उस पर अमल करने के लिए स्वतंत्र होंगे। पहली नजर में लग सकता है कि अलग-अलग देशों का कोटा तय न होने के कारण इन पर अमल अपेक्षा से धीमा होगा, लेकिन प्रतिबद्धताएं कागजी न रह जाएं, इसके लिए इसके स्वरूप में यह लचीलापन जरूरी था। हालांकि इन सबके बावजूद समझौते पर वास्तव में किस हद तक अमल होता है यह समय ही बताएगा, लेकिन पर्यावरण से जुड़ी चिंताएं हमारी प्राथमिकता में लगातार ऊपर उठ रही हैं और यही चीज भविष्य के लिए उम्मीद जगाती है।

संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन या कॉप 15 में 196 देशों के समझौते की एक अच्छी बात यह है कि सभी लक्ष्यों का स्वरूप वैश्विक ही रखा गया है।

अभिमत आजाद सिपाही

देश की कुल आबादी का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले राज्य अब केंद्र में सत्ता के अलावा अन्य दलों के शासन के अधीन हैं, जिसका अर्थ है कि इतनी बड़ी आबादी के लोकतांत्रिक अधिकारों से समझौता किये बिना एक साथ चुनाव कराने पर विचार भी नहीं किया जा सकता है। मोदी और उनकी सत्तारूढ़ पार्टी इसे एक बलिदान मान सकती है जो एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार के कथित लाभों के संदर्भ में बहुत छोटा है।

एक राष्ट्र एक चुनाव की योजना पर काम कर रही है मोदी सरकार

के. रवींद्रन

इस विचार को पहली बार 2015 में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर स्थायी समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट में आधिकारिक रूप से प्रस्तुत किया गया था, जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराने के प्राथमिक औचित्य के रूप में भारी लागत बचत का हवाला दिया गया था।

सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति करने वाली भारत की कॉलेजियम प्रणाली, जिसे केन्द्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने भारत के संविधान के लिए 'बाहरी' तत्व बताया है, पर गतिरोध एवं इसके लिए सुप्रीम कोर्ट को निशाने पर लेने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पसंदीदा धुन- एक राष्ट्र, एक चुनाव- को 'अपने मालिक के स्वर' (हिज मास्टर्स वायस अर्थात पुराने एचएमवी रिकार्ड) की तरह बजाना शुरू कर दिया है। रिजिजू ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा है कि चुनाव एक 'बड़े बजट का मामला' बन गया है और लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराने से सरकारी खजाने और लोगों को भारी बचत होगी।

कानून मंत्री ने कहा, 'एक साथ चुनाव कराने से सरकारी खजाने में भारी बचत होगी, बार-बार चुनाव कराने में प्रशासनिक और कानून व्यवस्था तंत्र के प्रयासों की पुनरावृत्ति से बचा जा सकेगा और राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को उनके चुनाव अभियानों में काफी बचत होगी।' उन्होंने कहा कि यह शासन में स्थिरता भी प्रदान करेगा।

वहीं प्रधानमंत्री मोदी के देश भर में विधान सभाओं तथा लोक सभा के चुनाव एक साथ कराने के विचार को यह कहते हुए आगे बढ़ा रहे हैं कि चुनाव के लिए आचार संहिता को लागू करने की मजबूरी के कारण एक ही तरह के प्रशासनिक कार्यों की पुनरावृत्ति की जाती है जो सरकारीतंत्र को गतिहीन कर देता है, जिससे लोगों के कल्याण के लिए किये जाने वाले सरकारी काम भी रुक जाते हैं।

1951-52, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे।

मोदी के इस विचार और आह्वान को सरकार के थिंक-टैंक नीति आयोग ने एक सैद्धांतिक ढांचा भी दे दिया है। आयोग ने 2017 में प्रधानमंत्री के तर्क को दोहराते हुए एक नोट तैयार किया था। इसके बाद विधि आयोग ने चुनाव कानूनों में सुधार पर अपनी रिपोर्ट में शासन में स्थिरता के हित में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराने का सुझाव दिया था। ध्यान रहे कि 1951-52, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। सन् 1968 और 1969 में सरकारों के गिरने के कारण कुछ राज्य विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण यह चक्र बाधित हो गया।

आज देश में राजनीतिक स्थिति 50 और 60 के दशक की तुलना में काफी अलग है। उस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सभी प्रमुख राज्यों में निर्बाध शासन का आनंद ले रही थी। इसलिए राजनीतिक हितों और विचारों के संदर्भ में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच कोई संघर्ष नहीं था। लेकिन आज, कई महत्वपूर्ण राज्यों में केंद्र में सत्ताधारी दल का विरोध करने वाली पार्टियों का शासन है और एक साथ चुनाव कराने के किसी भी प्रयास का मतलब विपक्ष शासित राज्यों में विधानसभाओं के कार्यकाल पर अतिक्रमण होगा और इसलिए स्थिरता के बजाय व्यवधान होगा।

देश की कुल आबादी का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा रखने वाले राज्य अब केंद्र में सत्ता के अलावा अन्य दलों के शासन के अधीन हैं, जिसका अर्थ है कि इतनी बड़ी आबादी के लोकतांत्रिक अधिकारों से समझौता किये बिना एक साथ चुनाव कराने पर विचार भी नहीं किया जा सकता है। मोदी और उनकी सत्तारूढ़ पार्टी इसे एक बलिदान मान सकती है जो एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार के कथित लाभों के संदर्भ में बहुत छोटा है। इसलिए यह संभावना नहीं है कि अन्य राजनीतिक दल इसे एक चुटकी नमक के बराबर भी महत्व देंगे।

इस विचार को पहली बार 2015 में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर स्थायी समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट में आधिकारिक रूप से प्रस्तुत किया गया था, जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराने के प्राथमिक औचित्य के रूप में भारी लागत बचत का हवाला दिया गया था। रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दौरान बनी राजनीतिक स्थिति में ऐसे कई उदाहरण थे जब लोकसभा के कार्यकाल को अस्थिर गठबंधन सरकारों के कारण उस समय तक कम से कम सात बार कम करना पड़ा। पहली बार पूरी अवधि से पूर्व ही 1971 के लोक सभा चुनाव हुए जबकि 1977 के चुनाव पांच वर्ष से अधिक समय पर हुए। उसके बाद भी तीन वर्ष के भीतर लोक सभा के चुनाव 1980 में करने पड़े। अगला चुनाव चार वर्ष में ही 1984 में हुए। दसवीं लोक सभा के चुनाव भी केवल दो वर्षों के भीतर 1991 में, बारहवीं लोक सभा 1998 के चुनाव तीन वर्ष के भीतर, तथा तेरहवीं 1999 एक वर्ष के भीतर कराने पड़े थे। इस प्रकार लोक सभा तथा राज्य विधान सभाओं के चुनावों का एक साथ होना संभव नहीं हो सका।

आज स्थिति पूरी इस तरह हो गई है कि सदनों को समय से पहले भंग किया जाना, चाहे लोकसभा हो या राज्य विधानसभाएं, दुर्लभ हो गया है। विधि आयोग, जिसने इस मुद्दे का अध्ययन किया था, ने सुझाव दिया था कि विधान सभाओं के चुनाव जिनका कार्यकाल लोकसभा के आम चुनावों के छह महीने बाद समाप्त होता है, एक साथ जोड़ा जा सकता है, लेकिन एक शर्त के साथ कि ऐसे चुनावों के परिणाम लोकसभा चुनाव के अंत में घोषित किये जायें।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 चुनाव आयोग को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं की अवधि समाप्त होने से छह महीने पहले आम चुनावों को अधिसूचित करने की अनुमति देता है। विधि आयोग की रिपोर्ट के साथ-साथ नीति आयोग के अध्ययन ने 2019 के आम चुनावों से प्रक्रिया शुरू करने की सिफारिश के साथ एक साथ चुनाव कराने की विस्तृत योजना दी थी। यही अवसर अब 2024 में उपलब्ध होगा, जब संसदीय चुनाव होने वाले हैं जिस दौरान एक साथ विधान सभाओं के चुनाव भी करवाये जा सकते हैं।

पांच राज्यों, अर्थात, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और तेलंगाना में 2024 में विधानसभा चुनाव होने हैं और लोकसभा चुनावों के साथ-साथ हो सकते हैं। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, मिजोरम और राजस्थान जैसे चार राज्यों में चुनाव 2023 में होने हैं और 2024 की शुरुआत में संविधान में संशोधन करके लोकसभा चुनावों के साथ तालमेल बिठाया जा सकता है। अगर ये स्थिति बनी तो हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र और दिल्ली में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ चुनाव हो सकते हैं, यदि वे स्वेच्छा से अपने सदनों को समय से पहले भंग कर देते हैं।

तकनीकी तौर पर यह मुमकिन है, लेकिन सिर्फ कागजों पर। वास्तव में बहुप्रचारित एक-राष्ट्र, एक-चुनाव के विचार के खिलाफ विपक्षी दलों की सख्त विरोधी मानसिकता को देखते हुए, इस बात की बहुत कम संभावना है कि राज्यों में सत्ताधारी दल एक साथ चुनाव कराने के करीब भी किसी बात पर सहमत होंगे।

जमशेदपुर की खबरें

भूमिज समाज के लोगों ने विशाल रैली निकाल पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो के खिलाफ खोला मोर्चा, कहा

किसी भी हाल में पूर्वजों का नाम आजादी के आंदोलन से गायब करना बर्दाश्त नहीं

समाज के लोगों ने पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो की लिखी गयी किताब के प्रकाशन पर जमकर विरोध मचाया

भूमिज समुदाय के लोगों ने घाटशिला के पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की और उन्हें आदिवासी विरोधी करार दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड गठन के 22 साल बीत गये लेकिन अभी भी अस्तित्व की लड़ाई के लिए हो या डोमिसाइल के नाम पर हो, कभी स्थानीयता के नाम पर, तो कभी आदिवासी और महतो के नाम पर आंदोलन के लिए जनता सड़क पर है। बुधवार को भूमि समाज के लगभग 10 हजार से ज्यादा ग्रामीण उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जुटे और प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति, राज्यपाल और सीएम के नाम मांग पत्र सौंपा।

मौके पर लगभग एक घंटे तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही। भूमिज समाज के लोग रैली के माध्यम से हाथ में तख्ती लेकर पैदल मार्च करते हुए साकची आम बागान पहुंचे। यहां सभा के माध्यम से लोगों को संबोधित किया गया।

समाज के लोगों ने पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो के द्वारा लिखी गई किताब के प्रकाशन पर जमकर विरोध मचाया। उन्होंने कहा कि आज यह आंदोलन कम है, अगर किताब को बैंड नहीं किया जाता है तो विधानसभा घेराव के लिए मजबूर होंगे भूमिज पुत्र।

उधर बिहार से अलग होकर झारखंड राज्य का सपना साकार जरूर हुआ लेकिन झारखंडी आज भी अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। किसी को खतियान आधारित स्थानीय नीति चाहिए, किसी को डोमिसाइल नीति चाहिए। सवाल उठता है कि विवाद पैदा कौन करा रहा है। इसका लाभ किसे मिल रहा है। क्या आदिवासियों को इसका लाभ मिल रहा है। राज्य सरकार विधानसभा से बिल पास कर राज्यपाल और केंद्र सरकार के पाले में डाल दिये। जबकि राज्यपाल के यहां फाइल धूल फांक रही है। नतीजा लोग सड़क पर लड़ रहे हैं। हाल में खतियान आंदोलन, उसके बाद कुड़मी को एसटी का दर्जा देने को लेकर आंदोलन। अब जमशेदपुर के पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो द्वारा लिखी गई दो पुस्तकों में चुआड़ विद्रोह के नायक के रूप में रघुनाथ महतो के नाम का जिक्र किया गया था। उन्हें आजादी का नायक के रूप में साबित करने से भूमिज समुदाय ने कुड़मी नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

बुधवार को कोल्हान के तीनों जिलों के भूमिज समुदाय के लोगों ने कुड़मी समाज के खिलाफ साजिश के तहत भूमिज समाज के पूर्वजों का नाम आजादी के आंदोलन से गायब करने का साजिश रचने का आरोप लगाया। हजारों हजार भूमिज समाज के ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कुड़मी नेताओं को सख्त चेतावनी देते हुए कहा यदि उनके समाज के नायकों के नाम के साथ छेड़छाड़ की जाएगी तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

मौके पर आक्रोशित भूमिज समुदाय के लोगों ने घाटशिला के पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की और उन्हें आदिवासी विरोधी करार दिया। हाल ही में सूर्य सिंह बेसरा ने पूर्व सांसद शैलेन्द्र महतो के साथ मंच साझा करते हुए कुड़मी समुदाय के आंदोलन का समर्थन दिया था।

झामुमो मानगो नगर समिति की बैठक में 25 दिसंबर को वीर शहीद निर्मल महतो की जयंती को लेकर हुई चर्चा

रैली के दौरान सभी कार्यकर्ता झामुमो का झंडा लेकर शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड मुक्ति मोर्चा मानगो नगर समिति की एक बैठक नगर अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू के नेतृत्व में डिमना चौक स्थित बाबा तिलका मांझी स्टैचू के पास मुर्मू कॉम्प्लेक्स में किया गया। बुधवार को आयोजित बैठक में 25 दिसंबर को वीर शहीद निर्मल महतो के जन्म जयंती पर मानगो नगर समिति के द्वारा भव्य आयोजन पर चर्चा की गई।

मौके पर संगठन से जुड़े झामुमो कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। सभी की सहमति से सुबह 10 बजे वीर शहीद निर्मल महतो के फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने पर सहमति बनी। रैली के दौरान सभी झामुमो का झंडा लेकर शामिल होंगे। इसके पश्चात सैकड़ों कार्यकर्ताओं को परडीह चौक और डिमना चौक से मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से जुलूस की शक्ल में कदमा स्थित उलियांन में उपस्थित होने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता मानगो झामुमो अध्यक्ष फतेह चंद्र टुडू ने की।

मौके पर नगर सचिव उमर खान, उपाध्यक्ष इस्लाम खान, कोषाध्यक्ष उज्जवल दास, आंदोलनकारी कमल महतो, दीपक मुर्मू, गज्जू भाई, सनातन टुडू, विकास गोप, प्रभात सिंह, पप्पू सोरेन, बबलू अख्तर, दास बाबू के अलावे सैकड़ों झामुमो नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

झारखंड श्रमिक संघ ने नियोजन नीति में सुधार को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

बीते पांच साल में सभी नियोजनालयों में हुई बहाली की जांच की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखण्ड श्रमिक संघ का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय संयोजक शैलेंद्र कुमार मैथी के नेतृत्व में नियोजन नीति में सुधार को लेकर गोलमुरी स्थित नियोजन उपनिदेशक कार्यालय के समक्ष जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार को प्रतिनिधिमंडल ने कोल्हान प्रमंडल के नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के उपनिदेशक के माध्यम से निर्देशक नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग रांची के नाम पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। विरोध प्रदर्शन के दौरान झामुमो नेताओं के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने नियोजन नीति में सुधार की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। मौके पर केंद्रीय संयोजक शैलेंद्र कुमार मैथी ने कहा सूचनाधिकार के तहत राज्य के सभी नियोजनालयों से चौंकाने व अचंभित करने वाला मामला सामने आया है। उन्होंने कहा राज्य के सभी 24 जिलों में नियोजन देने के लिए ही नियोजनालयों का गठन किया गया। सभी जिलों में सभी नियोजनालयों की उदासीनता चरम पर है। उन्होंने बताया झारखंड में 2014 से लेकर वर्ष 2020 तक झारखंडियों के साथ जमकर घोटाला हुआ है। इसको लेकर सूचना अधिकार के तहत अभ्यर्थियों में कुशल, अकुशल, अर्धकुशल श्रमिकों के नियोजन व वेतन संबंधी जानकारी मांगी गयी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के 24 नियोजनालयों में किसी प्रकार के रिक्त एवं सम्पेप्रण के कार्यों का निष्पादन नहीं किया गया। यानी अब तक किसी भी अभ्यर्थियों का नियोजन नहीं किया गया। जो श्रम कानून व नियोजन नीतियों का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा झारखंड में बीते 2014 से 2020 तक जो नियोजन हुआ है वह अनियमितता के कारण हुआ है। भाजपा सरकार में षड्यंत्र के तहत किया गया है। जिसका झारखंड श्रमिक संघ घोर निंदा करता है। उन्होंने भाजपा के पांच साल के कार्यकाल में झारखंड के लोगों को उपेक्षित कर बाहर के लोगों को नौकरी देने का काम किया। आरटीआई के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार सभी नियोजनालय में जो बहाली हुई है सभी की जांच हो। झारखंड श्रमिक संघ मांग करता है झारखंड सभी नियोजनालय से जो भी बहाली हुई है इस मामले में तत्कालीन पदाधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस मामले में पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया है। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो झारखंड श्रमिक संघ आगे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। मौके पर शैलेंद्र मैथी, सूर्य नारायण यादव, राजन कुमार, फैयाज खान, सूरज गौड़, बिनोद डे, कालू गोराई, राज लकड़ा, अरबिंद कुमार, लड्डू सिंह, नीता सरकार, झरना पाल, रजनी दास, बाली मार्डी, सबिता दास, रीता शर्मा, दुर्गा बोईपाई, सबिता सिंह, समर अंसारी, अरुण प्रसाद, अजय रजक, रानू मंडल, हरदेव सिंह, प्रीतम हेम्ब्राम, उमा नाथ झा, चांडिल से रीझु माझी के अलावे पटमदा, बोड़ाम, चांडिल सहित अन्य प्रखंड से सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

श्रीराम डिवाइन विद्यालय में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

सभी वर्ग के बच्चों ने प्रतियोगिता के दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये, जिन्हें अतिथियों ने पुरस्कृत किया

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला खरसावां जिले के श्रीराम डिवाइन विद्यालय में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष पुरन्दर नारायण सिंह व धनंजय कुमार गुप्ता शामिल हुए। स्कूल प्रबंधन के द्वारा आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में क्लास नर्सरी से लेकर स्डर्स 10 तक के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। मौके पर स्कूल प्रबंधन के द्वारा कई तरह के खेल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जमकर आनंद उठाया।

मौके पर सभी वर्ग के बच्चों ने प्रतियोगिता के दौरान प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये। अतिथियों के द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

मौके विद्यालय के डायरेक्टर श्रीराम यादव, प्रधानाध्यापक वंदना सिंह राय, विद्या गुप्ता, प्रियंका हाजरा, संजय झा, कर्ण हेम्ब्रम, दीपक महतो, स्पोर्ट्स इंचार्ज मानतू दास, कविता महतो सहित स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं विद्यार्थियों के साथ खेलकूद में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

रमकंडा में नौ करोड़ की लागत से बनेगी सड़क : मंत्री मिथिलेश

इस सड़क के निर्माण से एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रमकंडा प्रखंड में करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से लगभग साढ़े सात किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले इस सड़क की झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस सड़क के निर्माण से एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि रमकंडा प्रखंड के गोबरदाहा मुख्य पथ से होमिया तक 7.35 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क की स्थिति काफी बदतर हो गई थी। लोगों को इस सड़क से आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से यथाशीघ्र इस सड़क का निर्माण कराने का वादा किया था। इस सड़क निर्माण की स्वीकृति के साथ ही रमकंडा प्रखंड के बलिगढ़ एवं बिराजपुर पंचायत की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो रही हैं। गोबरदाहा मुख्यपथ से कुसवार, तेतरडीह होते हुए होमिया तक के पथ निर्माण कार्य कराया जाएगा। जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस अति महत्वपूर्ण सड़क की वर्षों पुरानी मांग स्थानीय लोगों की थी। यह सड़क बिराजपुर एवं बलिगढ़ पंचायत के लिए अत्यंत लाभकारी होगी। इसके निर्माण से सिर्फ जिला मुख्यालय की दूरी ही ना कम होगी बल्कि लोग आसानी से गोदरमाना भी पहुंच सकेंगे। जो यहां के लोगों का मुख्य बाजार है। आज इन दोनों पंचायत के लोगों से किया वादा पूरा करने का सुकून मिला है। आज हमारे जिले में बड़ी संख्या में न सिर्फ सड़कें बनायी जा रहीं हैं बल्कि उनकी गुणवत्ता भी श्रेष्ठ हो, इसका पूरा प्रयास है। सड़कों के अभाव में जो नारकीय जीवन यहां के लोग जी रहे थे, उनसे मुक्ति दिलाने का संकल्प पूर्ण करने की ओर अग्रसर हैं।

डीसी ने नवाबाजार के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत नवाबाजार के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने नवाबाजार प्रखंड अंतर्गत सुपर चेकिंग कार्य के तहत रजहारा,बसना,ईटको,कुंभीकला,रबदा एवं कंडा में अवस्थित मतदान केंद्रों पर विभिन्न प्रपत्रों यथा प्रपत्र 6,7,8 की गुणवत्ता एवं शुद्धता की जांच की। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री दोड्डे ने उपस्थित मतदाताओं से उनके द्वारा समर्पित आवेदन पत्र के संबंध में जानकारी ली गयी साथ ही बीएलओ एवं सुपरवाइजर के द्वारा निष्पादित प्रपत्रों के सत्यापन प्रक्रिया के संबंध से भी अवगत हुए।इस दौरान मतदान केंद्र संख्या 325 की आवेदिका पूजा देवी द्वारा प्रपत्र 6 के साथ आवश्यक दस्तावेज स्पष्ट नहीं होने के कारण पुनः उसका उम्र एवं पता का अनुलग्नक प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी तरह मतदान केंद्र 347 में आवेदक मुकेश कुमार राम के द्वारा समर्पित आधार कार्ड में दर्ज जन्म तिथि एवं प्रपत्र छह में दर्ज जन्म तिथि में भिन्नता पायी गयी,यहां भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित बीएलओ को उचित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

चेचरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय का भी किया निरीक्षण

डीसी दोड्डे ने क्षेत्र सत्यापन के दौरान चेचरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति,ड्रेस वितरण,एवं मिडेमील का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने उपायुक्त को विद्यालय की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया।मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, नवाबाजार के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीर हमजा,निर्वाचन कार्यालय के शशिमोहन समेत संबंधित मतदान केंद्रों के मतदाता,सुपरवाइजर एवं बीएलओ आदि उपस्थित थे।

जरूरतमंदों के साथ सदैव खड़ा है संत मरियम परिवार : अविनाश देव

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। कुछ दिन पूर्व सुप्रिया कुमारी, पिता अजय राम ग्राम भड़गांवा चैनपुर की निवासी को एक गंभीर बीमारी रदिल में छेदरकाफी लम्बे समय से ग्रसित है । अपने अभिभावक के साथ संत मरियम स्कूल के चैयरमैन अविनाश देव से आर्थिक सहयोग हेतू मिली थी तो अविनाश देव ने उन्हें मदद का भरोसा दिया था जिसे पूरा करते हुए उन्होंने बुधवार को बच्ची के मां को आर्थिक सहायता प्रदान किया। इस मौके पर श्री देव ने कहा कि जब कोई अपना मन, वचन और काया को दूसरों की सेवा के लिए उपयोग करता है, तब उसे सबकुछ मिल जाता है। उसे सांसारिक सुख-सुविधा की कमी कभी नहीं होती। जब आप दूसरों के लिए कुछ करते हैं, उसी पल आपके जीवन में खुशी की शुरूआत हो जाती हैं। मानवता के नाते हम सभी को अपने आसपास के जरूरतमंद की सदैव मदद करनी चाहिए ।

माइंस एवं परिवार की उन्नति के लिए सुरक्षा के प्रति सजगता जरूरी : डीडीएमएस

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया कोल माइंस परिसर में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीएमएस एज्जास मोहम्मद,कन्वेनर अनिल कुमार सिंह, पड़वा प्रमुख गीता मेहता, सेफ्टी हेड अनुपम बागची ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर डीडीएमएस एज्जास मोहम्मद ने कहा कि माइंस और अपने परिवार के उन्नति एवं जिंदगी को खुशहाल रखने के लिए कार्य क्षेत्र के साथ साथ अपने घरों में भी सुरक्षा के प्रति सजगता व संवेदनशीलता जरूरी है। उन्होंने कहा कि सात साल में कठौतिया माइंस में शून्य दुर्घटना इस को दशार्ता है कि माइंस के अधिकारी व कर्मी सुरक्षा के प्रति सजग व जागरूक है। हिन्डालको के सेफ्टी हेड अनुपम बागची ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि सुरक्षा को अपने दिनचर्या में अपनाने की जरूरत है। कन्वेनर अनिल कुमार सिंह ने कहा कि माइंस में सुरक्षा के प्रति खुद के साथ साथ सहकर्मी के सुरक्षा पर भी सजगता जरूरी है। कोई भी माइंस का विकास तभी संभव है जब कर्मी उत्पादन के साथ साथ सुरक्षा के प्रति संवेदनशील रहे। डीजीएमएस टीम में बरकत अली, विनोद कुमार, दीपक, अरविंद कुमार, वीरेंद्र कुमार, बसंत कुमार, गोपाल सिंह शामिल थे।

पुलिस ने शिक्षण सामग्री बांटते हुए पढ़ने के लिए बच्चों को किया प्रेरित

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। जिले के पीपरा थाना प्रभारी सूरज चैल ने बुधवार को शिक्षा का बढ़ावा देते हुए थाना क्षेत्र के उत्तक्रमित विद्यालय पीपरा में स्कूली बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया।इस दौरान बैग, कोपी, कलम, पेंसिल, रबर आदि शिक्षण सामग्रियों का बांटते हुए थाना प्रभारी सूरज चैल ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने व पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं है मन लगाकर पढ़ना चाहिए। वहीं उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे उन्हें स्कूल जरूर भेजें। इस मौके पर स्कूल शिक्षक व पुलिस बल शामिल थे।

पूर्व विधायक ने दो दिन के अंदर अन्नराज डैम का फाटक खोलने का दिया अल्टीमेटम



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि दो दिन के अंदर अगर स्थानीयअन्नराज डैम का फाटक नहीं खोला गया तो बाध्य होकर आमजनों के साथ मिलकर खुद से फाटक खोल देंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य के सभी जिला अकाल और सुखाड़ की चपेट है। अन्नराज डैम में पानी होने के बाद भी विभाग के अधिकारी स्थानीय विधायक सह मंत्री के निर्देश पर डैम का फाटक बंद कर दिए हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि उन्हें विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि नए वर्ष का जश्न मनाने के लिए मंत्री एक जनवरी को अन्नराज डैम में नौका विहार का आनंद लेने वाले हैं। उसी के कारण विभागीय अधिकारियों को डैम का फाटक बंद करने का निर्देश दिया गया है। ताकि मंत्री को नौका विहार का आनंद लेने में किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। पूर्व विधायक ने कहा कि अन्नराज डैम पानी के भरोसे गोवावल क्षेत्र के अधिकतर गांव के ग्रामीण गेहूं सहित अन्य फसलों की रोपाई व बुआई कर चुके हैं। डैम का फाटक बंद होने से हजारों एकड़ भूमि में लगी फसल बर्बाद हो जाएगी। अब अचानक डैम का फाटक बंद करने से किसानों में हाहाकार की स्थिति हो गई है। पूर्व विधायक ने बताया कि अन्नराज डैम का फाटक किस परिस्थिति में बंद किया गया है। इसकी स्पष्ट जानकारी विभाग के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे हैं।

पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच ने भिखारी ठाकुर की जयंती मनायी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। कला एवं समाज को समर्पित संस्था पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच नवादा, गढ़वा के द्वारा भोजपुरी भाषा के विश्वविख्यात संत कवि, नाटककार, निर्देशक लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की जयंती जुड़वनिया शिव मंदिर, गढ़वा के प्रांगण में मनाई गई। विषय प्रवेश कराते हुए संस्कार भारती झारखंड प्रांत के साहित्य संयोजक डॉ नथुनी पांडेय आजाद ने कहा कि मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे श्रद्धेय भिखारी ठाकुर जी की प्रस्तुतियों को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में लोक कला साधक सह फिल्म निर्माता प्रेम दीवाना व्यास, सेवानिवृत शिक्षक जगतारण तिवारी, संगीतज्ञ पंडित सुदर्शन मिश्र, भारत स्वाभिमान के झारखण्ड राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, संस्कार भारती के गढ़वा जिलाध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, शिक्षक योगेंद्र सिंह, लोक कला साधक राज किशोर राय, लोक गायक अरविंद कुमार तिवारी ने संबोधित किया। मौके पर पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच के डॉ शंभू कुमार तिवारी, जय प्रकाश राम, शिव शंकर मेहता, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, बालाजी, मुकेश ठाकुर सहित काफी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेम दीवाना व्यास, डा. शंभू कुमार तिवारी, रंगकर्मी कौस्तुभ, नाल वादक शिव शंकर मेहता आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन मंच के निदेशक नीरज श्रीधर स्वर्गीय ने किया।

झामुमो नेता प्रियम सिंह ने राजेश कोरवा की पुत्री के ऑपरेशन के लिए दूसरी बार रक्तदान किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गत 8 सितंबर को जिले के मशहूर सर्जन डॉ निशांत सिंह के द्वारा झामुमो नेता प्रियम सिंह को सूचना मिली कि चिनिया प्रखंड के डोल निवासी राजेश कोरवा की पुत्री की बड़ी आंत फट गई है और उसे तत्काल बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता है। जानकारी मिलने के पश्चात तत्काल उसी वक्त कोरवाडीह पंचायत अध्यक्ष (झामुमो) अमित सिंह के द्वारा रक्तदान कर उस बच्ची की मदद की गयी। रक्त मिलने के पश्चात उस बच्ची का सफल ऑपरेशन डॉ निशांत सिंह के द्वारा किया गया। चूंकि बड़ी आंत फटी थी और उसे काट कर उस पाइप को पेट के एक किनारे पर उसे जोड़ा गया था। बुधवार को पुनः लगभग चार माह बाद उसी बच्ची के बड़ी आंत जिसे पूर्व में पेट के एक हिस्से में जोड़ा गया था आज उसे वापस उसी स्थान पर जोड़ा गया जहां पहले था। और आज भी आपरेशन के दौरान जब उस बच्ची को रक्त की जरूरत आन पड़ी तो पुनः डॉ निशांत सिंह के आग्रह पर अमित सिंह ने रक्तदान कर मासूम बच्ची की मदद की। इसी के साथ ही अमित सिंह ने अपने जीवन काल का 17वां रक्तदान किया। मौके पर झामुमो नेता प्रियम सिंह क्लिनिक ऑन स्क्रीन के सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह, नवीन उपाध्याय परमेश्वरी हॉस्पिटल के शशि कुमार आदि उपस्थित थे।

विवाहित महिला की संदेहास्पद मौत, मृतका के भाई ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला सदर थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी अनुज राम की पत्नी शोभा देवी 23 वर्ष की मौत संदिग्ध अवस्था में हो गई। घटना के संबंध में मृतका के भाई कृष्णा राम ने आरोप लगाया है, कि उसकी बहन की शादी 2018 में पिपरा गांव निवासी अशोक राम के पुत्र अनुज राम के साथ हुआ था। इसके बाद से मृतका को दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित एवं मारपीट किया जाता था। इसी बात को लेकर कई बार आपस में समझौता भी किया गया था लेकिन ससुराल के लोग अपने कारनामों पर अड़े रहे। घटना से पूर्व अनुज राम ने अपने साले से फोन कर मोटरसाइकिल की मांग की थी। मंगलवार की देर रात्रि उसे अनुज राम, उसके पिता अशोक राम, उसकी मां बंदना देवी, उसका भाई राजाराम आदि ने एक साथ षड्यंत्र रच कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। शोभा की हत्या के बाद भी उसके मायके वालों को कोई जानकारी शोभा के ससुराल वालों ने नहीं दी। घटना की खबर फैलने के बाद गांव के लोगों ने उसके मायके वालों को घटना की जानकारी दी। जब ससुराल के लोग शोभा का अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे इसी दौरान मायके वालों ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है।

दिव्यांग बच्ची के न्याय के लिए पांकी विधायक ने विधानसभा में आवाज उठायी

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी(पलामू)। पलामू जिला अंतर्गत तरहसी प्रखंड के लालगड़ा(बेलाई) गांव के दिव्यांग एवं नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म जैसी विभत्स घटना को अंजाम दिया गया था। दुष्कर्म जैसी घटना में पीड़िता को न्याय मिले सके इसके लिए पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा सत्र के दौरान आवाज उठाया! बताते चले कि मंदीप पासवान पिता बिरेन्द्र पासवान के द्वारा दिव्यांग एवं नाबालिग बच्ची के साथ तीन दिसम्बर को दुष्कर्म जैसी घटना को अंजाम दिया गया था! पीड़िता एवं उसके परिवार के लोग ने न्याय के लिए तरहसी थाना प्रभारी से गुहार लगाया !थाना प्रभारी ने टहलाते रहे! बलात्कारी युवक और उसके पिता और रिस्तोदारो के द्वारा पीड़िता के पिता, भाई, भाभी के साथ मारपीट कर उन्हें प्राथमिक दर्ज रोकने का प्रयास किया गया !इस घटना में पीड़िता के पिता, भाई ,भाभी घायल हो गए उल्टा भुक्तभोगी पर फर्जी केश दर्ज कर दिया गया। राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनो के दबाव पड़ने पर पांच दिसम्बर को दोषी पर प्राथमिक दर्ज कि गई। विधायक ने झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र में तरहसी थाना प्रभारी को निलंबित करने का एवं उच्चस्तरीय जांच करते हुए फास्टट्रैक कोर्ट में स्पीडी ट्रायल कर दोषी को फांसी की सजा दिलाने की मांग उठाया। साथ ही भक्तभोगियो पर फर्जी केश खारिज किया जाय।

विकास योजनाओं को गति देना बैठक का मुख्य उद्देश्य : प्रखंड प्रमुख

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास समिति की बैठक हुई।इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने की जबकि संचालन बीडीओ रतन कुमार सिंह ने किया। बैठक में मनरेगा, 15वीं वित्त योजना,बिजली ,पेयजल,स्वच्छता,स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग समेत बिकास योजनाओं से जुड़ी सभी विभागों की समीक्षा की गयी। बिजली बिल में गड़बड़ी व समय पर उपभोक्ताओं को बिल नही मिलने के कारण गरीब गुरबो को होने वाली परेशानी पर कई सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए ससमय उपभोक्ताओं को बिजली बिल उपलब्ध कराने की बात कही। हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजो को मिलने वाले सुविधाओ पर चर्चा हुई। कई पंसस सदस्यों ने अस्पताल में मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नही होने पर रोष प्रकट किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड में चल रहे बिकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए बिकास कार्य को गति देना है।मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के बीपीएम विभूति कुमार, डॉक्टर विनेश राम, उप प्रमुख इंदु देवी, पंसस अजीत कुमार, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, पोलडीह पंचायत मुखिया संजू देवी, बड़ेपुर मुखिया सुषमा देवी, सीताराम सिंह एएसआई हुसैनाबाद थाना, मनरेगा जेई नीरज कुमार गुप्ता, समेत कई पंचायत प्रतिनिधि व कई विभाग के कर्मी मौजूद थे।

विधायक के प्रयास से हैदरनगर में आपातकालीन सेवा शुरू करने का सीएस ने दिया आदेश

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर में आपातकालीन सेवा शुरू कराने का निर्देश अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के उपाधीक्षक को पलामू के सीएस ने दिया है। उन्होंने जल्द आपातकालीन सेवा शुरू कराकर सूचित करने की बात कही है। मालूम हो कि पिछले दिनों क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक कमलेश कुमार सिंह को हैदरनगर के ग्रामीणों ने हैदरनगर पीएचसी में आपातकालीन सेवा नहीं रहने से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया था। उन्होंने आपातकालीन सेवा शुरू कराने का निर्देश पलामू के सिविल सर्जन को दिया था। पलामू के सिविल सर्जन विजय कुमार सिंह ने पत्रांक 3414 दिनांक 19 दिसंबर के माध्यम से अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के उपाधीक्षक को हैदरनगर पीएचसी में आपातकालीन सेवा शुरू कराकर सूचित करने का निर्देश दिया है।

गढ़वा में शुरू हुआ क्रिकेट का महाकुंभ

कड़ी मेहनत से लक्ष्य को अपने अधीन किया जा सकता है : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा जिले की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज बुधवार को यहां गोविंद इंटर स्तरीय विद्यालय के मैदान किया गया। कोरोना काल के दो वर्ष बाद शुरू हुए क्रिकेट के इस महाकुम्भ का उद्घाटन गढ़वा के डीसी रमेश घोलप ने दीप प्रज्ज्वलित एवं बैटिंग कर किया। इस मौके पर डीसी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि कड़ी मेहनत के बदौलत लक्ष्य को अपने कब्जे में किया जा सकता। उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ जीवन की समृद्धि और स्वस्थ्य शरीर के लिए जरूरी है, बल्कि यह आपको महान खिलाड़ी बनाता है और आपके नाम से आपके देश, राज्य और शहर को जाना जाता है। आयोजक को बधाई देता हूं। शुरूआत करना बड़ी बात नहीं होती है, बल्कि उसको इक्कीस साल तक लगातार करते रहना बहुत ही बड़ी बात है।

संरक्षक अलख पांडेय ने कहा की खेल हमको अनुशासन सिखाता है। अपने अंदर की शक्ति का पूरा उपयोग करें। दिसंबर का महीना है। खेल के साथ साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देना है। पूर्व संरक्षक रामानंदन सिंह की स्मृति में एक वर्ग का ट्रॉफी उनके नाम से शुरू किया जाएगा।

समाज सेवी संजय पांडेय ने कहा की इतना बड़ा प्रतियोगिता गढ़वा जिले के लिए गर्व की बात है। इसे अनंत काल तक जारी रखने में सहयोग करते रहेंगे। इस प्रतियोगिता का रीढ़ समझे जाने वाले सचिव आनंद सिन्हा उर्फ नन्दू ने कहा कि 21 वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह पूरे झारखण्ड में क्रिकेट का सबसे बड़ा मुकाबला है। जिसमें 60 से अधिक टीमें भाग लेती हैं। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी ही जेएससीए द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में गढ़वा जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं।

प्रतियोगिता के अध्यक्ष एमपी केशरी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में योगदान देने की अपील की।

इस मौके पर जिला खेल अधिकारी उमेश लोहरा, कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, गढ़वा जिला क्रिकेट संघ सचिव राघवेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, उमाकांत तिवारी, सूरज सिंह, नंदकुमार गुप्ता, धनंजय सिंह, नवनीत शुक्ला, जितेंद्र सिंह, संजय सोनी, सुशील केशरी, ब्रजेश उपाध्याय, विनय पांडे, सियाराम शरण वर्मा, अशोक विश्वकर्मा, सह सचिव प्रिंस सोनी, आशीष उपाधाय, दीपक, चंद्रभूषण सिन्हा, कमलेश कुमार दुबे, मनोज तिवारी, आशुतोष रंजन, प्रिंस धीरज, धनंजय तिवारी, अनिता दत, कुणाल जायसवाल, प्रतीक श्रेष्ठ, प्रवीण मिश्रा, अमित उपाधाया, प्रभात तिवारी, आलोक गुप्ता, सूर्य प्रकाश गुप्ता, प्रिंस खान, मनीष पाठक, नवनीत दुबे, रोहन तिवारी, सिकंदर प्रजापति, हेमंत राज, साहिल खान ,अश्विनी चौबे, वशिष्ठ पासवान, विशाल कुमार, आदित्य तिवारी, मनीष उपाध्याय, शौकत खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

विस्थापित रैयतों के समर्थन में आज धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। हरिहरगंज हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने एनएच 98 के विस्थापित रैयतों की आंदोलन के समर्थन में गुरुवार को रांची विधान सभा के मुख्य द्वार पर झारखंड विधान सभा अध्यक्ष से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी है। बुधवार को उक्त जानकारी देते हुए कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि ढाब कला, ढाब खुर्द, बिजनीबार, चंदा, सेमरबार और कौआखोह आदि विस्थापित रैयतों की हितेषी वर्तमान मुखिया जितेंद्र पासवान व अखिलेश गुप्ता द्वारा विगत 12 दिनों का धरना प्रदर्शन एवं 5 दिनों की भूख हड़ताल के बाद भी उनकी मांगों का सुधि लेने के लिए वरीय पदाधिकारी नहीं पहुंचे। उनकी समर्थन में मैं शीतकालीन के दौरान विधानसभा के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन करने का बाध्य हूं। ताकि वरीय पदाधिकारियों की संज्ञान में यह मामला पहुंचे और पहल करके सरकार द्वारा आंदोलन को समाप्त करवाने एवं विस्थापित रैयतों की मांगों का पूरा किया जाए। उधर मुखिया जितेंद्र पासवान, अखिलेश गुप्ता के साथ एक और विस्थापित रैयत राजू गुप्ता ने भूखहड़ताल शामिल हो गए हैं। इससे पहले विस्थापित रैयतों ने मंगलवार की देर शाम मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। जबकि बुधवार को भी आंदोलनकारियों ने बाइक जुलुस निकाला। वहीं उनके समर्थन में ढाब खुर्द, ढाब कला, सेमरबार तथा कौआखोह के अंतर्गत सभी दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानें बंद रखी।

समान काम के बदले समान वेतन की मांग को लेकर कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। समान काम का समान वेतन को लेकर प्रदेश इकाई के आह्वान पर एनआरएचएम के तहत हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में सेवारत मेडिकल ऑफिसर, एएनएम, बीपीएम, लैब टैक्नीशियन,ड्रेसर आदि ने काला बिल्ला लगाकर काम किया।मौके पर डॉक्टर पीएन सिंह ने बताया कि हमसब स्थाई डॉक्टर की तरह दिन रात हॉस्पिटल में सेवा देते हैं,फील्ड ड्यूटी भी करते हैं,कोरोना जैसी वैश्विक संक्रामक बीमारी से जब जीवन अस्त व्यस्त था,लोग घरों में दुबके हुए थे,जान जोखिम में रखकर लगातार सेवा दिये हैं लेकिन त्रासदी है कि विभाग विभेदीकरण की नीति अपनाकर हमसबों के साथ पारा मेडिकल कर्मियों के वेतन तथा अन्य सुविधाओं में गहरा अंतर की है, विभाग के इस गतिविधि से हमसबों में गहरा रोष व क्षोभ है।

जेएमएम नेता सह उपमुखिया संघ के अध्यक्ष एकबाल अहमद ने खबर का किया खंडन

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। झामुमो नेता सह पांकी प्रखंड उपमुखिया संघ के अध्यक्ष एकबाल अहमद ने समाचार पत्रो में छपी हुई खबर का खंडन किया है। जिसमे कथित रूप से झामुमो नेता एकबाल अहमद ने पत्रकारों को बताया कि राजद नेता डॉ अरुण यादव ने सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए झूठा बयान देकर समाचार पत्रो में प्रकाशित करवाने का काम किया। मैंने झूठी खबर समाचार पत्र में छपी हुई देखा कि मैं उनको समर्थन किया हूं। जबकी ऐसी कोई बात नही है। मैं इसकी घोर निंदा करता हूं । मैं 22 वर्षो से झामुमो का एक सच्चा सिपाही हूँ और मैं एक सच्चा सिपाही बनकर पार्टी में बने रहूंगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में पार्टी का केन्द्रीय समिति सदस्य भी रह चुका हूं।

भूरैयतों के भुगतान हेतु कैंप 28 दिसंबर से : सीओ

बालूमाथ। लातेहार जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जलजीवन सामंता के निर्देश पर बालूमाथ अंचल कार्यालय मे कैम्प के माध्यम से टोरी शिवपुर रेल लाइन निर्माण कार्य के भूरैयतो जिन्हे किसी कारणवश भुमि का मुआवजा नहीं ले पाये है। वैसे रैयतो को कैम्प के माध्यम से मुआवजा भुगतान के लिए सुनवाई किया जायेगा। वैसे रैयतो जिन्हे मुआवजा का भुगतान नही हुआ है। जैसे बुकरू, कसियाडीह, सेरेगड़ा, नगड़ा, जोगियाडीह, जर्जी, हेमपुर, चितरपुर बसीया गांव।वे अपने अपने भुमि से संबधित कागजातो के साथ दिनांक 28, 29, 30 दिसंबर को अचल कार्यालय मे लगने वाले तीन दिवसीय कैंप मे उपस्थित हो। कैंप में लातेहार जिला भुअर्जन पदाधिकारी, संबधित अमीन, राजस्व कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

समाजसेवी ने मृतिका के परिजनों को खाद्य सामग्री व सहयोग राशि दी

मनिका(लातेहार)। मनिका प्रखंड स्थित ग्राम पोखरी में दिन बुधवार को पूर्व मुखिया प्रत्याशी और युवा समाजसेवी अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में पोखरी गांव निवासी मृतिका लक्ष्मीया देवी के परिवार वालों को खाद्य सामग्री व सहयोग राशि मुहैया कराया गया ताकि मृतिका के कामकाज में उसके परिवार वालों को मदद मिल सके। आपको बताते चलें कि युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह के द्वारा अपने पंचायत क्षेत्र में गरीब जरूरतमंद लोगों को जरूरत के अनुसार हमेशा ही सहयोग करने का काम किया जाता है। इस तरह के कार्य की वजह से क्षेत्र के लोग इनकी काफी सराहना करते हैं। मृतिका लक्ष्मीया देवी की मृत्यु बीते दिन पूर्व ही हुई थी मृतिका के परिवार वाले बहुत ही गरीब है। परिवार वालों ने मदद करने पर अभिषेक कुमार सिंह का धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर सचिन कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनायेगी भाजपा : मनीर उरांव

लोहरदगा। भाजपा जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं मोर्चा जिला अध्यक्ष की बैठक हुई। जिसमें पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गयी। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि पिछले दिनों झारखंड की हेमंत सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली का आयोजन प्रखंड स्तर पर एवं जिला स्तर पर की गई जो एक सफल आयोजन रहा। आगामी 25 दिसंबर को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है उस दिन प्रत्येक बुथ में सुशासन दिवस के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महीना के अंतिम रविवार को होने वाले कार्यक्रम मन की बात को ज्यादा से ज्यादा बूथ में मनाया एवं सुना जाए. झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है कुर्सी एवं सत्ता बचाने की जल्दबाजी में झारखंड की जनता को गर्त में ढकेल रही है. झारखंड की जनता भी ग्राहिमाम है. बैठक में हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू, समेला भगत ,नीरज नलिन, सूरज मोहन साहू, बाल कृष्णा सिंह, जगनंदन पौराणिक, सजल कुमार, अनिल उरांव, मीना बाखला, कलावती देवी, प्रकाश नायक, सुदामा प्रसाद, अमरेश भारती, विवेक सोनी, सूरज द संधि, नवीन कुमार साहू ,विवेक कुमार, दुबराज वर्मा, विवेक चौहान, सुरेश बैठा ,अशोक साहू राजकुमार मुंडा, बजरंग करूवा, रामकुमार उरांव आदि उपस्थित थे।

आदिवासी बहन-बेटियों पर अत्याचार दिन ब दिन बढ़ रहा है : लक्ष्मीनारायण भगत

लोहरदगा। 12 पड़हा मन्हों के अंतर्गत ब्राह्मणडीहा में बुधवार को लोहरा भगत की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मुख्यतः जिला राजी पड़हा समिति लोहरदगा के बेल लक्ष्मीनारायण भगत उपस्थित थे। बैठक में श्री भगत ने कहा कि आज आदिवासी समाज के बेटी-बहनों पर गैर समुदायों की तिरछी नजर है,इससे हमें बचने की आवश्यकता है। उन्होंने पिछले दिनों साहेबगंज में घटित घटनाओं को उल्लेख करते हुए कहा कि रबिका पहड़िया को अपने मकड़जाल में फंसा कर निर्मम हत्या कर के 50 टुकड़ा कर के अलग-अलग थैलों में भर कर, सबूत छिपने का प्रयास किया गया, जो बहुत ही निंदनीय विषय है। आदिवासी समाज के धन-धर्म पर भी चारों ओर से निगाहें गड़ाए बैठे हुए है, एक ओर लवजेहाद, तो दूसरी ओर जमीन, और हमारे संवैधनिक अधिकारों का जेहाद करने को तैयार हैं। आज इन सभी प्रकार की खतरों से हमें बचने की आवश्यकता है। इसके लिए खासकर हमारे नवयुवकों को तैयार रहने की जरूरत है। साथ ही साथ युवतियों के इन मकड़जाल से बचने की आवश्यकता है। बैठक में सुकरा भगत, अशोक टाना भगत, सुकरा मुंडा, लालदेव उरांव, सरस्वती उरांव, रूपी उरांव, करमी उरांव, सुकारो उरांव, बंधाई उरांव, लक्ष्मण उरांव, बुधुवा उरांव इत्यादि लोग शामिल हुए।

जिला कौशल विकास अनुश्रवण और कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई

लोहरदगा। उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला कौशल विकास अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के द्वारा आवंटित संकल्प फण्ड की उपयोगिता के अंतर्गत शॉर्ट टर्म सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम, ब्लॉक लेवल स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप, स्किल अवेयरनेस, प्रशिक्षण संस्थानों का अनुश्रवण, पंचायत स्तर पर काउंसलिंग व मोबिलाइलेशन के लिए लगाये जानेवाले शिविर समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी। सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित कार्यक्रम का प्रजेंटेशन प्रस्तुत करने का निर्देश जिला कौशल पदाधिकारी को दिया गया। स्थानीय आर्ट एवं क्राफ्ट, हस्तशिल्प से संबंधित नये कोर्स अंतर्गत टेक्सटाईल डिजाईनिंग ऑन लोकल आर्ट, डोकरा शिल्प, बांस के उत्पाद बनाने की विधि कोर्स की स्वीकृति प्रदान की गयी। रोजगार प्राप्त कर चुके स्थानीय अभ्यर्थियों का प्लेसमेंट के बाद इंटर स्टेट माइग्रेंट एक्ट के अंतर्गत निबंधन कराये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा योजना के तहत प्रखंडों में सरकारी भवनों को चिह्नित किये जाने की अनुशंसा की गयी। बैठक में जिला कौशल पदाधिकारी/श्रम अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, एलडीएम, जेएसएलपीएस डीपीएम, आरसेटी निदेशक, हिडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि, सभी आईटीआई के प्राचार्य उपस्थित थे।

रैयतों ने अपनी जमीन पर चारदीवारी निर्माण पर रोक लगाने को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

रैयतों ने एसडीपीओ पर परिवार को धमकी देने का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। बरियातू प्रखंड थाना के बरछीया मैं थाना की चारदीवारी रैयतो भूमि में दिए जाने से रोक लगाने को लेकर जबरा ग्राम निवासी तपेश्वर सिंह, शांति देवी, अनीता देवी, ममता देवी, सरवन सिंह, रीना देवी, कैलश देवी, उमेश सिंह, मुकेश कुमार सिंह, नवल कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह, ने बुधवार को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा और लिखित आवेदन में कहां की बरियातू अंचल अंतर्गत हम लोगों पर बरियातू थाना के पुलिस द्वारा खौफ का रौब दिखाकर पूर्वी दिशा में हम लोगों की भूमि पर चारदीवारी देने का प्रयास किया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि हम लोग जमीन नहीं देने के लिए तैयार हुए तो बालूमाथ एसडीपीओ द्वारा कई तरह की धमकियां परिवार के सदस्यों को दिया जा रहा है उनके द्वारा बोला गया कि यदि आप लोग जमीन नहीं देंगे तो उक्त भूमि पर कब्जा के लिए हरिजन को चढ़ाकर आप लोगों के ऊपर एसटी एससी एक्ट लगा दिया जाएगा साथ ही इनके द्वारा अनेकों तरह से दबाव बनाया जा रहा है। धमकाने का भी प्रयास किया जा रहा है आगे उन्होंने कहा कि बरियातू थाना में पदस्थापित एसआई दीपक नारायण सिंह द्वारा धमकी दिया गया कि आप लोगों को थाना के बगल में कभी भी घर नहीं बनाने दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आप लोग भूमि नहीं देंगे तो आप लोगों को घर से निकलना दुभर कर देंगे। उपयुक्त घटना के कारण हमारे परिवार के सभी लोग डरे एवं सहमे हुए हैं। आगे कहा कि हम लोगों को डर है कि पुलिस द्वारा झूठी कैसो में फसाया जा सकता है और इनके रवैए से पूरे परिवार के सदस्यों पर जानमाल का खतरा है। चुकी बरियातू थाना निर्माण के पहले ही भूमि चिन्हित कर बरियातू अंचल द्वारा संवेदक को सौंप दिया गया था और अब थाना भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा चारदीवारी निर्माण का कार्य चल रहा है ऐसे में अचानक अब एसडीपीओ द्वारा रैयती भूमि पर चारदीवारी निर्माण कराने का पुलिसिया खौफ दिया जा रहा है। आगे परिजनों ने जिले के उपायुक्त से न्याय की गुहार लगायी है।

आठ किलोमीटर की सड़क बनाने में ठेकेदार और जेइ की मनमानी जारी है

मुकेश कुमार सिंह

चंदवा। चंदवा प्रखंड की बोदा पंचायत स्थित चिरो ग्राम में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। सड़क निर्माण एनएच 75 से आठ किलोमीटर की सड़क बनानी है। बीच-बीच में कलवर्ट और पीसीसी पथ का भी निर्माण करना है। अभी पीसीसी पथ का निर्माण किया जा रहा है जिसमें देखा जा रहा है कि जमीन पर बिना ईंट बिना मेटल दिए हुए ही जमीन पर पीसीसी की ढलाई कर दी गयी है और किनारे से मिट्टी भर दी गयी है। उसके साथ ही देखा गया कि ढलाई में सीमेंट की जगह गिट्टी की डस्ट डालकर ढलाई की गयी है जिससे अभी ही सड़क की ढलाई की गयी है और सड़क पीसीसी सड़क टूटने लगी है। ढलाई की गुणवत्ता बहुत ही खराब बताई जा रही है। उसके बाद कालीकरण के लिए सड़क को जेसीबी से निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क कालीकरण करने को लेकर मजदूर कार्य कर रहे हैं। जो देखा जा रहा है, कि सड़क पर कहीं-कहीं हल्का मेटल और गिट्टी के डस्ट डालकर ढलाई की योजना बनाई जा रही है। मजदूरों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इसी तरह कार्य किया जा रहा है। हम लोग को जैसा आदेश होगा वैसा ही काम करेंगे उसके बाद मजदूरों से मजदूरी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि महिलाओं को दो सौ रुपये और पुरुषों को दो सौ पचास रुपये प्रतिदिन दी जा रही है। सड़क निर्माण में कहीं-कहीं यह भी देखा जा रहा है, कि बिना मिट्टी बराबर किए हैं। उसी पर कालीकरण की योजना बन रही है। ठेकेदार राजकिशोर यादव से दूरभाष पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण 80 से 90 लाखों रुपये की है। हम बिस प्रतिशत डाउन में लिए हैं और सही कार्य कर रहे हैं उसके साथ ही जेई संतोष कुमार से निर्माण कार्य के बारे में दूरभाष पर बात की गयी। तो उन्होंने बताया कि चिरो में सड़क निर्माण कार्य सही चल रहा है। अगर गलत हो रहा होगा तो हम सही करा देंगे। बताते चलें कि झारखंड में विशेषकर लातेहार जिला में अभी जो निर्माण कार्य चल रहे हैं। जिसमें घोर अनियमितता हो रही है।

सड़क पर अवैध कब्जा को हटवाने की सीओ से आवेदन देकर लगायी गुहार

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को अंचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरेया के निरहू निवासी अफरोज अंसारी पिता स्वर्गीय सिकंदर अंसारी ने अंचलाधिकारी बुडाएं सारू के समक्ष ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर निरहू ग्राम निवासी सकूर अंसारी के द्वारा सरकारी रास्ते पर जबरन अवैध कब्जा कर मवेशी गुहाल और घर बनाकर और पेड़ लगाकर अवैध रूप से कब्जा किया हुआ जमीन को हटवाने की मांग रखी है। इधर सीओ को दिये गये आवेदन में अफरोज अंसारी ने उल्लेख किया है कि हमारे घर के समीप एक कच्ची सड़क कई पीढीयों से है और उक्त सड़क पर एक गोहाल घर व एक गड्ढा एवं पेड़ जो लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। इन्होंने सीओ बुडाएं सारू को दिये गये आवेदन में कहा है कि इन सभी परेशानियों का मुख्य वजह है गांव के ही सकूर अंसारी जो सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर गोहाल घर व अन्य तरीके से कब्जा जमाकर लोगों के समाझने पर उल्टा रौब दिखाकर लड़ाई करने पर उतारू हो जाता है।

कुडू में चला गुटखा के विरुद्ध अभियान

कुडू/लोहरदगा। झारखंड में प्रतिबंधित गुटखा के विरुद्ध कार्यपालक दंडाधिकारी लोहरदगा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने अभियान चलाया। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुडू स्थित एक दुकान से बड़ी मात्रा में गुटखा पकड़ा गया। इस पर कईयों की प्रतिक्रिया कुछ और हीं बयां करती है। कहा जाता है कि प्रशासन का आईवास है। अर्थदंड लगाकर छोड़ दिया जायेगा। पूर्व का अनुभव यही है। ज्ञात हो कि झारखंड में गुटखा पान मसाला पर प्रतिबंध लगे ढाई वर्ष (8 मई 2020) से अधिक हो गये। लेकिन प्रतिबंध के बावजूद भी झारखंड में गुटखा पान मसाला का कारोबार हजारों करोड़ में है। गुटखा का एक बहुत बड़ा सिंडिकेट है जो झारखंड के बाहर सक्रिय रहता है। झारखंड उच्च न्यायालय ने भी पूर्व में सख्त टिप्पणी करते हुए गुटखा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। लेकिन आज गुटखा कईयों के लिए आवश्यक आवश्यकता बन गया है। शहर, कस्बों, गांव, मुहल्लों में आसानी से मिलता है। हर वर्ग के लोग इससे प्रभावित हैं। यह जानते हुए कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कई लोगों का मानना है पकड़े गये गुटखा को उच्च अधिकारियों के उपस्थिति में सार्वजनिक रूप से जलाया जाय।

एड्स को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

लोहरदगा। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में सिविल कोर्ट सभागार में लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड एड्स कंट्रोल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इस अवसर पर डालसा के सचिव राजेश कुमार ने कहा कि आप सभी एड्स बिमारी के बारे में पुर्ण जानकारी प्राप्त कर लोगों को इससे बचने का उपाय बताएं। इस कार्यक्रम में कुल 15 पीएलवी को रांची से आए प्रशिक्षक विनय कुमार पासवान ने एड्स अधिनियम, 2017 के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। तथा एंटीरेटरो वायरस तीन थीरेपी दी जाती है। सचिव ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए करते हुए उपस्थित पीएलवी को निर्देश दिया कि वे अपने संबंधित प्रखंड में जागरूकता अभियान चलाएं। भारत सरकार के संकल्प है कि वर्ष 2030 तक भारत को एड्स बीमारी से पूर्णतया मुक्त किया जाना है।

चलाया वाहन चेकिंग अभियान

किस्को/लोहरदगा। जिले के अति सुदूरवर्ती एवं उग्रवाद प्रभावित जोबांग थाना पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस बीच दर्जनों मोटरसाइकिल चालकों से वाहन के जरूरी कागजात हेलमेट इंश्योरेंस प्रदूषण लाइसेंस आदि की बारीकी से जांच पड़ताल की गयी। साथ ही वाहन चालकों को निर्देश दिया गया एवं कहा गया कि सड़क सुरक्षा के नियमों का सख्ती के साथ अनुपालन करें नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। मौके पर थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार ने बताया कि वाहन चेकिन अभियान सड़क सुरक्षा और क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना मुख्य उद्देश्य है। इधर वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी के निर्देश पर सब इंस्पेक्टर सोनू चौधरी के द्वारा किया गया। मौके पर जोबांग थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट निर्वाचित हुए सुखदेव भगत

लोहरदगा। राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन का तीन दिवसीय महाअधिवेशन उडीसा के पूरी में संपन्न हुआ। जिसमें पूर्व विधायक सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस सुखदेव भगत को राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन का सीनियर वाइस प्रेसीडेंट निर्वाचित हुए। साथ ही विधायक सरफराज अहमद एवं विधायक अंबा प्रसाद भी वाइस प्रेसिडेंट निर्वाचित हुए। सुखदेव भगत ने सभी डेलीगेट का आभार प्रकट करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा से करने की बात कही। भाजपा सरकार के 11वें वेज बोर्ड की विसंगतियों को मजदूर के विरुद्ध बताया तथा राष्ट्र व्यापी हड़ताल करने का निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा का मोदी सरकार निजीकरण के माध्यम से मजदूरों का हक एवं अधिकार छीन रही है। जिसके कारण आर्थिक असंतुलन भी बढ़ रही है। महाअधिवेशन मे परे देश से लगभग 700 डेलीगेट विभिन्न खान कंपनियों से भाग लिए।

लोहरदगा में डीसी की अगुवाई में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई

लोहरदगा। उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना अंतर्गत किसानों को राशि भुगतान से संबंधित आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में सड़क दुर्घटना में मौत के 03, वज्रपात से 03 मनुष्यों व 01 मवेशी की मौत, सर्पदंश से 01 मौत के मामले में राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में कोविड से मृत व्यक्ति के परिजनों को भी राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) परमेश्वर प्रसाद, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, पीएचईडी कार्यपालक अभियंता और जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे।

बाल विवाह के आरोपियों को हो सकती है दो साल की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना : डालासा

लोहरदगा। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निदेर्शानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में आज मधुसूदन लाल अग्रवाल महाविद्यालय, लोहरदगा में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के विषय में बच्चियों के बीच विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने बाल प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के विभिन्न प्रावधानों को बतलाया एवं कहा कि बालिकाओं की शादी 18 वर्ष से पूर्व एवं बालकों की शादी 21 वर्ष से पूर्व करना कानूनी अपराध है जिसके लिए बाल विवाह कराने वाले माता-पिता या संरक्षक को दो साल का सश्रम कारावास की सजा एवं एक लाख रुपये के जुमार्ना से दंडित किया जा सकता है। धारा-15 के अनुसार ये अपराध संज्ञेय एवं अजामनतीय प्रकृति के हैं, अतः आरोपियों को जमानत नहीं मिलेगी इस अधिनियम के अंतर्गत बराती, पंडित, काजी जो बाल विवाह करवाता है उसे भी 3 माह तक की सजा एवं जुर्माना से दंडित किया जा सकता है। पैनल अधिवक्ता तरुण कुमार देवघरिया ने बाल विवाह रोकने लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। पीएलभी गौतम लैनिन, अजहर अहमद ने भी अपने विचार रखें। मौके पर प्राचार्य स्नेह कुमार, अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सहित 200 से ज्यादा छात्राएं उपस्थित थे। छात्राओं के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया।

एसपी की अगुवाई में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

लोहरदगा। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा पुलिस कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले में अपराध की घटनाओं में रोक लगाने और अपराध नियंत्रण के लिए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों और वरीय पुलिस पदाधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया। इस दौरान गत माह में मिली पुलिस को सफलता पर भी समीक्षा की गयी। वही नक्सल गतिविधियों, लॉ एंड ऑर्डर को लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निदेर्शानुसार कार्रवाई करने सहित कानून-व्यवस्था बनाये रखने के सम्बंध में दिशा-निर्देश दिए।यातायात अधिनियम के अंतर्गत यातायात प्रभारी को विशेष अभियान चलाने का भी आदेश दिए। बैठक में लम्बित कांडो ,वारंट/कुर्की का त्वरित निस्पादन, वांछित/फरार अपराधियों की गिरफ्तारी करने के साथ क्रिसमस का त्योहार और नववर्ष के आगमन को लेकर विशेष सतर्कता बरतने तथा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। अपराध गोष्ठी में विगत माह जिले में घटित सभी संवेदनशील/महिला उत्पीड़न/हत्या/आपराधिक मामले चोरी, गृहभेदन, वाहन चोरी आदि मामलों की थानावार समीक्षा की गयी। लंबित वारंट निष्पादन में और तेजी लाने तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किये।

जल जीवन मिशन योजना में अनियमितता बर्दाश्त नहीं : अनीता

आजाद सिपाही संवाददाता

बालूमाथ। जल जीवन मिशन केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना है जिसके तहत प्रत्येक घर, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना है। जिसके अंतर्गत चयनित स्थलों पर बोरिंग करके जल मीनार लगाकर सभी घरों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने का संकल्प है। लेकिन संवेदकों की मनमानी के कारण बोरिंग का गड्ढा कम किया जा रहा है। केसिंग पाइप कम डाला जा रहा है। जल मीनार और पीवीसी पाइप जो लगाया जा रहे हैं। वह निम्न गुणवत्ता का है। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में इस प्रकार की शिकायतें कई जगहों से प्राप्त हो रही है। इस संबंध में उपाध्यक्षा के द्वारा लिखित सूचना कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को दी गयी थी। प्राप्त सूचना के आलोक में कार्यपालक अभियंता पेयजल की अध्यक्षता में सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता को लेकर एक जांच दल का गठन किया गया है। जो कल दिनांक 22 तारीख दिन गुरुवार को बालूमाथ के विभिन्न पंचायतों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों एवं शिकायतों की जांच करेगी। उपाध्यक्ष महोदया के द्वारा बताया गया कि यह एक महत्वकांक्षी परियोजना है।

11 सूत्री मांगों को लेकर प्रतुल शाहदेव ने केंद्रीय कोयला मंत्री और कोयला सचिव को लिखा पत्र

बालूमाथ। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने केंद्रीय कोयला मंत्री भारत सरकार और केंद्रीय कोयला सचिव को पत्र लिखकर गणेशपुर पंचायत के आरा चामतु ग्रामवासियों के साथ हो रहे अन्याय से अवगत कराया। प्रतुल ने पत्र के माध्यम से लिखा है कि सीसीएल के कुछ असंवेदनशील पदाधिकारी एवं कुछ भ्रष्ट अधिकारी मिलीभगत कर आरा चमातू के भू-रैयत और विस्थापितों के साथ अन्याय कर रहे हैं। अन्याय की सीमा इतनी बढ़ गई है कि उनके वाजिब मांगों पर उन्हें डराने के लिए रैयतों को ही जेल तक भेजा गया। प्रतुल शाहदेव ने शिक्षा, स्वास्थ्य, ट्रांसपोर्टिंग से हो रहे दुर्घटना, प्रदूषण से हो रहे नुकसान, स्थानीय लोगों को रोजगार, जलस्तर घटने से पेयजल की हो रही समस्या, ग्रामीणों को धमकाना जेल भेजना, बंदोबस्त जमीन पर बिना मुआवजा दिए कब्जा करना, नौकरी देने के नाम पर बेवजह शर्तो को थोपना, मुआवजा की राशि को बढ़ाने समेत कई मांग केंद्रीय मंत्री से की है। बता दे कि सीसीएल की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों की बैठक में प्रतुल चमातु गांव ही पहुंचे थे जहां ग्रामीणों ने हो रही समस्याओं से प्रतुल को अवगत कराया था। प्रतुल शाहदेव ने ग्रामीणों को आश्वस्त कराया था कि उनकी मांगों को केंद्रीय मंत्री के पास पहुंचाया जायेगा। प्रतुल ने कहा कि यदि इसके बाद भी आ सकता पड़ेगी तो केंद्रीय मंत्री से मिलकर उन्हें सभी बातों से अवगत कराया जायेगा। प्रतुल ने पत्र की कॉपी केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री, कोल इंडिया के चेयरमैन और सीसीएल के चेयरमैन को भी भेजी है।

जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में बालिकाओं ने पाक कला का किया प्रदर्शन

राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कुटमु विजयी घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। निदेशक, झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, रांची के निदेशानुसार जिला स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा के नेतृत्व में उसुर्लाईन कॉन्वेंट मध्य विद्यालय, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर और अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा अभिषेक झा विशेष रूप से उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में जिला के सभी सात प्रखंडों के रसोइयों द्वारा अपनी पाक कला का प्रदर्शन सीमित संसाधनों से किया गया। उक्त कॉम्पिटिशन का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने, मध्यान भोजन के प्रति रसोईया सहायिकाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने, प्रतियोगिता में प्रखण्ड स्तर पर विजेता (प्रथम) और उपविजेता (द्वितीय) प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी रसोइयों ने सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ उक्त कॉम्पिटिशन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता में प्रथम- राजकीकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमु, लोहरदगा (सुमन उरांव और सीता उरांव),

द्वितीय-राजकीकृत बालिका मध्य विद्यालय, लोहरदगा : (गायत्री देवी और काजल देवी) हुई। विजेता को रु 5000.00 और उपविजेता को रू 2500.00 की प्रोत्साहन राशि और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में सभी प्रखंडों के बीईईओ यथा, लोहरदगा के रामजीवन नायक, सेन्हा के रामकरण द्विवेदी, भंडरा के जयराम महतो, विश्वजीत झा, एपीएम, जिला एमडीएम से कुंदन कुमार, सीआरपी जीतेंद्र मित्तल, नीलू गोयल, निधि गुप्ता, नीलेश गुप्ता, उपेन्द्र नाथ ठाकुर, नंदिता साहू, युसुफ अंसारी, राजेश देवघरिया, जनक कुमार, शंकर लोहरा, निशा कुमारी, हंसराज कुमार, सलोमी लकड़ा, रश्मि खेस, विजय कुमार, एनामुल हक, सीमा चौधरी सहित जिला के विभिन्न विद्यालयों के रसोईया सहित शिक्षा कर्मी, पदाधिकारी उपस्थित थे।

ट्रैक्टर पलटने से ड्राइवर की मौत

बरवाडीह। बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत सरईडीह के शिवसागर ललमटीया टोला निवासी मनोहर सिंह के 33 वर्षिय पुत्र ट्रेक्टर ड्राईवर सुरेंद्र सिंह का बीते सोमवार शाम ट्रेक्टर पलट जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे आनन फानन में मेदिनीनगर एमएमसीएच इलाज हेतु ले जाया गया।जंहा चिकित्सको के द्वारा प्राथमिक उपचार किये जाने के बाद रिम्स रेफर कर दिया। जंहा उसकी मौत मंगलवार को हो गयी। मौत की खबर गांव के लोगो को जैसे मिली कोहराम मच गया। उधर मौत की खबर सुनते ही बरवाडीह बीडीओ उनके परिजनों से मुलाकात की और अंत्योष्टि करने के लिए आर्थिक सहयोग दिया। और सरकारी प्रवधान के तहत पारिवारिक लाभ व राशन कार्ड पेंशन समेत अन्य सुविधाएं दिलाने की बात की।

बड़ी कार्रवाई : गुमला नगर परिषद ने पांच दुकानों को सामान सहित किया सील

2008 से नहीं दे रहे थे मासिक किराया

नीलाम पत्र वाद दायर कर होगी वसूली, सील हुई दुकानों का नये सिरे से होगा आवंटन

आजाद सिपाही संवाददाता

नोटिस के बाद भी पांचों दुकानदारों ने न तो राशि जमा की और न दुकान खाली की : संजय कुमार

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि पिछले दिनों बस पड़ाव क्षेत्र की 40 दुकानदारों को नोटिस देकर दुकानें सील करने की चेतावनी दी गई थी, जिस पर 28 दुकानदारों ने त्वरित पहल करते हुये अपनी राशि जमा कर दी थी। तीन दिन पहले शेष दुकानों को सील करने के आदेश जारी होने के बाद सात अन्य बकाएदार भी आनन-फानन में राशि जमा कर गए। किंतु उपरोक्त पांच दुकानों के कब्जा धारी लोगों ने न तो राशि जमा की और ना ही दुकानें खाली कीं। इस पर बुधवार को सीलिंग की कार्रवाई की गई।

गुमला। बुधवार को पूर्व निर्धारित योजना के तहत नगर परिषद के द्वारा बस पड़ाव प्रक्षेत्र की पांच दुकानों को सामान सहित सील कर दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर नगर प्रबंधक हेलाल अहमद की अगुवाई में चले इस सीलिंग अभियान में जिन पांच दुकानों को सील किया गया वे मेहताब कुरैशी, शिव शंकर कुमार, रिशु कुमार, जयप्रकाश शाह तथा कृष्णा कुमार के कब्जे में थी। इन कब्जा धारियों ने 2008 के बाद से अभी तक नगर परिषद को मासिक किराया नहीं दिया था। इन सभी दुकानदारों को बार-बार लिखित व मौखिक नोटिस व चेतावनी देने के बावजूद न तो ये लोग दुकान का किराया दे रहे थे और न ही दुकान खाली कर रहे थे। सामान खाली नहीं करने की स्थिति में बुधवार को इन पांचों दुकानों को सील कर दिया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के लिखित आदेश के बाद मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की मौजूदगी में उक्त सीलिंग की कार्रवाई की गई।

दुकानों का नये सिरे से होगा आवंटन : कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि जिन दुकानों को सील किया गया है उनसे राशि वसूली के उपरांत दुकानों की सील खोलने, सामान निकालने तथा दुकान खाली करने की कार्रवाई की जाएगी, साथ ही खाली हुई दुकानों का आवंटन नियम अनुसार नये सिरे से किया जाएगा। या फिर अगली बोर्ड बैठक में जैसा निर्णय होगा उस अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इस अभियान में जिला पुलिस एवं अनुमंडल प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला। किसी प्रकार की विधि व्यवस्था का प्रश्न न उत्पन्न हो इसको लेकर गुमला पुलिस अधीक्षक की ओर से पर्याप्त पुलिस बल तथा अनुमंडल पदाधिकारी की ओर से मजिस्ट्रेट की तैनाती की हुई थी।

सीलिंग अभियान में इन लोगों की रही सहभागिता : प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी डॉ अजय कुमार सिन्हा, अभियान प्रभारी नगर प्रबंधक हेलाल अहमद खान, नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, कनीय अभियंता मनीष कुमार, कनीय अभियंता आनंद कुमार मुर्मू, सुनील कुमार, अंजिता लकड़ा, कर दरोगा बृजेश कुमार, सचिन स्नेही, रविंदर गोप, अरशद अली, श्रीकांत आदि मौजूद थे।

डीएमओ ने की हिंडाल्को के माइनिंग क्षेत्र की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

कहा- अभी वहां माइनिग का कोई काम नहीं हो रहा है

गुमला । जिले के बिशुनपुर प्रखंड स्थित जालिम बॉक्साईड उत्खनन क्षेत्र में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के द्वारा ली गयी लीज एरिया का बुधवार को जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय ने स्थल जांच की। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि विभागीय जांच करने का निर्देश प्राप्त था कि इस माइंस के पास अवैध रूप से उत्खनन का कार्य हो रहा है या नहीं। प्राप्त निर्देश के आलोक में आज जालिम और सनई बॉक्साइट माइन्स क्षेत्र में पहुंचकर स्थल जांच की गयी और यह पाया गया कि जो कोर्डिनेट प्राप्त था वहां पर कोई माइनिंग एक्टिविटी नहीं है। वर्षों पूर्व वहां पर माइनिंग हुई है और कुछ एरिया को छोड़ कर के शेष एरिया को रिक्लेम कर दिया गया है। अभी कुछ एरिया गड्ढानुमा हैं, लेकिन वहां माइनिग का कोई काम नहीं हो रहा है।

महिला विकास मंडल एवं प्रदान संस्था ने किया अंतरराष्ट्रीय महिला जागरूकता रैली का आयोजन

घाघरा (आजाद सिपाही)। पंचायत में महिला विकास मंडल एवं प्रदान संस्था घाघरा के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला जागरूकता रैली का बुधवार को 1बजे आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जागरूकता रैली में महिलाये हाथों में तख्ती लिए चल रही थी। साथ ही लोगो से अपील करते हुए कहा कि कम उम्र में बेटियों की शादी से परहेज करे। महिलाओं पर हो रही हिंसा के विरुद्ध जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास जारी है। इस दौरान महिलाओं को लिंग आधारित हिंसा के बारे में जानकारी भी दी गई। साथ ही घरेलू हिंसा बाल विवाह एवं सामाजिक कुरीतिया डायन बिसाही अंधविस्वास के खिलाफ सबको मिलकर आगे आने को कहा ताकि लोगों के बीच जागरूकता हो। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने कहा कि आज के परिवेश में महिलाएं पुरुषों से कम नहीं महिलाएं आज पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना चाहिए महिला आज पूरे क्षेत्र में सभी जगह पर प्रतिनिधित्व कर रही हैं जो प्रेरणा की स्रोत भी कई महिलाएं बनी है। इस मौके पर उपस्थित लोगों में महेंद्र महतो की महिला समूह के सदस्या शामिल थे।

बरवे उच्च विद्यालय चैनपुर में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन

चैनपुर (आजाद सिपाही)। क्रिसमस का त्योहार नजदीक आते ही क्रिसमस गैदरिंग का दौर शुरू हो गया है। नाच-गाकर खुशियां मनायी जा रही है। प्रभु यीशु के जन्म आगमन का बेसब्री से इंतजार भी किया जा रहा है। इसी सिलसिले में बुधवार को बरवे उच्च विद्यालय चैनपुर स्कूल परिसर में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल के बगल में आकर्षक तरीके से चरनी को सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत चरनी की आशीष से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अधिष्ठाता फादर जुएल कुजूर ने कहा कि क्रिसमस का यह त्योहार खुशी शांति प्रेम भाईचारा बांटने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु के संदेश को जितना बांटेंगे उतना ही वृद्धि होगी। आज का समाज भौतिकवादी होता जा रहा है। हमें अध्यात्मिक होना है। दया का भाव दिखाना है सेवा का अवसर पाना है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से प्रभु यीशु के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर राजेंद्र तिर्की ने कहा कि मरियम की कोख से शांति का दूत और जगत का उद्धार करने वाला महामानव इस धरती पर यीशु ख्रीस्त के रूप में आया था। उन्होंने लोगों से प्रभु यीशु के जीवन को आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने यीशु को मानव का उद्धार कर्ता और मुक्तिदाता बताया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने क्रिसमस नृत्य व गीत प्रस्तुत किये। मौके पर फादर हेनरी कुल्लू, जोसेफ स्टेफन कुजूर, रनथु साहू सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

क्रिसमस मानव जाति के लिए प्रेम का संदेश : फा. अनिल

चैनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के आरसी मध्य विद्यालय मालम नवाटोली एवं संत आंतोनिश चर्च मालम नवाटोली परिसर में भी क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अधिष्ठाता फादर अनिल खलखो ने चरणी में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने क्रिसमस नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। फादर अनिल खलखो ने कहा कि यीशु ने अपना जीवन लोगों की सहायता करने में लगा दिया। क्रिसमस जीवन में खुशियां लाता है। क्रिसमस मानव जाति के लिए प्रेम का संदेश देता है। पूरा दिसंबर महीना विश्वासियों के लिए खुशियों का महीना होता है। समाज के लोग धूमधाम के साथ बड़ा पर्व मनाते हैं। क्रिसमस आपस में प्रेम भाईचारा सिखाता है। हमें आपस में प्रेम के साथ रहना चाहिए। मौके पर प्रधानाध्यापक फादर रोबिन लकड़ा, फा. अमृत तिर्की, सुधीर कुजूर, भलेरिया एक्का, आभा रजनी कुल्लू, वंदना लकड़ा, सुभागी टोप्पो, ज्योति सहित पूरे पल्ली क्षेत्र के लोग मौजूद थे।

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दाल मिल व कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया निरीक्षण

सिसई (आजाद सिपाही)। प्रखंड में स्थित श्री बाबा दाल मिल व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पंडरानी का निरीक्षण खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार ने किया। निरीक्षण के क्रम में श्री बाबा दाल मिल से मसुर दाल व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से चावल, सूजी, रिफाइन तेल, हल्दी मसाला एवं सब्जी मसाला का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि दोनों जगहों से लिया गया नमुना की जांच के लिए सभी खाद्य पदार्थों को खाद्य प्रयोगशाला नामकुम, रांची भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के पश्चात आगे की प्रक्रिया की जाएगी। इस दौरान उन्होंने संबंधित कर्मियों को साफ सफाई रखने और खाद्य पदार्थ का सही भंडारण करने का निर्देश दिया।

थाना दिवस पर भूमि से संबंधित मामलों को लेकर शिविर का आयोजन

भरनो (आजाद सिपाही)। पलमा डीपा स्थित थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस के मौके पर रैयतों की भूमि से संबंधित मामलों को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अंचलाधिकारी संजीव कुमार और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा भूमि रैयतों की भूमि विवाद से संबंधित मामलों की जानकारी ली। मौके पर भूमि रैयतों का पांच मामले सामने आये। जिसमें चार मामलों का निपटारा किया गया। मौके पर सीआई शाहिद अनवर और एएसआई सुनील कुमार सिंह समेत दर्जनों की संख्या में जमीन रैयत उपस्थित थे।

मंगलो गांव में नौ पड़हा की चौथी बैठक आयोजित

सिसई (आजाद सिपाही)। छारदा पंचायत के मंगलो गांव में बुधवार को नौ पड़हा की चौथी बैठक जागो उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी नौ पड़हा के पहान-पुजार शामिल हुए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की नौ पड़हा के अंदर शादी समारोह में डीजे आधुनिक बाजा नहीं बजाया जाएगा। वहीं हर गांव में धुमकुड़िया बनेगा। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष कैप्टन लोहरा उरांव ने कहा कि अपने हक व अधिकार को लेने के लिए सर्वप्रथम पड़हा को रजिस्ट्रेशन कराना पड़ेगा। 1950 में जब संविधान बना तभी से लागू हो गया। किन्तु हम लोगों को संविधान का ज्ञान नहीं था। हमारे समाज में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा भागीदारी निभाने की जरूरत है। मौके पर मंगरा उरांव, गजेन्द्र उरांव, बुधराम उरांव, उमेश उरांव, जुब्बी उरांव, मटकु उरांव, भैरो भगत, सोमा उरांव, शनियारो उरांव, गीता उरांव, दानी उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

टुडुरमा डैम की समस्याओं को लेकर उपायुक्त से मिशन बदलाव की टीम ने की मुलाकात

गुमला (आजाद सिपाही)। मिशन बदलाव टीम ने सैयदा खातून के नेतृत्व में रायडीह प्रखंड टुडुरमा डैम की समस्याओं के निराकरण को लेकर गुमला उपायुक्त से मुलाकात की। टीम ने उपायुक्त को इस आशय का आवेदन भी सौंपा। सईदा खातून, ज्योति कुमारी, विनय कुमार ने बताया कि दो महीने पूर्व मिशन बदलाव टीम गांव चलो गांव बदलो अभियान के तहत रायडीह प्रखण्ड का टुडुरमा गांव का दौरा किया था। टुडुरमा गांव के ग्रामीणों ने डैम की जर्जर स्थिति को लेकर मिशन बदलाव टीम को अवगत कराया था। ग्रामीणों ने बताया था कि अगर डैम टूट जाए तो लगभग सैकड़ों परिवार पलायन को मजबूर हो जायेंगे एवं हमारा जीविकोपार्जन इसी डैम पर निर्भर है और ग्रामीणों ने गांव का हस्ताक्षर युक्त आवेदन मिशन बदलाव को दिया था।। मिशन बदलाव टीम ने बुधवार को डीसी से मुलाकात कर ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन डीसी को भी दिया। डीसी ने मामले पर गंभीरता से पहल करते हुए त्वरित संज्ञान लेने की बात कही। डीसी ने कहा कि बहुत जल्द ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

चट्टान की मापी का ग्रामीणों ने किया विरोध, फिर भी अधिकारियों ने किया सीमांकन

पालकोट (आजाद सिपाही)। बुधवार को पालकोट प्रखंड बस स्टैंड के समीप खाली पड़े चट्टान की मापी व सीमांकन करने आये प्रखंड प्रशासन का ग्रामीणों ने विरोध किया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि यह खाली चट्टान किसी का नहीं है। चट्टान सरकारी होती है और यहां एक ही खाली जगह है जिसमें मेला व कई अन्य कार्यक्रम लगाया जाता है। परंतु प्रखंड प्रशासन ने अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर खाता नंबर 297 प्लॉट नम्बर 4206 रकबा 4.60 एकड़ का सीमांकन ग्रामीणों के विरोध के बावजूद पूरा किया। इस सीमांकन कार्य में दंडाधिकारी के रूप में पालकोट बीडीओ मनीष कुमार, पशुपालन पदाधिकारी कविता बाला टूटी, मनरेगा अभियंता उमाशंकर राम, थाना प्रभारी अनिल लिंडा, एएसआई कृष्ण कुमार गुप्ता, एसआई संदीप राज के अलावे सशस्त्र पुलिस बल के व कई अधिकारी मौजूद थे।

थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी ने विक्षिप्त महिलाओं को दिया कंबल

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार और सदर अंचल के अंचलाधिकारी कुशलमय मुंडू ने शांति निकेतन के कार्यालय पहुंचकर विक्षिप्त महिलाओं के लिए कंबल प्रदान किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने कहा कि कड़ाके की ठंड में कंबल जीवन रक्षक का काम करता है। विक्षिप्त महिलाएं भी समाज का अंग हैं। उन पर भी ध्यान देना समाज का दायित्व है। उन्होंने कहा कि कंबल के द्वारा विक्षिप्त महिलाओं को सर्दी से बचाने का एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है। वहीं अंचलाधिकारी ने कहा कि विक्षिप्त महिलाएं भी इंसान हैं, और जिस तरह एक अच्छे इंसान को सर्दी-गर्मी और भीगने का अनुभव होता है ठीक उसी तरह विक्षप्तों को भी इन चीजों का अनुभव हुआ करता है। यह अलग बात है कि इस अनुभूति को वह समाज के साथ शेयर नहीं कर पाते। लेकिन उनके दुख दर्द को समझना ही मानवता है। उन्होंने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी आग्रह किया कि अपने आसपास की विक्षिप्त महिलाओं की मदद करें। उन्हें वस्त्र भोजन आदि से सहयोग करें, उन्हें समाज का एक अंग के रूप में स्वीकार करें। मौके पर संस्था की संचालिका दीदियां मौजूद थीं।

कार्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी,गुमला

निलामी

एतद् इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि गुमला जिले के विभिन्न थानों में लावारिस पड़े निम्नअंकित वाहनों के वाहन स्वामी अपना दावा विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिन के अन्दर मूल निबंधन पत्र, ईश्योरेंस, आधार आदि के साथ जिला परिवहन कार्यालय, गुमला में सम्पर्क करे, अन्यथा अवधि बीत जाने के उपरांत किसी भी दावे पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं संबंधित वाहन के नीलामी की प्रकिया पूर्ण कर ली जायेगी ।

क0 सं0	वाहन का पंजीयन संख्या / चेचिस / इंजन नंबर	वाहन का प्रकार	वाहन मालिक का नाम एवं पता	सम्बद्ध थाना का नाम
1	RJ01GB8185 Chasis No.- MAT704010E3H18490, Eng. No.-B592153041H63391065	LPS 4923 TC	भागचन्द राउत पे0 लडु सिंह राउत सा0 राउत मुहल्ला नासीराबाद अजमेर	बसिया
2	JH01AE4368 Chasis No.- MA3EMDE1S00258614, Eng. No.-K10BN4028861	ZENLXI ESTILO	जोसेफ डुंगडुंग पे0 काजमीर सिलास डुंगडुंग सा0 गेल टोली बरवाडीह कोलेबीरा जिला सिमडेगा	बसिया
3	JH01A0016 Chasis No.- 547808 , Eng. No.-502306	ZENLXE 2	अब्दुल खुकुश पे0 युनुस अंसारी सा0 चाणटाली बिजुलिया रांची	बसिया
4	MH02BY5271 Chasis No.- MA1TB2BSL62J91266, Eng. No.-BS64J60976	SCORPIO 2.6 SLX	हाजी अमीन पे0 सलीम अमीन सा0 जलदर्शन कांटवाड़ी भंडरा महाराष्ट्र	बसिया
5	JH08A9005 Chasis No.- MA3EMD81S00138899, Eng. No.-F10DN3262783	ZEN ESTILO	टिंकु कुरैसी पे0 मुख्तार कुरैसी सा0–मकान नं0–53 वार्ड नं0–1 लोहरदगा	बसिया
6	JH07C1856 Chasis No.- MA1TB2GCK82E76751, Eng. No.-GC84E12913	SCORPIO	गजाधर ओहदार पे0 शंकर ओहदार सा0 पंथा थाना बसिया जिला गुमला	बसिया
7	JH01AA0560 Chasis No.- MBLJF16EC9JB05768, Eng. No.-JF16EA9GB05793	PLEASURE	मंजुला डुंगडुंग पे0 मार्शल डुंगडुंग सा0 कारीचुआ सुरहु कामडारा जिला गुमला	बसिया
8	JH01X7645 Chasis No.- MBLHA10EJ8HK054F72, Eng. No.-HA10EA8HK10038	SPLENDER PLUS	महावीर चौधरी पे0स्व0 सुरेश चौधरी सा0 चुटिया रांची	बसिया
9	JH07D3354 Chasis No.- ME154B011B2023063, Eng. No.-54B1023043	SZ	रामजीत नाग पे0 स्व0 कोको नाग सा0 भागीडेरा थाना बसिया जिला गुमला	बसिया
10	JH01AF8218 Chasis No.- MD634KE4XA2N42889, Eng. No.-OE4NA2210090	APACHE	सोनू बड़ाईक पे0 स्व0 महावीर बड़ाईक सा0 मधुकम रांची	बसिया
11	JH01BA-7976 Chasis No.- MBLHA10ASDHF37755, Eng. No.-HA10ELDHF56747	SPLENDER PLUS	नारायण पहान पे0 बुधवा पहान सा0 दतिया खूंटी	बसिया
12	OR14L6570	TVS SCOOTY POP	अनिता काचु पे0 स्व0 एस काचु सा0 रेबेन्यु कॉलोनी राउरकेला	बसिया
13	JH07A3196 Chasis No.- 9209F360755, Eng. No.-E3209M416820	TVS MAX 100	नन्द केश्व साहु पे0 रामस्वरथ साहु सा0 मोरेंग	बसिया
14	JH07E 8441	DIO	असिन्ता धनवार पे0 स्व0 जाता धनवार सा0 पंथा बंडाटोली थाना बसिया जिला गुमला ।	बसिया
15	JH01BL8731 Chasis No.- MC1D4DKA8FP048392, Eng. No.-D60008574	TRAX CRUISER BS III	डेविड हंसा पूर्ती पे0–रिंगा हसा पर्ती सा0 केवरा सरवदा खूंटी जिला खूंटी	बसिया
16	OR14S4418 Chasis No.- MBLHA10EJ8HL11822, Eng. No.-HA10EA8HL26836	HERO HONDA SPLENDER PLUS	डमरूधर बड़ाईक पे0 कैलाश चीक बड़ाईक सा0 गनुवा गुर्दा उड़िसा	बसिया
17	OR14F3541 Chasis No.-DFFBGL84092, Eng No-DEMBGL15211	BAJAJ BOXER	नारायणा गोप पे0–कालकुदंन गोप सा0 खुतो बीशरा थाना राउरकेला उड़िसा	बसिया
18	JH20A9037 Eng. N0-HA10EFBHJ73293, Chasis No.- MBLJA10EYBHJ70347	SPLENDOR +	नागेन्द्र उराँव पे0 लुरका उराँव सा0 लुंगदू चापाटोली थाना बसिया जिला गुमला	बसिया
19	OD15L6885 Eng no-TBJ1F63678, Chasis No.- MA1ZN2TBKJ1F56319	MAHINDRA BOLERO PICK UP FB PS	जय चन्द्रा पे0–बाबु राम सा0 माहानादई विहार उड़िसा	बसिया
20	JH07D4924	AUTO	सुरेन्द्र साहु पे0 पल्टन साहु सा0 कुलाबुरु थाना + जिला गुमला	गुमला
21	JH07B9992	AUTO	मो0 नेसार जे0 स्व मो0 ताहीर सा0 बाजारटाड थाना + जिला गुमला	गुमला
22	JH07D5522	MAHINDRA MAGIC	श्रीमति सिलवन्ती देवी पति वन भानु उरांव सा0चाम्पाटोली थाना+जिला–गुमला	गुमला
23	JH01L0396	PICKUP	निसार खान पे0 मोनाजीर खान गाराडीह नाकचुव थाना लोहरदगा जिला– लोहरदगा	गुमला
24	BR413910	TRACTOR	NOT FOUND	गुमला
25	WB03AD8669	TRUCK	NOT FOUND	गुमला
26	JH07B1587	TRACTOR	पंकज सिंह पे0आर0 पी0 सा0लोहरदगा रोड थाना जिला–गुमला	गुमला
27	JH08B5294	TVS JIVA	जितेन्द्र कुमार यादव पे0 बलदेव यादव सा0 लपसर घाघरा थाना–घाघरा जिला—गुमला	गुमला
28	JH07E6858	PASSION PRO	दिनेश उरांव पे0 सोमरा उरांव सा0 काचापाडा अरंगी थाना+जिला–गुमला	गुमला
29	JH07D2458	SPLENDER PLUS	चन्दर उरांव पे0 रन्धु उरांव सा0 सिसि थाना+जिला–गुमला	गुमला
30	JH07C4600	TVS STAR CITY MOTERCYCLE	भुनेश्वर गोप पे0 चुन्नी गोप सा0कोयंजारा थाना+जिला–गुमला	गुमला
31	JH01AS7308	PULSAR MOTERCYCLE	सुधिर तिर्की पे0 बिरसा तिर्की सा0 कोइनजारा थाना व जिला–गुमला	गुमला
32	JH07G0452	MOTERCYCLE	श्रीमति मुन्नी देवी पति–बसंत उरांव सा–लावागाई(चिंगरी) थाना–सिसई जिला–गुमला	गुमला
33	JH01AD9074	PASSION PRO	जयमंगल उरांव पे0फागुवा उरांव सा–देवाकी थाना–घाघरा जिला–गुमला	गुमला
34	JH07B3181	CT 100 MOTERCYCLE	राजकुमार टोप्पो पे0 बालकु टोप्पो सा0 पुग्गु खोपा टोली थाना+जिला–गुमला	गुमला
35	JH07D0575	MOTERCYCLE	हरिश कुमार पे0 बसंत राम सा–न्यु बस स्टैड रोड गुमलाथाना+जिला–गुमला	गुमला
36	JH07G6054	TVS JUPITAR	कुलकांत बेक पे–हेरमन बेक सा–करंज टोली थाना व जि0गुमला	गुमला
37	JH07D5670	TVS STARSPORT	सुनिल उरांव पे0पुसा उरांव सा–इरो फटकपुर थाना व जि0गुमला	गुमला
38	JH07A2795	BAJAJ CALIBER	श्री आत्मा अनान्द एक्का पे–स्व मसिह प्रकाश एक्का सा डुमरटोली थाना+जिला–गुमला	गुमला
39	JH07J0699	TVS STAR CITY MOTERCYCLE	नेहरु राम लोहरा पे0 झन्तु लोहरा सा–पोरा रेडवा थाना सिसई जि0गुमला	गुमला
40	JH07D0406	CD DELUXE	सुकरु गोप पे0स्व दोन्दी गोप सा–गिन्डरा थाना व जि0गुमला	गुमला
41	JH07F0896	DIO MOTERCYCLE	रेनु सलिमा मिंज पति0उतम मिंज सा–करमटोली थाना+जिला–गुमला	गुमला
42	JH07D6540	AUTO	तागरेंन तिर्की पे0स्व इसराईल तिर्की सा–रौशन नगर करमटोली थाना व जिला–गुमला	गुमला
43	JH07D6951	TVS XL SHD	पिलाश देव रौतिया पे0स्व इन्दु रौतिया सा–नगर परहाटोली थाना–चौनपुर जि–गुमला	गुमला
44	JH07B7790	PASSION PULS MOTERCYCLE	विनय कुमार पे0श्री दिनेसवर साहु सा–घाटो बगिचा थाना+जिला–गुमला	गुमला
45	JH07E9983	TVS SPORTS	दिलमोहन गोप पे0 जितु गोप सा–बडाईक मोहल्ला थाना+जिला–गुमला	गुमला
46	JH01V6572	PASSION PRO MOTERCYCLE	मुख्तार आलम पे0 मो0 रेयाज सा0सिसई रोड गुमला थाना व जि0गुमला	गुमला
47	JH07E4943	PLEASURE	अशोक कुजुर पे0फिलमोन कुजुर सा–चौनपुर थाना–चौनपुरजि0गुमला	गुमला
48	JH07D9017	Bajaj Discover DTS	अशोक कुमार साहु पे0 रामटहल साहु	गुमला
49	JH07BF6093	Honda DIO	बिरेन्द्र खडिया पे0जयन्दरखडिया सा–जमगई थाना– रायडिहजिगुमला	गुमला
50	JH07AJ7589	Aviator	श्रीमति लक्ष्मी एक्का पति–चोनहास एक्का सा–कोढी थाना–डुमरीजि–गुमला	गुमला
51	JH07G7736	Bajaj CT 100	मो0 सब्बु पे0मोजसनाम सा–इसलामपुर थाना व जि0गुमला	गुमला
52	JH01AS6081	Passion Pro bike	अमोल कुमार पे0स्व मुकती नाथ झा सा–पशुपति झा विधा नगर थाना–रांची जिला–रांची	गुमला
53	JH01BW4700	Passion Pro bike	नागेन्द्र कु0 सिंह पे0 सिंधासान सिंह सा–न्यु बस स्टैड धुर्वा थाना–धुर्वा जिला–रांची	गुमला
54	JH02AM0112	Passion Pro bike	असलम अंसारी पे0 मो0 कलाम अंसारी सा–हेसरा मनुआ अजाद नगर थाना रामगढ	गुमला
55	JH02X8206	Apache RTR 160	कमाल कुमार महतो पे0– गुला महतो सा–बसंतपुर केदला थाना रामगढ जिला–रामगढ	गुमला
56	JH02R6304	BajajPulsar15	चन्द्रदेव सिंह पे0एस0एस0 सिंह सा0सोन्ध सन्दी चितरपुर थाना रामगढ जिला–रामगढ	गुमला
57	JH01D0575	Splender Plus	भास्कर मांझी पे0भरत मांझी सा–चांडिल साहेरवेरा थाना–सरायकेला जिला–सरायकेला	गुमला
58	LML CRD super DLX	OR14M-7859	रामजी दुबे पे0मोहन दुबे सा–जाग्रति कलोनी वार्ड न0 11 थाना–बिरमित्रपुर जिला–बिरमित्रपुर	गुमला
59	Platina Bike	JH08B-4950	राखी कुमारी पे0अशोक कुमार सा–चन्दु कुआं थाना–बारबीघा जिला–लोहरदगा	गुमला

PR 285580 Transport(22-23).D

नोडल पदाधिकारी–सह–पुलिस निरीक्षक, प्रभारी सी0सी0आर0, गुमला

जिला परिवहन पदाधिकारी, गुमला

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभार्थी को सौंपा दो लाख का चेक

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत जौनी मुंडा पति स्व जतरू मुंडा के दुर्घटना होने पर दो लाख का चेक दिया गया। चेक बैंक ऑफ इंडिया बेड़ो शाखा द्वारा जौनी मुंडा प्रखंड़ के पंचायत हरिहरपुर जामटोली ग्राम हरहंजी गांव के निवासी है। चेक प्रखंड विकास पदाधिकारी डा प्रवीण कुमार अग्रणी जिला प्रबंधक रांची डा श्रीकांत कुमार वरिष्ट शाखा प्रबंधक सवित्री कुमारी, विनय कुजूर, संजय मुंडा के द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया।

फिया फाउंडेशन का मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण संपन्न

खूंटी (आजाद सिपाही)। दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण खूंटी क्लब भवन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बी.टी.टी., सहिया साथी एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से प्रखंड समन्वयक को घरेलू जल उपचार एवं जल प्रबंधन पर विस्तार पूर्वक 20 एवं 21 दिसम्बर 2022 तक दिया गया। इसमे जल गुणवत्ता, रख रखाव, सुरक्षित भण्डारण तथा समुदायक सहभागिता पर चर्चा की गयी। प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कानन बाला तिर्की, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पेयजल स्वच्छता विभाग के और से नीरज कुमार, जयंत कुमार एवं केमिस्ट नवनीत कुमार ने जल गुणवत्ता पर जानकारी दी गयी। इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में फिया फाउंडेशन की ओर से कौशिक, राहुल, संदीप, महफूज एवं प्रमोद जी की महती भूमिका रही। इस प्रशिक्षण में तकनिकी सलाहकार के रूप में डॉ. रामकृष्ण उपस्थित थे।

किसान के सिंचाई के सामान खेत से चोरी

बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के करांजी गांव में मंगलवार की रात किसान शंकर साहु का सिंचाई मशीन अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली. इस संदर्भ में भुक्तभोगी शंकर साहु ने बेड़ो थाना में अज्ञात के विरूद्ध सन्हा दर्ज कराया है। जिसमें उसने पुलिस को बताया कि करांजी गांव के खटंगा मोड़ के समीप मेरे खेत में प्रत्येक दिन की तरह बुधवार की सुबह सात बजे गया, तो देखा की बोरिंग मंशिन, स्टैप लाईजर, सिंचाई मंशिन, सौ फिट पानी फिता और तीन कुदाल गायब हैं। मैने अगल-बगल के घर वालों से भी पुछ-ताछ किया लेकिन कुछ भी पता नहीं चला।

सीटू के सम्मेलन में शामिल हुए पिपरवार के कार्यकर्ता

पिपरवार (आजाद सिपाही)। एनसीओईए सीटु पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी रांची के सीएमपीडीआई में चल रहे एनसीओईए सीटू के 32वॉ सम्मेलन मे शामिल हुए।यूनियन के क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता बचरा चार नंबर चौक से नारेबाजी करते हुए रांची के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में इस्लाम अंसारी, गुरूदयाल सिंह,रुखसार आलम,विनोद कुमार,शमशुल होदा,मोहम्मद रियाज,राम मुर्मू ,अजेश मुंडा,मोहम्मद जुल्फान,भुनेश्वर उरांव, इंद्रदेव कुमार चौधरी सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

परिवार नियोजन स्वास्थ्य पखवाड़ा का आयोजन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। अस्पताल मे आज परिवार नियोजन स्वास्थ्य पखवाड़ा का आयोजन किया गया। अस्पताल के हेल्थ वैलेनेस सेंटर के 78 लाभुको को पुरस्कृत किया गया अस्पताल के डॉक्टर सावित्री कुजूर, ए एम ललित स्वांसी, एएनएम नीलिमा लकड़ा मनोरमा कुमारी एवं अन्य स्वास्थय कर्मी उपस्थित थे।

बचरा ऑफीसर्स क्लब में पेंशन अदालत का आयोजन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार के बचरा ऑफीसर्स क्लब में पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीएमपीएफ विभाग रांची और सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के कई अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में आये हुए सभी अधिकारियों का स्वागत पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने बुके देकर किया। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त मजदूरों के पेंशन, ग्रेच्युटी सहित अन्य कई समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। पेंशन अदालत में पहुंचे सेवानिवृत्त मजदूरों ने अपनी समस्या से विभाग को अवगत कराया। इस दौरान कई लंबित मामलों का मौके पर निष्पादन किया गया, जबकि सीएमपीएफ विभाग से जुड़ी कई मामलों का जल्द निपटारा करने का आश्वासन दिया गया। सीएमपीएफ विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर एसके प्रसाद ने बताया कि सीसीएल के सभी क्षेत्रों में विभाग के द्वारा पेंशन अदालत लगाकर लोगों की समस्या सुनी जा रही है। इस दौरान मौके पर ही समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। पिंशन अदालत में पहुंचे जनता मजदूर संघ के सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह ने कई समस्याओं को प्रमुखता के साथ उठाया। उन्होंने सीएमपीएफ विभाग के कार्यों को ऑनलाइन करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सीएमपीएफ विभाग का कार्य ऑनलाइन होने से रिटायर मजदूरों को काफी राहत मिलेगी। मजदूरों को सीएमपीएफ की जानकारी ऑनलाइन मिलेगी इससे विभाग के अधिकारियों को भी काम करने में आसानी होगी। इसके अलावा उन्होंने दसवां वेतन समझौते के मुताबिक रिटायर मजदूरों को पेंशन देने की मांग की। इस मौके पर असिस्टेंट कमिश्नर एसके प्रसाद, सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस के चीफ मैनेजर पर्सनल अमरेंद्र कुमार,एसके तिवारी,शफीक टीएम,कुमार असाय, सीएमपीएफ विभाग के आशुतोष कुमार,अमित श्रीवास्तव,संतोष कुमार, पिपरवार के एसओपी आलोक मनीष सोय,कार्मिक प्रबंधक रवि बाड़ा,उज्जवल कुमार,श्रमिक प्रतिनिधि मुंद्रिका प्रसाद,रविंद्रनाथ सिंह,भीम प्रसाद मेहता, जंगबहादुर राम सहित काफी संख्या में रिटायर मजदूर और उनके आश्रित मौजूद थे।

कार्रवाई : रातू कमड़े में पुलिस ने की छापेमारी

68 पेटी अवैध विदेशी शराब जब्त

- सस्ती शराब को महंगी ब्रांड के बोतल में भर कर किया जाता था सप्लाई
- दो व्यक्ति गिरफ्तार, चार फरार

आजाद सिपाही संवददाता

रातू। थाना क्षेत्र के कमड़े सरना टोली में पुलिस ने छापेमारी कर एक घर से भारी संख्या में अवैध विदेशी शराब से भरी पेटी जब्त किया है। छापेमारी में तस्करी के लिए रखे लगभग 68 पेटी शराब से भरी पेटी बरामद किया गया है। जब्त शराब में रॉयल स्टेज विस्की के 10 पेटी, इम्पेरियल ब्लू विस्की 9 पेटी,स्टेरिंग रेसर्वे बी 6 पेटी तथा महाराजा रेयर विस्की की 43 पेटी शामिल है। इसके अलावा 11 सौ ढक्कन ,5 पत्ता बार कोर्ड , दो मोबाइल व एक हिरोहोण्डा साइन मोटरसाइकिल जेएच01ईटी-9106 शामिल है। रातू थाना प्रभारी सपन कुमार महता की नेतृत्व में की गई छापेमारी में दो लोगो को गिरफ्तार किया गया जिसमें अनूप सिंह व एक युवक शामिल है। दोनो रातू थाना क्षेत्र के कमड़े वृंदा नगर के रहने वाले हैं। वही पुलिस की छपेमारी होते देख तीन लोग फरार हो गये। फरार अभियुक्तों में अंकित कुमार गुप्ता, अभिमन्यु सिंह, व सन्नी सिंह शामिल है। पूछताछ में गिरफतार आरोपी अनूप सिंह ने पुलिस को बताया कि मुख्य सरगना अंकित गुप्ता है। जो थाना क्षेत्र के कमड़े ऊपर टोला का रहने वाला है। अंकित पूर्व में भी नकली अवैध शराब का गोरख धंधा करने के आरोप में आरोपित है। पुलिस ने मकान मालिक को भी आरोपित बनाया है। पुलिस फरार अभियुक्तों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

गिरफतार आरोपियों ने बताया कि सस्ता शराब खरीदने के बाद महंगे व ब्रांडेड बोतल में शराब को भर कर उसमें स्टिकर कवर लगाकर तथा झारखंड सरकार उत्पाद विभाग का बार कोड चिपका कर बिहारा व झारखंड के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जाता है।

छापेमारी दल में थे शामिल : पुलिस नीतीश कुमार,हसनैन अंसारी,उज्ज्वल कुमार सिंह, गणेश साहू,मनोज कुमार चौबे व रामजीवन सिंह शामिल है।

स्व दिगंबर महतो का जन्मदिवस मनाया

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी प्रखंड के पिस्का निवासी पूर्व श्रम अधीक्षक सह युवा समाजसेवी स्व दिगम्बर महतो का जन्मदिवस मनाया गया मौके पर उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य लोगों और परिजनों ने स्व दिगम्बर महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात लोगों स्व दिगम्बर महतो का सामाजिक योगदान और उनके व्यक्तित्व को याद किया मौके पर पंचम महतो ,तपेश्वर केसरी,सतीश साहू ,दिलीप मेहता अनूप कुमार ,राम सागर महतो ,संजीव कुमार शाहिद अंसारी,पितांम्बर महतो, अंशु मेहता आदित्य कुमार ,मंजीत कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे

झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा की बैठक हुई

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी प्रखंड झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा बैठक झामुमो पार्टी प्रखंड कार्यालय में बिसून महली की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की सहित बुद्धिजीवी मोर्चा के सदस्य और अन्य कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में नगड़ी के वर्तमान थाना प्रभारी के क्रियाकलापों पर चिंता व्यक्त करते हुए उनपर भूमाफियाओं से सांठ गांठ कर गरीबों और रैयतों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए 24 दिसंबर को उन्हें हटाने की मांग को लेकर नगड़ी थाना का घेराव करने का निर्णय लिया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की सहित बुद्धिजीवी मोर्चा के कार्यकताओं ने कहा कि नगड़ी थाना के नये प्रभारी के आने के बाद से भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हो गए हैं साथ ही क्षेत्र में अपराध में भी वृद्धि हुई है। बैठक में पार्टी को संगठित और मजबूत करने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, उपाध्यक्ष धुचु तिर्की, सह सचिव बरून महतो,झारखंड किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बादे उरांव, सचिव अशोक ठाकुर,झारखंड बुद्धिजीवी मोर्चा,प्रखंड समिति नगडी के प्रखंड अध्यक्ष बिसून महली, झारखंड महिला मोर्चा नगडी के प्रखंड अध्यक्षा राखी देवी सहित अन्य दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कैंब्रियन स्कूल को 225 रनों से हराया

चान्हो(आजाद सिपाही)। बुधवार को रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर विद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत 16 वर्ष के आयु वर्ग में खेले गए मैच में बाघवार अकादमी चान्हो क्रिकेट टीम ने कैंब्रियन स्कूल रातू को 225 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर दिया। टॉस कैंब्रियन स्कूल ने जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाघवार अकादमी की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 2 विकेट खोकर कुल 260 रन बनाए। इस टीम के बल्लेबाजों ने विपक्षी टीम के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। सलामी बल्लेबाज अमरेंद्र महली ने शानदार 75 रन तथा अभिषेक महली ने शानदार 60 रन बनाए। फरहान अंसारी ने भी अपनी टीम के लिए 54 रनों का योगदान दिया। कैंब्रियन स्कूल रांची के बल्लेबाज इस मैच में शुरू से ही संघर्ष करते नजर आए। इस टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक पार नहीं कर सका। पूरी टीम 11ओवरों में 45 रन बनाकर धराशायी हो गई। बाघवार अकादमी चान्हो क्रिकेट टीम की गेंदबाजी आज अपने चरम पर थी। इस टीम के जितेंद्र कुमार सिंह ने विपक्षी टीम के 4 विकेट चटकाए। हर्षित यादव ने 3 विकेट लिए तथा अभिषेक महली और हिमांशु महली ने एक-एक विकेट प्राप्त किया।

कंबल का वितरण किया

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ पश्चिमी पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 10 एवं 11 में मुखिया प्रमिला कुमारी एवं साथ में वार्ड सदस्यगणों के साथ विधवा एवं वृधाओ को ठंडा को देखते हुए पवन के बुजुर्गों को कंबल वितरण किए कंबल पाने मे सरसती देवी हरिपिरिया देवी मूसा साहू महावीर साहू प्रमिला देवी प्रफुल्ला बनर्जी शंकर साहू ईश्वर दयाल साहू अकलू सिंह बोलो देवी विजय पंडा गुरूवरी देवी आदि लोगों को वितरण किया गया।

भूगर्भ शास्त्र की पढ़ाई तीन महीने से ठप

बुंडू (आजाद सिपाही)। पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू में भूगर्भ शास्त्र की पढ़ाई पिछले तीन महीने से ठप है। इस विषय के प्रोफेसर चक्रधर महतो का तबादला हो गया है जिससे सैकड़ों छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार में डूब गया है इस तरह से और कई विषयों की पढ़ाई प्रोफेसर के बिना ठप है छात्र नेता सुरेंद्र लोहरा ने विश्वविद्यालय प्रशासन से जल्द से जल्द प्रोफेसर भेजने का आग्रह किया है

बुंडू में भारत जोड़ो यात्रा 26 दिसंबर को

बुंडू (आजाद सिपाही)। कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा आगामी 29 दिसंबर 2022 को बुंडू में एन एच 33 पर स्थित पानी टंकी के समीप बिरसा मुंडा चौक से राधा रानी मंदिर होते हुए धुर्वा मोड बिरसा चौक तक पदयात्रा निकाली जायेगी। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो भूतपूर्व विधायक तमाड़ कालीचरण सिंह मुंडा तथा कमेटी के सभी सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे यह जानकारी बुंडू प्रखंड कॉंग्रेस अध्यक्ष मनोहर महतो ने दी।

नि:शुल्क मानव चिकत्सा शिविर का आयोजन

तमाड़। एसएसबी 26वीं वाहिनी 'जी' कम्पनी तमाड़ के द्वारा पुंडीदिरी में निशुल्क मानव चिकत्सा शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में पुंडीदीरी गांव के आस पास के गांव सारुबेड़ा, एदेलपीढ़ी , झारगांव, के करीब 159 ग्रामीणों ने निशुल्क चिकित्सा का लाभ उठाया ओर निशुल्क दवाइयां वितरण किया गया एसएसबी 26वी वाहिनी के डॉ. उर्मिला गाड़ी (कमांडेंट/चिकत्सा) निरीक्षक/ सामान्य जगन्नाथ उरांव मु./आ रितेश कुमार सहित अन्य जवान मौजूद थे।

पांच दिनों से पेयजलापूर्ति ठप

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू नगर क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से पेयजलापूर्ति ठप है लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं पेयजलापूर्ति की मांग को लेकर आज राधा रानी मंदिर से जुलूस के शक्ल में कुछ लोग नगर पंचायत पहुंचे और नगर पंचायत गेट को घंटों घेरे रखा लोगों का गुस्सा नगर पंचायत के ऊपर उबाल पर था इधर नगर पंचायत के अध्यक्ष राजेश उरांव ने कहा था कि 48 से 72 घंटे के अंदर पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा फिर भी जनता आक्रोश में होकर आज नगर पंचायत को घेरे रखा इसका नेतृत्व महेश शर्मा कर रहे थे करीब तीन घंटे के बाद एसडीओ बुंडू सीओ बुंडू नगर पंचायत के प्रशिक्षु कार्यपालक पदाधिकारी ने आकर आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर वहां से हटाया।

बेड़ो में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के दिघिया तुको तेलीटोला निवासी किसान मच्छिंद्र साहू के लगभग 25 वर्षीय पुत्र संजय कुमार साहू उर्फ पांडे ने बुधवार की दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वहीं पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। इस संदर्भ में मृतक के पिता ने बेड़ो थाना में एक लिखित सूचना दी है। पुलिस ने फंदे से लटकते हुए मृतक संजय कुमार उर्फ पांडे के शव को नीचे उतारा और पंचनामा करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया। इधर घटना के संदर्भ में बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा।

खेल की खबर

बस की छत से गिरते-गिरते बचे मेसी

फैंस बस पर टूट पड़े तो अर्जेंटीना के कप्तान को हेलिकॉप्टर से निकालना पड़ा

अर्जेंटीना (एजेंसी)। फुटबॉल वर्ल्ड कप विजेता अर्जेंटीना की टीम का देश में मंगलवार को लाखों फैंस ने स्वागत किया। जश्न राजधानी ब्यूनस आयर्स में मनाया गया। पूरी टीम खुली छत वाली बस पर बैठकर इस जश्न में शामिल हुई। इस दौरान बड़ा हादसा होते-होते बचा। छत पर बैठे कप्तान मेसी समेत 5 प्लेयर्स गिरते-गिरते बचे। जश्न के दौरान जब फैंस की भीड़ बस की ओर उमड़ी तो मेसी को हेलिकॉप्टर से निकालना पड़ा। अर्जेंटीना की सरकारी एजेंसी टेलेम के मुताबिक, ब्यूनस आयर्स के

स्मारक स्थल पर 40 लाख लोग मौजूद थे।

वर्ल्ड कप ट्रॉफी सीने से चिपकाकर सोए मेसी, फोटोज वायरल

मेसी की तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें वह वर्ल्ड कप ट्रॉफी को सीने से चिपकाकर सो रहे हैं। ये फोटो उन्होंने खुद पोस्ट कीं। जीत के बाद उनकी ट्रॉफी को चूमने और टेबल डांस की फोटोज वायरल हुई थीं। अर्जेंटीना ने 18 दिसंबर को फीफा वर्ल्ड के फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराकर खिताब पर कब्जा किया था।

फ्लाइओवर निर्माण में लगे सिविल इंजीनियर की क्रेन से दबकर मौत, दो घायल

नामकुम (आजाद सिपाही)। कांटाटोली फ्लाइओवर के निर्माण में लगे सिविल इंजीनियर की क्रेन में दबने से मौत हो गयी है। वहीं, क्रेन का ड्राइवर और सुपरवाइजर घायल हो गये हैं। जिनका इलाज रांची रिम्स में चल रहा है। मृतक की पहचान गुमला सिसई प्रखंड के अंबवा गांव निवासी परमेंश्वर साहू के पुत्र चूरामणि कुमार (27) के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार दिनेशचंद्र आर अग्रवाल इंफ्राकौन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा कांटाटोली में फ्लाइओवर का निर्माण किया जा रहा है। जिसका डंपयार्ड पुराना नामकुम थाना के समीप बनाया गया है। बुधवार सुबह 10 बजे क्रेन सरिया लेकर वजन करा रहा था। इसी दौरान क्रेन पलट गया। वहीं, फोन में बात कर रहे सिविल इंजीनियर चूरामणी क्रेन की चपेट में आ गया। जिसमें चूरामणी की दबकर मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, बंगाल के मालदा निवासी हसन अली (सुपरवाइजर) और क्रेन का ड्राइवर घायल हो गये हैं। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स भेज दिया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

बेड़ो के जरिया गांव में असहायों के बीच किया कंबल वितरण

बेड़ो (आजाद सिपाही)। मालती वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में बुधवार को जरिया गांव स्थित अखरा स्थल पर अध्यक्ष संध्या रानी भगत के नेतृत्व में गरीबों, बेसहारा,दिव्यांग व बूढ़े बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर संध्या रानी भगत और रांची के बोड़ेया पंचायत के पूर्व मुखिया डॉक्टर जया भगत ने कहा कि मेरी माता सह पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. करमचंद भगत की धर्म पत्नी स्व. मालती भगत की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर चंद्रकांति खलखो, विशिष्ट अतिथि जरिया की मुखिया कुंवारी खलखो, डॉ विश्वनाथ उरांव, सचिव साक्षी उरांव, तेजस उरांव, ग्राम प्रधान पेरो उरांव, कृष्णा भगत, जयदेव भगत, दीपांशु भगत व सुमी भगत समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

नौवीं सद्भावना चैंपियन फुटबॉल ट्रॉफी शुरू

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। स्वर्णरेखा फुटबॉल क्लब सिकिदिरी द्वारा आयोजित 9वीं सद्भावना चैंपियन फुटबॉल ट्रॉफी 2022-23 का शुभारंभ बुधवार को किया गया। उदघाटन मैच अब्दुल रजाक मेमोरियल स्पोर्ट्स फाउंडेशन इरबा व फोर एस बड़ाम के बीच खेला गया। जिसमें फोर एस बड़ाम ने इरबा को 0-3 गोल से हराया। बड़ाम के विशाल गाड़ी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। फोर एस बड़ाम की टीम ने लगातार तीन गोल कर अपनी टीम को 0-3 से विजय दिलाया। मुख्य अतिथि के रूप में कांके पूर्वी जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पार्टी के युवा नेता अमाल खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उदघाटन किया। इस अवसर पर संजय कुमार महतो ने कहा कि इस मैदान से कई खिलाड़ी उच्च स्तर तक पहुंचे हैं। खिलाड़ी खेल को खेल भावना से खेलें। सफलता जरूर मिलेगी। मौके पर मुख्य संरक्षक कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, परियोजना प्रबंधक विनय अंगीरा, प्रकाश लकड़ा, रामानंद बेदिया, रिजवान अंसारी, अनिल कुमार महतो, प्रेमकिशोर महतो, योगेश महतो, जाकीर खान, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश यादव, शिवधर रजवार, श्यामसुंदर बेदिया, फारूक खान, रंथुवा मुंडा, बलराम साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवागढ़ में मनाया गया 101वां वार्षिकोत्सव

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। नवागढ़ पंचायत के राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवागढ़ का बुधवार को 101वां वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेंद्र शाही मुंडा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित हुआ है। यह विद्यालय आजादी से पूर्व 1921 में स्थापना की गई थी। विशिष्ट अतिथि अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव ने भी लोगों को संबोधित किया। ज्ञात हो कि इस विद्यालय का 101 वार्षिक दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय को उच्च विद्यालय की मान्यता देने का आश्वासन मिला। मौके उप प्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया भुनेश्वर बेदिया, पंसस फाल्गुनी शाही, बी.के झा, अरविंद गुप्ता, कामख्या नारायण शाही, उदय नारायण शाही, अलख निरंजन शाही, हरे कृष्ण चौधरी, दिनेश प्रसाद, शैलेश सिंह, संतोष बेदिया, जगदीश भोगता, प्रदीप महतो, रोहित शाही सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लि की वार्षिक आम सभा का आयोजन

चान्हो (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित पतरातु में बुधवार को दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लि 2021 22 के वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से झारखंड मिल्क फेडरेशन के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह उपस्थित रहे। इसमें झारखंड मिल्क फेडरेशन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के किसानों को डेयरी व्यवसाय से आर्थिक उन्नति के विषय के बारे में जानकारी दी गई । सहयोग समिति के अध्यक्ष भानु महतो ने झारखंड मिल्क फेडरेशन से प्राप्त लाभों की जानकारी दी तथा इसके आर्थिक उन्नयन के बारे में लोगों को बतलाया और इसका लाभ लेने को कहा। इससे पहले झारखंड मिल्क फेडरेशन के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर फेडरेशन के अधिकारी समेत ग्रामीण मौजूद थे।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(सहकारिता प्रभाग) झारखण्ड सरकार
कार्यालय, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉं, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 01/2022–23 सहपठित पीआर संख्या 285238 में निविदा आमंत्रण एवं निविदा खोलने की तिथि टंककीय भूल के कारण 06.01.2023 के स्थान पर दिनांक 28.12.2022 अंकित हो गया है।

अतः उक्त अल्पकालीन निविदा में दिनांक 28.12.2022 के स्थान पर दिनांक 06.01.2023 पढ़ा जाय।

शेष नियम शर्ते यथावत रहेगी।

संयुक्त निबंधक
सहयोग समितियॉं, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग

PR 285635 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (22-23)_D

दान दिये गये शव से देश को मिला करते हैं 15 से 20 काबिल डॉक्टर: डालमिया

धनबाद (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन धनबाद शाखा की ओर से बुधवार को देहदान जागरूकता के लिए 90-100 छात्र-छात्राओं एवं सदस्यों के साथ रैली निकाली गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा प्रमुख अरुणा भगानियाजी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया। शाखा अध्यक्ष संजू डालमिया ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान के विद्यार्थियों को काबिल डॉक्टर बनाने के लिए मृत देह की बहुत जरूरत होती है। एक शव से देश को 15-20 डॉक्टर मिल सकते हैं। लेकिन देश में देहदान के आंकड़े बहुत कम है इसका मेडिकल शिक्षा पर सीधा असर पड़ता है। क्योंकि जागरूकता के अभाव में लोग देहदान नहीं करते हैं इसलिए समिति द्वारा रैली के माध्यम से समाज के लोगों में सजगता लाने का प्रयास किया गया। रैली में इंटरनेशनल स्कूल ऑफ कॉम्पिटिशन, जोड़ा फाटक स्कूल के बच्चे एवं शिक्षिकाएं शामिल हुए।

अधूरे मकानों को 15 दिनों के भीतर पूरा नहीं करने वाले लाभुकों पर एफआइआर दर्ज कराने की चेतावनी

राशि लेकर पीएम आवास नहीं बनाने वाले लाभुकों पर होगी कानूनी कार्रवाई: बीडीओ

उक्त लाभुकों के खाता और राशन कार्ड किये गये जब्त
आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सिंगड़ा पंचायत के पांडेडीह व सिंगड़ा गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को मिले पीएम आवास का लाभ लेने के बाद मकान नहीं बनवा रहे लाभुकों के मकान निर्माण कार्य का निरीक्षण बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति ने किया। उन्होंने लाभुकों से बातचीत कर आवास निर्माण कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान राशि निकाशी करने के बाद अधूरे निर्माण कार्य व मकान निर्माण नहीं करने वाले लाभुकों को बीडीओ ने फटकार भी लगायी। उन सभी लाभुकों का खाता एवं राशन कार्ड को जब्त कर लिया गया और सभी को 15 दिन का समय दिया गया। अगर 15 दिन में आवास नहीं बनाने पर कानूनी कारवाई करने की हिदायत दी गई है।

पीएम आवास योजना के लाभुकों के कागजातों की जांच करते बीडीओ सुनील प्रजापति।

बीडीओ ने पुष्पा देवी, गौरी देवी, आनंद कुमार दास, कृष्णा रजक, अनिल रजक, सीमा देवी, सारु देवी, सोहन रजक, ब्राह्मदेव रजक, अरुण कुमार पाण्डेय सहित अन्य लाभुकों के आवास की जांच की और काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि प्रधानमंत्री आवास निर्धारित समय सीमा के तहत 15 दिन से पहले पूर्ण करें नहीं तो रुपए लेकर जो लाभुक समय पर आवास निर्माण पूरा नहीं करेंगे उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इस दौरान बीडीओ ने कई जगहों पर आवास निर्माण कार्य में शिथिलता देखकर संबंधित पंचायत सचिव लाभुक को फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। लाभुकों को बीडीओ ने आवास निर्माण के नाम पर बिचौलियों से सावधान रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी परेशानी हो तो सीधे संपर्क करें। परेशानी दूर की जाएगी। बीडीओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में गति लाने के लिए प्रखंड स्तर पर टीम गठित किया गया है। टीम द्वारा प्रत्येक दिन विभिन्न पंचायत का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि लक्ष्य के अनुरूप ससमय कार्य पूरा किया जा सके। मौके पर पंचायत सचिव मुखिया सूर्यकान्त महतो, सुरेश महतो सहित कई अन्य मौजूद थे।

बोकारो स्टील प्लांट हरदयाल बाबू की देन : उमाकांत रजक

चंदनकियारी में पूर्व विधायक हरदयाल शर्मा की जयंती समारोह का आयोजन
आजाद सिपाही संवाददाता

चंदनकियारी। ब्रह्मऋषि परिवार चंदनकियारी व हरदयाल बाबू विकास मंच की ओर से महान स्वतंत्रता सेनानी व चास चंदनक्यारी रघुनाथपुर पाड़ा के पहले विधायक दिवंगत हरदयाल शर्मा की 119वीं जयंती समारोह बुधवार को चंदनकियारी में आयोजित हुई। जिसमें शामिल पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि छात्र जीवन से ही उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका को देखते हुए कांग्रेस के प्राथमिक सदस्य बने और कांग्रेसी विचारधारा से चंदनकियारी एवं तत्कालीन पाड़ा क्षेत्र के लोगों को जोड़ते गए। 1940 के रामगढ़ के कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में उनको डेलीगेटशिप मिला और अधिवेशन में शामिल होने का मौका मिला। यहां कई राष्ट्रीय नेताओं से संपर्क में आने के बाद उनके राजनीतिक कौशल और क्षमता का विकास हुआ। 1952 में काशीपुर महाराज के निधन के बाद हुए उपचुनाव में हरदयाल बाबू चास चंदनकियारी रघुनाथपुर पाड़ा के विधायक निर्वाचित हुए। बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री बिहार केसरी डॉ श्रीकृष्ण सिंह ने हरदयाल बाबू को चंदनकियरी क्षेत्र को बिहार में रखने के लिए आंदोलन करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने अपने समकालीन पार्वती चरण महतो आदि नेताओं को संगठित कर चंदनकियरी क्षेत्र को हर हाल में बिहार के साथ रखने के लिए निर्णायक आंदोलन किया था। जिस कारण आज हम बिहार में है। हरदयाल बाबू के अथक प्रयास से ही सन 1961 में बीएसएल प्लांट का औपचारिक शुरूआत की गई थी। कई प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय की स्थापना कराई। उनका अंतिम राजनीतिक जीवन सन् 1967 में सिंदरी से विधानसभा चुनाव हारने के बाद चास में प्रमुख भी रहे। इस मौके पर ब्रह्मऋषि परिवार के अध्यक्ष संजय शर्मा, सचिव प्रयाग सिंह चौधरी,मृत्युंजय शर्मा, जलेश्वर दास,बिनोद गोराई, राम पद दास, फटिक चंद्र दास, गोपाल महतो, राजीव झा, नवल किशोर शर्मा, भूखली महथा, दुर्गा चरण महथा, चंद्रकांत सिंह, संजय सिंह, गयाराम शर्मा, विभीषण महथा आदि थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

नौ साल पुराने मामले में साक्ष्य के अभाव में पूर्व प्रखंड प्रमुख समेत 13 आरोपित बरी

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी डीके साहू ने पेटरवार प्रखंड के तत्कालीन प्रमुख मनोज कुमार गुप्ता सहित 13 अन्य अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में बुधवार को संदेह का लाभ देते हुए रिहा कर दिया। बतातें चलें कि 14 मई 2013 को तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक ने तत्कालीन प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार नायक, रतन सेठी, जीतलाल सोरेन, अखिलेश्वर ठाकुर, रोहित सिंह, ललिता सोरेन, मेहीलाल सोरेन, चरकी देवी, आरती देवी, सुमित्रा देवी मंगरी देवी, रीना देवी और मंजू देवी सभी तत्कालीन पंचायत समिति के सदस्यों के विरुद्ध पेटरवार थाने में कांड संख्या 69/13 धारा 342 , 353/34 भादवी के अंतर्गत मामला दर्ज कराया था। उनके विरुद्ध धारा 342 व 353 भादवी के अंतर्गत आरोप गठन किया गया। अभियोजन की ओर से चार गवाहों का बयान न्यायालय में दर्ज कराया गया। बीडीओ अजय कुमार रजक ने अभियुक्तों पर आरोप लगाया था कि मनोज गुप्ता के नेतृत्व में उपरोक्त सभी तत्कालीन पंचायत समिति के सदस्य प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किए थे। दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुए मनोज गुप्ता समेत सभी आरोपितों को रिहा कर दिया। गौरतलब हो कि इसी घटना को लेकर मनोज गुप्ता ने सांख्यिकी पदाधिकारी पेटरवार प्रखंड राजीव कुमार के विरुद्ध एक मुकदमा पेटरवार थाना कांड संख्या 70/13 दर्ज कराया था। दोनों मुकदमों की सुनवाई एक साथ की गई। मनोज गुप्ता की ओर से न्यायालय में हरिशंकर प्रसाद अधिवक्ता और राजीव कुमार की ओर से अधिवक्ता मदन गोपाल वर्मा ने बहस की।

तिसरा में अधेड़ की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, ओबी डंप के ऊपर से शव बरामद

झरिया (आजाद सिपाही)। तिसरा थाना क्षेत्र के साउथ गोलकडीह डिपू धौड़ा स्थित आउटसोर्सिंग ओबी डंप के उपर बुधवार को 50 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान चांदो भुइयां के रूप में हुई है। वह काली मंदिर के समीप रहता था। इसकी सूचना पाकर मृतक की पत्नी कुंती देवी, बड़ा बेटा बजरंगी भुइयां व आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। पुत्र बजरंगी भुईयां ने बताया कि मंगलवार शाम को उसके पिता चांदो भुइयां कोयला चुनने के लिए डीपो धौड़ा गए थे। आज सुबह स्थानीय लोगों से पता चला कि उसके पिता का शव देवप्रभा आउटसोसिंग ओबी डंप के ऊपर फेंका हुआ है। पिता के सिर व मुंह में गहरी चोट लगने से खून निकल रहा था। साथ ही पैर प्लास्टिक रस्सी से बंधा हुआ था। आशंका जताई गई की कोयला चुनने के दौरान आउटसोर्सिंग के किसी भारी वाहन से ठोकर लगने से मौत हुई है। शव के पास डोजर के चेन का निशान भी पाया गया। बजरंगी ने बताया कि चांदो भुइया 15 वर्ष पूर्व बीसीसीएल लोदना क्षेत्र में सेवारत थे, लेकिन अनुपस्थिति के कारण वे बर्खास्त हो गए थे। मृतक के दो बेटे व दो बेटियां है। कोयला चुनकर जीविका चला रहे थे। परिजनों ने मुआवजा की मांग को लेकर कुजामा आउटसोर्सिंग कैंप के नीचे छह नंबर साइडिंग जाने वाले कोयला ढुलाई को ठप कर दिया। इधर, सूचना पाकर सर्किल इंस्पेक्टर संजीव तिवारी, तिसरा थानेदार अभिजीत कुमार और एसआई सुनील कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजने पर परिजनों ने मुआवजा की मांग को लेकर रोक दिया। इधर, कांग्रेस नेता प्रीतम रवानी ने कहा कि चांदो भुइंया की मौत दुर्घटना में हुई है। बगल में देवप्रभा आउट सोसिंग परियोजना चल रही है। हाईवा से धक्का लगने से मौत हुई होगी। सच व साक्ष्य छिपाने के लिए शव को घसीट कर देवप्रभा आउटसोसिंग ओबी डंप के ऊपर फेंक दिया गया है।

बीएसएल के सिंटर प्लांट में की गयी नये फीडर्स की कमिशनिंग

बोकारो (आजाद सिपाही)। बीएसएल के सिंटर प्लांट के स्टॉक बिन्स में 33 नए फीडर्स की कमिशनिंग अधिशासी निदेशक(संकार्य) बीके तिवारी और अधिशासी निदेशक(परियोजनाएं) सीआर महापात्रा की उपस्थिति में अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार द्वारा बुधवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (पावर फैसिलिटी) अलक साधू, मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएं) अनिल कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) शरद गुप्ता आदि मौजूद थे।

राजद नेत्री के घर बमबाजी व गोलीबारी, दहशत

लोदना पुलिस ने घटनास्थल से बरामद किए जिंदा बम व खोखा
आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया/अलकडीहा। सिंदरी अनुमंडल क्षेत्र के लोदना ओपी अंतर्गत मधुबन कुजामा हरि मंदिर के समीप रहने वाली राजद महिला प्रकोष्ठ की पूर्व अध्यक्ष चंद्रावती मालाकार के घर मंगलवार कि देर रात तीन युवकों ने बमबाजी और गोलीबारी की। घटना के बाद राजद नेत्री चंद्रावती के हो हल्ला मचाने के बाद हमलावर बाइक से भागने के क्रम में जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। उधर, घटना कि सूचना पाकर लोदना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक जिंदा बम, बम के अवशेष और एक खोखा बरामद किया। उधर, घटना के बाद से चंद्रवती और उसके परिवार के लोग दहशत में हैं। वहीं, लोदना पुलिस ने चंद्रावती मालाकार की लिखित शिकायत पर नशरत खान और छोटू खान सहित एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

विवाद मामले में गवाही देने के बाद हुआ हमला

चंद्रावती ने बताया कि दो दिसंबर को उसके बेटे राहुल कुमार ने अपने दोस्त भागा लोदना मोड़ के राजू खान के साथ नशरत खान के झगड़ा मामले में गवाही दी थी। जिसके विरोध में नशरत खान, छोटु खान और उसके एक साथी मंगलवार कि देर रात उसके घर पर आए और जोर-जोर से दरवाजा पिटने लगे। भद्दी-भद्दी गालियां भी दी। इसी बीच दरवाजे के पास आकर गोली चला दी। बम भी फेंका जिसमें से एक में विस्फोट हुआ, जबकि दूसरा नहीं फटा।

उधर, चीखने-चिल्लाने पर नशरत खान अपने साथियों के साथ बाइक से भाग खड़ा हुआ। वहीं, घटना कि सूचना मिलने पर लोदना पुलिस मौके पर पहुंची और एक खोखा, एक बम और फोड़े गए बम के अवशेष जब्त कर जांच शुरू कर दी है। जोरापोखर सर्किल के इंस्पेक्टर संजीव कुमार तिवारी ने लोदना ओपी प्रभारी संदीप कुमार सिंह के साथ चंद्रावती मालाकार से घटना के संबंध में पूछताछ की। इंस्पेक्टर ने कहा कि घटना को लेकर मामला दर्ज कर जांच कि जा रही है आरोपियों पर जल्द कार्रवाई होगी।

बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

ग्रामीण एसपी ने संवाददाता सम्मेलन कर दी जानकारी
आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अपराधियों से पूछताछ के बाद झरिया व बैंकमोड़ क्षेत्र से चोरी की 11 बाइक भी बरामद की गई है। बैंक मोड़ थाना में बुधवार को ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन ने संवाददाता सम्मेलन कर पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पिछले दो महीने से धनबाद में बाइक चोरी की घटना में बढ़ोतरी देखी जा रही थी। जिसके रोकथाम के लिए एक टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा की गई छापामारी में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। अपराधियों जुटाई गई जानकारी पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 11 चोरी की बाइक बरामद की। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अभिषेक शर्मा (धनसार), शनि बालमिकी (बैंक मोड़) और झरिया निवासी दिग्गविजय प्रताप सिंह के रूप में हुई है। अभिषेक शर्मा और शनि बाल्मिकी का अपराधिक इतिहास रहा है। ग्रामीण एसपी ने यह भी बताया कि बैंक मोड़ थाना और झरिया थाना से बाइक चोरी हुई थी जिसमें चार बाइक की पहचान कर ली गई है। बाकि बचे बाइक की पहचान की प्रक्रिया चल रही है। इस मौके पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार और बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह मौजूद थे।

बाइक चोर गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी की जानकारी देती ग्रामीण एसपी।

500 केवी के कनेक्टिव ट्रांफार्मर के कीमती पाट्र्स चोरी

10 हजार लोगों पर पड़ेगा असर, एक माह तक बाधित रहेगी बिजली सेवा

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। जोड़ापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीसीसीएल लोदना एरिया के बरारी एक नंबर में स्थित 500 केवी का कनेक्टिव ट्रांफार्मर के पांच लाख रुपए के कीमती पाट्र्स मंगलवार की देर रात चोरी कर लिया गया। भूलन बरारी के परियोजना पदाधिकारी मंतोष कुंडू ने चोरी की शिकायत जोड़ापोखर थाने में दर्ज करायी है। उसमें कहा गया है कि ट्रांसफार्मर में लगाया गया, कॉपर तार और पीतल के अलावा बेयरिंग भी चोरों ने चोरी कर लिया है। बताया जाता है कि उक्त स्थल से ट्रांसफार्मर के पाट्र्स चोरी होने से बूटीबांध, एक नंबर बरारी के क्षेत्रों के 10 हजार लोग प्रभावित हो जायेंगें, जिसे एक माह तक बिजली नहीं मिल पायेगा। इसके अलावा स्थानीय पम्पू तालाब से पानी की सप्लाई की जाती हैं, जो बिजली नहीं रहने से सप्लाई बंद हो जायेगी। स्थानीय लोगों के मुताबिक चोर घटना को अंजाम देने के बाद बरारी कब्रिस्तान के निकट केबल में आग जलाकर कीमती सामान लेकर लोदना की ओर भाग गये। घटना देर रात दो बजे की है। उस समय बिजली कटी हुई थी।

लोदना एरिया में कीमती पाट्स चोरी होने के बाद क्षतिग्रस्त ट्रांस्फॉर्मर।

लोगों का कहना है की क्षेत्र में जोड़ापोखर पुलिस गस्ती नहीं करती हैं, जिस कारण चोरों का मनोबल बढ़ा है और घटना को अंजाम दिया है। लोदना एरिया के एस ओ दिनेश मीणा ने आश्वासन दिया है कि जल्द बिजली की आपूर्ति की जायेगी। मीणा ने बताया कि स्टोर में रखा गया एक ट्रांसफार्मर से फिलहाल कुछ समय के लिए बिजली बहाल कर दिया जायेगा। पर सुचारू रूप से बिजली बहाल करने में 15 से 20 दिन लगेगा।

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग), झारखण्ड, सरकार कार्यालय, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉं, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 02/2022–23 सहपठित पीआर संख्या 285240 में निविदा आमंत्रण एवं निविदा खोलने की तिथि टंककीय भूल के कारण 06.01.2023 के स्थान पर दिनांक 28-12-2022 अंकित हो गया है।

अतः उक्त अल्पकालीन निविदा में दिनांक 28-12-2022 के स्थान पर दिनांक 06-01-2023 पढ़ा जाय।

शेष नियम शर्ते यथावत रहेगी। संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियॉं, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग।

PR.NO.285637
Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23):D

JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER, NIT NO. JIIDCO/11/2022-23

Sealed tenders are invited, on percentage rate basis from the registered contractors in appropriate class in Building Construction Department or any Department of Government of Jharkhand and having the experience of similar nature of work for the work as given below:

Sl. No.	Name of work	Estimated cost (Rupees)	Amount E.M.D. (Rupees)	Cost of BOQ (Rupees) (Non refundable)	Time of completion of work
01	Renovation and Furnishing of Jharcraft Shwroom in Main Road, Ranchi.	40,94,522.00	82000.00	5000.00	02 Months

a. Tender documents can be purchased from the office of the M. D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi- 834001 on payment of requisite cost of documents in shape of D.D. in favour of JIIDCO, payable at Ranchi during working hours from 23.12.2022 To 28.12.2022.
b. Tender will be received on 29.12.2022 up to 3:00 P.M.
c. Tender will be opened on 29.12.2022 at 3:30 P.M. in presence of tenderer or his authorized representative.
Note: For any information/complaints the department Helpline No./Mobile No. 82922 34107 may be contacted.

Sd./-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

पत्रांक: 608 दिनांक: 21.12.2022

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 04/2022–23 (2nd Call)

PR No. 282793 (Rural Development)22-23*D

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेल कुद एवं युवा कार्य मद अन्तर्गत उपायुक्त, सिमडेगा के पत्रांक 360 (ii), खेल दिनांक 13.10.2022 के द्वारा प्रदत प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम में Water Sports Equipment Facility के लिय निम्न वर्णित समाग्रीयो की आपूर्ति की जानी है:–

Sl.no.	Particulars name	Tentative Unit Cost	निविदा शुल्क
1	Jetty	12000/sq.mtr	5000.00
2	FRP Motor Boat	10,50,000/unit	
3	Inflatabler Rescue Boat (25HP)	2,25,000/unit	
4	Life Jacket	2,500/unit	
5	Buoyancy Ring	2,500/unit	

उपरोक्त सामग्रीयो के आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/अधिकृत विक्रेता/निर्माता/ अधिकृत निबंधित आपूर्तिकर्ताओं से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा में वर्णित शर्तों के साथ अंकित की जायेगी। निविदा शुल्क रू० 5000.00 जो "कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा" के पदनाम से देय होगा को जमा कर निविदा अभिलेख प्राप्त किया जा सकता है:–

1. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 24.12.2022 से 30.12.2022 को 3:00 बजे अपराहन् तक।
2. निविदा जमा करने का तिथि एवं स्थान :– 04.01.2023 /कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा में 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 04.01.2023 समय 3:30 बजे अपराहन् में।
4. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
5. सम्पर्क न० :– 9431060939

निविदा से संबंधित अन्य शर्तें :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा के कार्यालय सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
सिमडेगा।

PR 285545 Rural Development(22-23)D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 22 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in

सीमा विवाद पर संजय राउत की चुनौती

चीन जैसे भारत में घुसा है वैसे हम कर्नाटक में घुसेंगे

एजेंसी

मुंबई। संजय राउत ने कहा कि हम कर्नाटक में उसी तरह से प्रवेश करेंगे जैसे चीन देश में प्रवेश कर गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है। कर्नाटक और महाराष्ट्र सीमा मुद्दे पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों राज्यों के बीच बढ़ते तनाव पर अब शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने एक ऐसा बयान दिया है जिससे सियासी बवाल होना तय है। दरअसल, राउत ने कहा कि हम कर्नाटक में उसी तरह से प्रवेश करेंगे जैसे चीन देश में प्रवेश कर गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि उन्हें इस मुद्दे पर किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है। संजय राउत ने आगे कहा कि हम इसे चर्चा के जरिये सुलझाना चाहते हैं लेकिन कर्नाटक के मुख्यमंत्री आग लगा रहे हैं। महाराष्ट्र में एक कमजोर सरकार है और इस पर कोई स्टैंड नहीं ले रही है।

शाह के आदेश का उल्लंघन कर रहे कलेक्टर: राउत

राउत ने कहा कि विपक्ष के नेता अजीत पवार ने पहले विधानसभा में सीमा विवाद का मुद्दा उठाया और कहा कि महाराष्ट्र के एक लोकसभा सदस्य को बेलगावी में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक में तय हुआ कि किसी को वहां जाने से नहीं रोका जायेगा, फिर वहां के कलेक्टर ऐसा फैसला कैसे ले सकते हैं।

एकनाथ शिंदे ने दिया था बयान

महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में बीते सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा मुद्दा बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि पहली बार, केंद्रीय गृह मंत्री ने अंतर्राज्यीय सीमा विवाद (महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच) में मध्यस्थता की है। इस मुद्दे पर अब राजनीति नहीं होनी चाहिए। हमें सीमावर्ती निवासियों के साथ एक साथ खड़ा होना चाहिए। बता दें कि महाराष्ट्र और कर्नाटक सीमा विवाद पर गृह मंत्री अमित शाह ने बैठक की थी। बैठक में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोंमई और कर्नाटक के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने हिस्सा लिया था।

क्या है दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद

महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच बेलगावी एवं कारवार के कुछ गांवों को लेकर सीमा विवाद है। कर्नाटक में आने वाले इन गांवों की आबादी मराठी भाषी है। महाराष्ट्र में लंबे समय से इन गांवों को राज्य में शामिल किये जाने की मांग की जा रही है। 1960 में महाराष्ट्र की स्थापना के बाद से यह विवाद सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

एमसीएल जागृति महिला मंडल ने किया कंबल और गद्दा वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

सबंलपुर। पड़ रही ठडंक और सर्दी के मौसम को देखते हुए जागृति महिला मंडल की सदस्याओं ने स्थानीय लोगों को कंबल वितरित की। जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह, उपाध्यक्ष सरिता पटेल एवं उपाध्यक्षा रश्मि बेहुरा के मार्ग दर्शन में मंगलवार को महानदी कोलफील्ड लिमिटेड के दोनों कॉलोनी जागृति विहार और आनंद विहार के सभी सफाई कर्मचारी, ड्राइवर, माली और घर के काम में सहायता करने वाली महिलाओं को कंबल वितरित किये गये।

गौरतलब हो कि पिछले दिनों जागृति महिला मंडल की सदस्याओं ने समर्पण परियोजना के तहत गद्दा वितरण किए गए। मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह के नेतृत्व में तथा रश्मि बेहुरा के मार्ग दर्शन से बुर्ला स्थित चइनी पड़ा में गद्दा वितरण की गई। यह कार्य एमसीएल के सीएसआर विभाग की मदद से संपन्न हो सका। इस सराहनीय कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल के सदस्याओं भी उपस्थित थे।

2024 के चुनावों के लिए बीजेपी की तैयारी: 204 कमजोर सीटों की पहचान की, इन्हें जीतने की 28-29 दिसंबर को रणनीति बनायेगी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर 204 कमजोर सीटों की पहचान की है। इन्हें कैसे जीता जाये इसे लेकर 28-29 दिसंबर को हैदराबाद में रणनीति तय होगी। बिहार में 21-22 दिसंबर को एक अन्य बैठक में राज्य की 40 लोकसभा सीटों की समीक्षा होगी। यहां 40 में 22 सीट सामाजिक और जातीय समीकरण के लिहाज से कमजोर श्रेणी की मानी जा रही हैं। इसके अलावा दक्षिण के राज्यों से 84 सीट कमजोर मानी गई हैं। सीटों की 4 श्रेणियां हैं-सर्वोत्तम, अच्छा, सुधार योग्य और अत्यंत खराब। डी श्रेणी की सीट वह है, जहां भाजपा की जीत की संभावना बहुत कम है, लेकिन इन सीटों पर नंबर दो की स्थिति बन सकती है। पार्टी कमजोर सीटों का जातीय और सामाजिक समीकरण तैयार कर रही है। इन क्षेत्रों में जो भी प्रभावी व्यक्ति होगा उसे पीएम मोदी और बीजेपी अध्यक्ष के साथ भाजपा के बैनर-पोस्टर पर जगह दी जायेगी। ऐसे लोगों का ग्रुप बना कर प्रधानमंत्री से सीधा ऑनलाइन संवाद कराया जायेगा। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी बीजेपी अब देशभर के हर हिस्से में अपनी जमीन बनाने में जुट गई है। बीजेपी अब देश के तमाम राज्यों, केंद्र-शासित प्रदेशों और उनके हर जिले में अपने खुद के ऑफिस बनाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए बीजेपी ने आठ लोगों की एक राष्ट्रीय स्तर की कमेटी बनायी है।

सहकारी बैंक ने ऋण वितरण शिविर का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सहकारी बैंक ने मंगलवार को ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालक पदाधिकरी मनोज कुमार थे। साथ में वरीय प्रबंधक रोहित रंजन, शाखा प्रबंधक फिरदौस इंदरी सहित बैंक के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैंक के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि बैंक के द्वारा इस शिविर के माध्यम से कुल 10000000 का ऋण वितरण किया जा रहा है। बैंक कम से कम सूद दर पर अपने ग्राहकों को ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक द्वारा ग्राहकों की ऋण लेने के लिए कई सुविधायें बहाल की गयी हैं। साथ ही बैंक के द्वारा जमाकर्ता को अधिक व्याज देने के लिए कई प्रकार को योजना लागू किये जाने की योजना है। इसके अतिरिक्त बैंक द्वारा ग्राहकों को तीन सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। जिसमें रेगुलर सेविंग अकाउंट, वूमेंन सेविंग अकाउंट, सिनियर सिटिजन अकाउंट, फेमिली सेविंग ग्रुप अकाउंट, बेसिक सेविंग बैक डिपाजिट अकाउंट, रेगुलर सैलरी अकाउंट, डिपाजिट लॉकर आदि शामिल हैं। शिविर के माध्यम से कुल 10000000 रुपये ऋण वितरण किये जाने का लक्ष्य है। बैंक ने मंगलवार तक 6192000 रुपये ऋण स्वीकृत कर दिया है। इस शिविर के माध्यम से विशेषकर महिला सशकिरण के लिए महिला ग्रुप को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। झारखंड राज्य सहकारी बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को सभी प्रकार कि बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है।

देश में वर्क फोर्स बढ़ रहा, लेकिन नौकरियां नहीं

दिसंबर में बेरोजगारी दर बढ़कर 8% से अधिक

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में वर्क फोर्स यानी काम करने वाले लोगों की गिनती बढ़ती जा रही है, लेकिन नौकरी के अवसर घटते जा रहे हैं। दिसंबर महीने में देश में बेरोजगारी दर अब तक सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गयी है। दिसंबर के पहले तीन हफ्तों में वर्क फोर्स के मुकाबले बेरोजगारी दर 8% से भी ज्यादा रही है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के डेटा के मुताबिक, 18 दिसंबर को खत्म हुए हफ्ते में शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर रिकॉर्ड 10.9% तक पहुंच गई। इसी अवधि में ग्रामीण बेरोजगारी दर 8.4% रही, जबकि नवंबर में यह दर 7.6% ही थी। पहले लॉकडाउन में बेरोजगारी दर 6% से 8% के बीच रही। सीएमआइइ के प्रमुख महेश व्यास के मुताबिक, 2020 में पहले लॉकडाउन के बाद से यह दर 6%-8% के आगे नहीं बढ़ी थी। एक हफ्ते का डेटा बताता है कि काम तलाशने वाले लोग तो बढ़े हैं, लेकिन नौकरियां नहीं बढ़ी हैं। व्यास के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में बढ़ती बेरोजगारी थोड़ी चिंताजनक है। इसे इस बात से सही नहीं ठहराया जा सकता है कि खेती में काम करने वाले मजदूर बदलते रहते हैं। पिछले तीन साल की तुलना में भारत में रबी की फसल की कटाई का मौसम अब तक बेहतर रहा है। इस साल रबी की करीब 91% फसल की कटाई हुई है, जबकि पिछले दो साल से यह आंकड़ा 88% के आसपास ही था।

मणिपुर में स्कूल बस पलटी, 15 छात्रों की मौत

कोहरे के कारण हुआ हादसा, राज्य में 10 जनवरी तक स्कूल बंद

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर के नोनी जिले में बुधवार को टूर पर जा रही एक स्कूल बस पलट गई। हादसे में कम से कम 15 छात्रों की मौत हो गई। कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ऐसे में मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बस थम्बलनू हायर सेकेंडरी स्कूल, यारिपोक की थीं। ये खौपूम की ओर टूर पर जा रही थी। 22 छात्रों को इम्फाल के मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे पर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने दुख जताया है। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर रउफ्क्र और मेडिकल टीम को भेजा गया है। राज्य सरकार के मुताबिक, हादसा सुबह के कोहरे/धुंध के कारण हुआ है। घटना के मद्देनजर सरकार ने 10 जनवरी 2023 तक सभी स्कूल बंद करने का फैसला लिया है।

बस में 36 छात्र और टीचर्स भी थे

बस में 36 छात्र और टीचर्स भी मौजूद थे। स्टडी टूर पर जाते वक्त बस ओल्ड कछार रोड पर फिसल गई। मृतकों में 5 छात्राएं हैं। घटना सुबह 11.30 बजे की है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में दो बसों के दुर्घटनाग्रस्त होने का दावा किया जा रहा है। बस थम्बलनू हायर सेकेंडरी स्कूल की थी, जो छात्रों को टूर पर ले जा रही थी।

बाइक सवार को स्कॉर्पियो ने मारी टक्करः कई फीट दूर गिरा, मौत

महाराष्ट्र के नासिक में पिछले शुक्रवार को स्कॉर्पियो ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने स्कॉर्पियो पर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश जारी है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**